संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार 08 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 156 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत-ब्रिटेन रणनीतिक साझेदारी में मुक्त व्यापार साझेदारी से आई उल्लेखनीय वृद्धि और आतंकवाद के मुद्दे पर ब्रिटेन के समर्थन की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में उल्लेखनीय प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान की वे सराहना करते हैं। हाल ही में संपन्न एफटीए द्वारा इसे और मजबूती मिली है। सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में ब्रिटेन के समर्थन की वे सराहना करते हैं। इससे पहले भारत आए ब्रिटेन के विदेश मंत्री लैमी ने दिन में अपने समकक्ष एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

## दिल्ली में पूरे जोश के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कुबार्नी की भावना का प्रतीक ईद-उल-अजहा का त्योहार राजधानी दिल्ली में पूरी अकीदत और ऐहतराम के साथ मनाया जा रहा है। सुबह ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज-ए-दोगाना अदा की गई और इसके बाद मुसलमान के जरिए जानवरों की कुबार्नी पेश कर पैगंबर हजरत इब्राहीम के जरिए अपने बेटे पैगंबर हजरत इस्माइल को अल्लाह की राह में कुर्बान करने की घटना की याद को ताज किया गया। दिल्ली की ऐतिहासिक शाहजहानी जामा मस्जिद में शाही इमाम शाबान बुखारी ने अपनी दस्तारबंदी के बाद पहली बार ईद अल-अजहा की नमाज अदा कराई। उनके पिता बड़े शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी के बीमार होने की वजह से उन्हें यह अवसर मिला। जामा मस्जिद में बड़ी तादाद में मुसलमानों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की और नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगा कर बधाइयां दी गई। इसी तरह शाही मस्जिद फतेहपुरी में इमाम डॉ. मुफ्ती मुकर्रम



अहमद ने ईद अल-अजहा की नमाज अदा कराई। इस मौके पर उन्होंने देश में सुख-समृद्धि, अमन व शांति के लिए अल्लाह से विशेष दुआएं कीं। रानी झांसी रोड स्थित ईदगाह में भी मुसलमानों ने नमाज अदा की। इसके अलावा पूरी दिल्ली भर की मस्जिदों मैं भी ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। त्योहार के मद्देनजर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जगह-जगह बच्चों के लिए झूले लगाए गए हैं, जहां नमाज के बाद बच्चे खूब मौज मस्ती करते हुए दिखाई दिए। गुब्बारे और खिलौने बेचने वालों के आसपास भी बच्चों की भीड़ दिखाई पड़ी। सुबह से ही मुसलमानों के जरिए जानवरों की कुबार्नी देने का सिलसिला जारी है और यह अगले दो दिनों तक जारी रहेगा। दिल्ली के नगर निगम और स्थानीय निगम पार्षदों की तरफ से कुबार्नी के जानवरों के अवशेष उठाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। गली मोहल्लों में गंदगी को साफ करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई का अभियान चलाया जा रहा है । इस सफाई अभियान में क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों के जरिए भी सहयोग किया जा रहा है।

# आपदाओं से निपटने को वैश्विक डिजिटल संग्रह पूरे विश्व के लिए लाभकारीः मोदी

- आपदा रोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन 25 छोटे द्वीपीय विकासशील देशों के साथ काम कर रहा है।
- पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ आतंकवाद और पीओके परः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आपदाओं से निपटने और विकास में लचीलेपन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आपदाओं से उबरने के लिए सीख और सर्वोत्तम तरीकों का एक वैश्विक डिजिटल संग्रह पूरे विश्व के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने ऐसे अवसंरचना के निर्माण का आह्वान किया, जो समय और ज्वार के विरुद्ध अडिग रहे। प्रधानमंत्री ने फ्रांस में आयोजित आपदा रोधी अवसंरचना पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीडीआरआई) 2025 को दूसरे और अंतिम दिन वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विश्व के लिए एक मजबूत और आपदा प्रतिरोधी भविष्य के निर्माण के लिए वैश्विक प्रयासों का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आपदाओं के प्रभावों को कम करने और विकास को सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक सहयोग और साझेदारी की आवश्यकता है। आपदा प्रतिरोधी भविष्य के निर्माण के लिए हमें आपदाओं के प्रभावों को कम करने और विकास को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना होगा। वैश्विक डिजिटल संग्रह आपदाओं से निपटने और विकास में लचीलेपन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने सम्मेलन की थीम 'तटीय क्षेत्रों के लिए लचीले भविष्य को आकार देना' का उल्लेख कर कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के कारण तटीय क्षेत्र और द्वीप बहुत जोखिम में हैं। मोदी ने हाल के दिनों में भारत और बांग्लादेश में चक्रवात रेमल, कैरिबियन में तूफान बेरिल, दक्षिण-पूर्व एशिया में टाइफून यागी, संयुक्त राज्य अमेरिका में तूफान हेलेन, फिलीपींस में तूफान उसागी और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में चक्रवात चिडो का उदाहरण दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी आपदाओं ने जान-माल को नुकसान पहुंचाया। प्रधानमंत्री ने भारत में 1999 के सुपर-साइक्लोन और 2004 की सुनामी सहित विनाशकारी आपदाओं के दर्द को याद करते हुए कहा कि भारत ने लचीलेपन को ध्यान में रखते हुए अनुकूलन और पुनर्निर्माण किया।



### प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री के आलेख को सोशल मीडिया पर किया साझा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एक लेख को साझा किया, जिसमें सीमापार आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति की पुष्टि की गई है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा है कि भारत पर किसी भी हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा और आतंकवादियों और उनके अपराधियों के बीच कोई अंतर नहीं किया जाएगा। रक्षा मंत्री के एक्स पोस्ट पर साझा किए गए लेख पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने एक्स पर लिखा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस की पुष्टि की है। भारत पर किसी भी हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा और आतंकवादियों और उनके अपराधियों के बीच कोई अंतर नहीं किया जाएगा।

### मोदी सरकार नक्सलवाद के दंश से भारत को मुक्त करने के लिए संकल्पितः शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में हाल के नक्सल विरोधी अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें इन अभियानों की सफलता के लिए बधाई दी। मोदी सरकार भारत को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने के लिए संकल्पित है।



केंद्रीय गृह मंत्री ने एक्स पर एक 'हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से भेंट कर इन ऑपरेशंस की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। इन अभियानों को अपनी बहादुरी से सफल बनाने वाले जवानों से भी मिलने के लिए उत्सुक हूं और जल्द ही छत्तीसगढ़ आकर उनसे भेंट करूंगा।

## चिनाब नदी पर रेल पुल इंजीनियरिंग का कमाल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित चिनाब नदी पर बना आर्क रेल पुल इंजीनियरिंग का कमाल है। यह भारत की उन्नत प्रौद्योगिकी, निर्माण क्षमता और आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक बन गया है। यह पुल विश्व के सबसे ऊँचे रेल पुलों में से एक है, जिसकी ऊँचाई प्रसिद्ध एफिल टॉवर और कुतुब मीनार से भी अधिक है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस ऐतिहासिक पुल का उद्घाटन किया गया। बलबीर राम रतन ने इस पुल की सराहना करते हुए इसे "देश की तकनीकी प्रगति और संकल्पशक्ति का प्रतीक" बताया।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बोधघाट सिंचाई और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजनाओं पर चर्चा की।

## हमारे युवा विकसित भारत के सारथीः धनखड़

- उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को सहज और आत्मीय वातावरण में संबोधित किया।

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के नौणी स्थित डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में "विकसित भारत युवा कृषि वैज्ञानिक दृष्टिकोण व संकल्प" विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों से प्रेरणादायक संवाद किया। उपराष्ट्रपति ने युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें विकसित भारत की दिशा में सबसे मजबूत 'सारथी' बताया और कहा कि उनके जोश, ज्ञान और समर्पण से ही देश आत्मनिर्भर और उन्नत बनेगा। संवाद की शुरूआत करते हुए उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को सहज और आत्मीय वातावरण में संबोधित किया।

उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी भी इस कार्यक्रम में आना चाहती थीं, लेकिन कुछ कारणों से नहीं आ सकीं। इस दौरान उन्होंने माँ शालिनी माता का आशीर्वाद लेकर कार्यक्रम में सम्मिलित होने की बात भी साझा की। अपने जीवन के अनुभवों से प्रेरणा देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे हमेशा सकारात्मक सोच रखें और समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश केवल प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक नहीं है, यह वीरों की भूमि भी है। यहां की शुद्धता, संस्कृति और जनभावनाएं देश के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता का उल्लेख करते हुए इसे राष्ट्र की सामूहिक चेतना और संकल्प का प्रतीक बताया।



## देश में कोरोना के एक्टिव मामले बढ़कर हुए 5,755, 24 घंटे में चार की मौत

**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। शनिवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 5,755 हो गई है।

मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान देश में कोरोना के 391 मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे अधिक कोरोना के मामले आए हैं। केरल में 24 घंटे में 127 मामले सामने आए हैं। यहां 1,806 सक्रिय मामले हैं। इसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली सबसे ज्यादा सक्रिय मामले हैं। बीते 24 घंटे में चार मरीजों की मौत हुई है। ये चार मौतें केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में हुई हैं। वहीं अब तक 5,484 लोग संक्रमित होने के बाद ठीक हो चुके हैं।

## केएससीए सचिव और कोषाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरू।** कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के सचिव ए. शंकर और कोषाध्यक्ष ई. जयराम ने अपने-अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के विजय समारोह के दौरान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पदों से इस्तीफा दिया है। इस भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी, जबकि कई लोग घायल हो गए थे।

एक संयुक्त बयान में शंकर और जयराम ने कहा कि पिछले दो दिनों में जो अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घटी हैं, और भले ही हमारी भूमिका बहुत सीमित थी, लेकिन नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए हम यह बताना चाहते हैं कि हमने बीती रात केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष पद से अपने इस्तीफे सौंप दिए हैं। इधर, भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार रात कब्बन पार्क पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## भारत-ब्रिटेन रणनीतिक साझेदारी को नई गति, विदेश मंत्रियों ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने शनिवार को दिल्ली में ब्रिटेन के अपने समकक्ष डेविड लैमी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं के बीच इस बैठक में आतंकवाद सहित द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। आतंकवाद पर दोनों देश साथ मिलकर काम करने को सहमत हैं और मानते हैं कि विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने से नए अवसर पैदा होंगे। विदेश मंत्री ने एक्स पर मुलाकात और बातचीत की जानकारी दी। विदेश मंत्री ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की ब्रिटेन द्वारा की गई कड़ी निंदा की सराहना की। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई में ब्रिटेन के समर्थन को महत्वपूर्ण बताया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद से निपटने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की गई।



- दोनों पक्षों ने आतंकवाद से निपटने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

खास तौर पर व्यापार, रक्षा, शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई।

दोनों नेताओं ने माना कि जैसे-जैसे सहयोग बढ़ता है, नए अवसर उभरते हैं। इस बातचीत में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

**लोकार्पण** — केंद्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री ने सीहोर में किया 113 करोड़ से अधिक के विकास और निर्माण कार्यों का लोकार्पण

## विकसित खेती और समृद्ध किसान ही हमारा संकल्पः शिवराज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि जल्द से जल्द एक विकसित भारत का निर्माण हो। विकसित भारत के निर्माण के लिए सरकार के साथ जनता की सहभागिता आवश्यक है। जनता के सहयोग के बिना विकसित भारत का निर्माण नही किया जा सकता।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान शनिवार को सीहोर में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण तथा भूमिपूजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए देश के प्रत्येक गांव को विकसित बनाना होगा, इसके लिए जनता को सरकार के साथ मिलकर कार्य करना होगा। प्रत्येक नागरिक को अपने गांव को विकसित बनाने का संकल्प लेना होगा। विकसित भारत के निर्माण के लिए हम सभी का यह दायित्व है कि हम जल एवं बिजली का संरक्षण करें। अपने गांव शहर को स्वच्छ और नशामुक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि विकसित खेती और समृद्ध किसान ही हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास है कि जनता के विकास, मान, सम्मान और स्वाभिमान में कभी कोई कमी न आए। सरकार का निरंतर यह प्रयास है कि कृषि के क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास किया जाए ताकि किसानों की आय बढ़ाई जा सके, अधिक से अधिक बहनों को लखपति दीदी बनाया जाए ताकि महिलाएं सशक्त बनें।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने प्रधानमंत्री मोदी के पत्र का वाचन करते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की 2018 की आवास प्लस सूची के तहत बचे हुए 7,85,356 मकानों के निर्माण की स्वीकृति दे दी है, जिनकी लागत राशि 9 हजार 424 करोड़ 03 लाख रुपये है। सभी पात्र हितग्राहियों को आवास मिल सके, इसके लिए प्रदेश में सर्वे किया जा रहा है और पात्रतानुसार हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।



**विकसित भारत**

- विकसित भारत के निर्माण के लिए हम सभी का यह दायित्व है कि हम जल एवं बिजली का संरक्षण करें।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पांच और नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ लगातार तीसरे दिन भी जारी है। नक्सल विरोधी अभियान में जुटे सुरक्षाबलों ने शनिवार को पांच और नक्सलियों को ढेर कर दिया गया, उनके शव की बरमदगी के साथ ऑटोमैटिक हथियार और गोला बारूद भी बरामद किए गए हैं। आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर जिले के नेशनल पार्क के जंगल में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान अब तक 5, 6 और 7 जून को हुई विभिन्न मुठभेड़ों के बाद कुल सात नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं।

## राहुल गांधी का चुनाव आयोग को चैलेंजे



**नई दिल्ली।** राहुल ने महाराष्ट्र के नवंबर 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में मैच फिक्सिंग जैसी धांधली का आरोप लगाया। राहुल के इस आरोप के बाद देश में राजनीति तेज हो गई है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के दावों को चुनाव आयोग ने बेतुका बताया है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के दावों को खंडन करते हुए कहा कि किसी के द्वारा फैलाई जा रही कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर है बल्कि अपने स्वयं के राजनीतिक दल के नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों को भी बदनाम करती है। इसके बाद शनिवार को एक बार फिर से राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया और कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था हैं। आयोग द्वारा बिना हस्ताक्षर के टाल-मटोल करने वाले नोट जारी करना गंभीर सवालों का जवाब देने का तरीका नहीं है।

### राहुल ने लगाए चुनाव में धांधली के आरोप

राहुल गांधी ने शनिवार को एक्स पर साझा करते हुए बिहार में इसे दोहराए जाने की आशंका जताई। राहुल ने कहा चुनाव में धांधली भी मैच फिक्सिंग जैसी होती है-जो पक्ष धोखाधड़ी करता है, वो भले ही जीत जाए, लेकिन इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं और जनता का नतीजों से भरोसा उठ जाता है।हर जिम्मेदार नागरिक को सबूतों को खुद देखना चाहिए।

**जानिए क्या बोले राहुल गांधी ?:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए राहुल ने लिखा कि आप एक संवैधानिक संस्था हैं। मध्यस्थों को बिना हस्ताक्षर के, टाल-मटोल करने वाले नोट जारी करना गंभीर सवालों का जवाब देने का तरीका नहीं है।

# ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की ओर से लगाई गई ठंडे मीठे पानी की छबील

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** धर्मनगरी में शनिवार को ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की ओर से रेलवे रोड स्थित पंजाब फामेर्सी पर ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें राहगीरों ने ठंडा शर्बत पीकर भीषण गर्मी से निजात पाई। पत्रकार एकता संघ के सदस्य व पदाधिकारी आते-जाते लोगों को शरबत पिलाते नजर आए। जिला प्रधान सुरेन्द्र कुमार कौशिक के अनुसार निर्जला एकादशी सनातन धर्म में महत्वपूर्ण एकादशी है जो भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित है। सभी पत्रकारों ने पूरा दिन आने जाने वाले राहगीरों के लिए उत्साह एवं सेवाभाव से शरबत वितरित किया। ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ पहले भी कई सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देता रहा है। कुछ दिन पहले ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ ने जाट धर्मशाला में जाट सभा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में अपना योगदान दिया था, शुक्रवार को कुरुक्षेत्र प्रशासन के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया था इसमें भी ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया था। ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के प्रदेश मुख्य संरक्षक दलबीर मालिक ने कहा कि हमारा संघठन समय समय पर इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देता रहा है और आगे भी इसी तरह से देता रहेगा।
फिर चाहे वह पत्रकारिता का क्षेत्र हो या सामाजिक क्षेत्र हमारा संघठन समाज हित में अपना कार्य जारी रखेगा। इस अवसर पर ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष देस राज भटनागर, मुख्य संरक्षक दलबीर मालिक, संरक्षक सुशील शर्मा, प्रदेश मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया, जिला प्रधान सुरेन्द्र कौशिक, जिला उप प्रधान संजीव गोयल, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार कौशिक, जिला सचिव अजय शर्मा, गुरदीप सिंह, अमित गर्ग के साथ साथ समाजसेवी रोहित, गगन, भूषण कुमार, राजेश शर्मा, दर्शन चुघ, विकास जिंदल, गगन कोहली, अतुल जुनेजा अमित अरोड़ा, शुभम बंसल, राजेंद्र धीमान, सुशील कुमार, जतिन्द्र अग्रवाल व कुलवंत राय आदि ने जल सेवा में भाग लिया।



# हांसी ट्रैफिक पुलिस ने बस स्टैंड से तोशाम रोड़ तक हटाई नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियां, सड़क को किया फ्री फ्लो

**हांसी (दिनकर गावड़ी):** पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के कुशल नेतृत्व मे कार्य करते हुए प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ व ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बस स्टैण्ड हांसी से तोशाम चौक हांसी तक नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को हटाकर सड़क को फ्री करवाया। हांसी ट्रैफिक पुलिस ने आज बस स्टैंड से लेकर तोशाम चौक तक सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पूरा क्षेत्र खाली करवाया। यह अभियान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और सड़क जाम की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से चलाया गया। उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बताया कि इस रूट पर नो पार्किंग क्षेत्र होने के बावजूद लगातार दोपहिया व चारपहिया वाहन सड़कों के किनारे खड़े किए जा रहे थे।

## नाबालिग लड़की का अपहरण करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अपहरण करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित टीकाराम उर्फ टिंकू निवासी सीतापुर उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 31 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि एक दिन पहले उसकी बेटी घर से संदिग्ध हालत में लापता हो गई। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **छोटू उर्फ रवि पुत्र राधे श्याम , निवासः माकन नं. 96, गली नं. 45, एच–ब्लॉक, जयबीर नान के पास, निहाल विहार, दिल्ली, और आर.जेड–61, एच ब्लॉक, गली नंबर. 4, निहाल विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 99/23 U/S 380/457/411/34 IPC** थाना निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **छोटू उर्फ रवि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **छोटू उर्फ रवि** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 99/23 U/S 380/457/411/34 IPC, थाना निहाल विहार, दिल्ली,**के उक्त अभियुक्त **छोटू उर्फ रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी – 03
पश्चिम जिला, कोर्ट नं. 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7308/OD/2025 (Court Matter)


# शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निरंतर करना होगा स्वच्छता पर फोकसः नेहा सिंह

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों को निरंतर अपने प्रयास जारी रखने होंगे। इस शहर को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर स्वच्छता पर पूरा ध्यान देना होगा। इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए आम नागरिक के सहयोग की भी निहायत जरूरत होगी।
उपायुक्त नेहा सिंह ने कुरुक्षेत्र जिले के सभी शहरों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए एसडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2205 को लेकर थानेसर शहर को नीट एंड क्लीन बनाने के प्रयास लगातार किए जा रहे है। अब यह स्वच्छता महा अभियान धीरे-धीरे जन आंदोलन का स्वरूप धारण कर रहा है। इसके लिए शहर के प्रत्येक नागरिक को अपना योगदान जरूर देना होगा। सभी के सांझे प्रयासों से ही स्वच्छता महाअभियान को सफल और यादगार बनाया जा सकेगा।
उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से थानेसर को स्वच्छ बनाने के लिए सराहनीय प्रयास किए गए और पूरे शहर में स्वच्छता अभियान का असर देखने को मिला। इसके लिए नगर परिषद थानेसर के अधिकारी, कर्मचारी और पूरी टीम बधाई के पात्र है। इस टीम ने पूरी मेहनत और मुश्कत के साथ शहर के सभी डंपिंग स्थलों को समाप्त करने का काम किया।
उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य में भी पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाना है। थानेसर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इस स्वच्छता अभियान के तहत शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं और एनजीओ भी पूरा सहयोग कर रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि घरों व दुकानों के कचरे को किसी भी डंपिंग स्थल या सड़कों के किनारे ना फेंके अपितु डोर टू डोर आने वाले टिप्परों में ही कचरे को डाले।



## 8 जून को मित्तल फामेर्सी द्वारा लगाया जायेगा निःशुल्क हैल्थ चैक अप कैम्प

**कुरुक्षेत्र :** मित्तल फामेर्सी द्वारा पारस हॉस्पिटल पंचकुला के सहयोग से 8जून को मित्तल फामेर्सी, आजाद नगर कुरुक्षेत्र मे निशुल्क हैल्थ चैक अप कैम्प लगाया जायेगा यह जानकारी देते हुए उमेश गर्ग ने बताया कि कैम्प में हृदय, जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग आदि की निशुल्क जाँच की जाएगी व परामर्श दिया जायेगा।


## उत्तर रेलवे

### खुली ई–निविदा सूचना

पत्र संख्या 128-डब्ल्यू/260/निविदा सूचना/NIT 39, 40 & 41/25-26/डब्लू-4 दिनांक: 06.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | 1. मंडल इंजीनियर– चतुर्थ नई दिल्ली के आधीन सहायक मंडल अभियंता जाखल के सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर वाटर बूथ, जंग लगी पाइप लाइन, टॉयलेट ब्लॉक की मरम्मत हेतु कार्य (निविदा संख्या 39-25-26-W-IV)<br>2. मंडल इंजीनियर– चतुर्थ नई दिल्ली के आधीन सहायक मंडल अभियंता जींद के सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर वाटर बूथ, जंग लगी पाइप लाइन, टॉयलेट ब्लॉक की मरम्मत हेतु कार्य (निविदा संख्या 40-25-26-W-IV)<br>3. मंडल इंजीनियर– चतुर्थ नई दिल्ली के आधीन सहायक मंडल अभियंता रोहतक के सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर वाटर बूथ, जंग लगी पाइप लाइन, टॉयलेट ब्लॉक की मरम्मत हेतु कार्य (निविदा संख्या 41-25-26-W-IV) |
| 2 | अनुमानित लागत | (1) Rs. 7488037.92 (2) Rs. 7499481.96 (3) Rs. 7499972.56 |
| 3 | धरोहर राशि | (1) Rs. 149800.00 (2) Rs. 150000.00 (3) Rs. 150000.00 |
| 4 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 17.06.2025 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 01.07.2025 को 15:00 बजे। |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

1684/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोशन कुमार पुत्र राधे श्याम पताः 2094/5ए, गली नं.16, प्रेम नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 546/2021 दिनांकः 06.09.2021 धारा 392/397/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः मोती नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोशन कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोशन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 546/2021 दिनांक 06.09.2021 धारा 392/397/411/34 भा.द.स. के तहत थानाः मोती नगर, दिल्ली के उक्त रोशन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुकृति सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
(पश्चिम) कमरा नं.268,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6628/WD/2025


## अटल सेवा केंद्र पर लूट करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत, (कमाल हुसैन):** घूप सिंह नगर में 5 जून की शाम अटल सेवा केंद्र पर नगदी लूट की वारदात को अजाम देने वाले दो आरोपियों को सीआईए थ्री पुलिस टीम ने शुक्रवार देर शाम को राज नगर में रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया। वारदात के अतिरिक्त विद्यानंद कॉलोनी में एक दूकानदार के साथ 3 हजार रूपए की ठगी की वारदाता का खुलासा हुआ। आरोपियों की पहचान बड़ौली निवासी मनीष व बिंझौल निवासी विकास के रूप में हुई है। उनकी टीम को शुक्रवार शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध किस्म के दो युवक राज नगर में रेलवे लाइन के पास किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे है।

# सीआईए सिरसा पुलिस ने 500 ग्राम अफीम सहित कार सवार दो युवकों को किया काबू

टीम एक्शन इंडिया
सिरसा/(रणबीर खटक):

पुलिस अधीक्षक डॉ.मयंक गुप्ता के निदेर्शानुसार जिला भर में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान जईया कोल्ड स्टोर सिरसा के नजदीक से कार सवार दो युवकों के कब्जा से करीब एक लाख रुपए की 500 ग्राम अफीम बरामद की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान जेजे कॉलोनी सिरसा से होते हुए चतरगढ़ पट्टी फाटक सिरसा की तरफ आ रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब जईया कोल्ड स्टोर के नजदीक पंहुची तो सामने से सफेद रंग की एक कार आती दिखाई दी। उक्त कार में सवार युवकों ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक कार को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे तो कार अचानक बंद हो गई।




## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-एन-2025-96 दिनांकः 06.06.2025

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम :** झाँसी डिवीज़न :- प्रोवीजन / डेवलपमेंट ऑफ़ सिर्कुलेटिंग एरिया ऑफ़ सेकंड एंट्री एट डबरा स्टेशन।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत (रू): ₹ 7548309.70 | अमानत राशि (रू): ₹ 151000.00 |

**निविदा बन्द होने की तिथि: 30.06.2025 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 08 माह

- निविदा **दिनांक** 30.06.2025 को 15.00 **बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

989/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जितेन्द्र कुमार वर्मा पुत्रः** माम चन्द सिंह **निवासीः** फ्लैट नं. 276, पॉकेट-7, सैक्टर-23, रोहिणी, दिल्ली ने **FIR.No. 394/13 U/s 420/448/467/468/471 IPC. थानाः मोर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जितेन्द्र कुमार वर्मा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जितेन्द्र कुमार वर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR.No. 394/13 U/s 420/448/467/468/471 IPC. थानाः मोर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जितेन्द्र कुमार वर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपक वत्स
एसीजेएम, कोर्ट नं. 101, (NW)
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6783/NW/2025
(Court Matter)


# सीएम के नवनियुक्त मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने जताया मुख्यमंत्री सैनी का आभार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** सीएम के नवनियुक्त मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कबीर कुटीर चंडीगढ़ आवास पहुंचकर आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नवनियुक्त मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं युवा पत्रकार तुषार सैनी को मुख्यमंत्री नायब सैनी का मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाए जाने के फैसले से कुरुक्षेत्र के पत्रकार संगठनों और मीडिया प्रतिनिधियों में भी भारी उत्साह है। लोग तुषार सैनी को सोशल मीडिया पर बधाइयां दे रहे हैं। मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने कहा कि वे मुख्यमंत्री नायब सैनी और सरकार द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में काम करने का अवसर मिलने पर गर्व महसूस कर रहा हूं। सरकार की विकास कार्य नीतियों को आगे बढ़ते हुए प्रदेश के विकास में सहयोग करूंगा।




# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली के झाड़ौदा कलां में स्टेडियम निर्माण का शिलान्यास

सचदेवा व सांसद कमलजीत सहरावत ने किया शिलान्यास

**विकास पर बल**

- ग्रामोदय योजना से विकास कार्य शुरू, 102 गलियों का भी निर्माण किया जाएगा
- गांवों का विकास होने पर ही बनेगी विकसित दिल्ली:






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व पश्चिमी दिल्ली की सांसद की मौजूदगी में झाड़ौदा कलां गांव में स्टेडियम व विकास से जुड़े अन्य कार्यों का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निगम पार्षद अमित खरखड़ी ने की। विकास से जुड़े यह कार्य ग्रामोदय योजना के तहत कराए जा रहे हैं। 14 करोड़ की लागत से दो बैडमिंटन कोर्ट,एक बास्केटबॉल कोर्ट और गांव की 102 गलियों का विकास किया जाएगा।

**गांवों का विकास होने पर ही बनेगी विकसित दिल्ली: सचदेवा**
वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि विकसित दिल्ली का सपना तब तक पूरा नहीं हो सकता है, जब तक दिल्ली के गांव विकसित नहीं होंगे। झाड़ौदा गांव में विकास कार्यों की शुरूआत इसी दिशा में उठाया गया कदम है। हम सभी दिल्ली की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाएंगे, यह हम सभी का संकल्प है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता हरसंभव तरीके से दिल्ली की सेवा में लगे हुए हैं। हमारे पास एक बेहतरीन मौका है कि हम दिल्लीवासियों को वह सब दें जिनके वे हकदार हैं।

**आप सरकार में ग्रामोदय का फंड बेकार पड़ा रहा: सहरावत**
सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि केजरीवाल सरकार के समय ग्रामोदय फंड वर्षों तक निष्क्रिय पड़ा रहा। अब उपराज्यपाल द्वारा ग्रामोदय योजना के तहत यह फंड स्थानांतरित किया गया है, जिससे अब न केवल स्टेडियम का निर्माण होगा, बल्कि गांव के समग्र विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

**केजरीवाल सरकार ने दिल्ली देहात की अनदेखी की: खड़खड़ी**
स्थानीय पार्षद अमित खरखड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले एक दशक से केजरीवाल सरकार ने दिल्ली देहात की अनदेखी की व हमारा हक हमें नहीं दिया।
प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और सांसद कमलजीत सहरावत ने उपराज्यपाल के माध्यम से ग्रामोदय योजना के तहत ये फंड दिलवाया, जिससे हम विकास कार्य कर पा रहे हैं। नजफगढ़ वार्ड में लगभग 25 करोड़ के विकास कार्यों की शुरूआत हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री ने 'सुगम्य दिल्ली अभियान' को लेकर की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली सचिवालय में 'स्पेशल ओलंपिक्स भारत' की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा के साथ 'सुगम्य दिल्ली अभियान' को लेकर एक समीक्षा बैठक की। बैठक में अभियान की रूपरेखा और प्रेजेंटेशन पर विस्तार से चर्चा हुई। सीएमओ दिल्ली एक्स अकाउंट पर यह जानकारी साझा की गई है। डॉ. मल्लिका नड्डा ने बैठक के दौरान यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता की श्रेणियों को 7 से बढ़ाकर 21 करने के बारे में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



मुख्यमंत्री ने उनके सुझावों का स्वागत किया और कहा कि सरकार इस दिशा में हर जरूरी कदम उठाएगी। बैठक में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सरकार ने सुगम्य दिल्ली अभियान के तहत व्यवसाय, सामाजिक संगठनों और नागरिकों द्वारा समर्थित एक जन नेतृत्व वाले आंदोलन के रूप में शुरू किया है। सुगम्य दिल्ली अभियान के तहत सभी से इस अभियान में शामिल होने और दिल्ली को सभी के लिए वास्तव में सुलभ और समावेशी राजधानी बनाने में मदद करने की अपील की है।

**बैठक**

- दिल्ली को सभी के लिए वास्तव में सुलभ और समावेशी राजधानी बनाने में मदद करने की अपील की है।

## आईआईटी दिल्ली ने शुरू किया बीटेक इन

**नई दिल्ली:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली शैक्षणिक सत्र 2025-26 से एक नया चार वर्षीय स्नातक कोर्स बीटेक इन डिजाइन शुरू करने जा रहा है। इस कोर्स को खासतौर पर उन सहानुभूतिपूर्ण और रचनात्मक छात्रों के लिए तैयार किया गया है, जो सामाजिक व तकनीकी से जुड़ी समस्याओं को समझकर उनके समाधान खोजना चाहते हैं। जेईई एडवांस्ड रैंकिंग के आधार पर होगा दाखिला, यूसीईईडी भी जरूरी इस नए कोर्स में दाखिला जेईई एडवांस्ड रैंकिंग के आधार पर होगा, लेकिन इसके साथ ही उम्मीदवारों को यूसीईईडी (अंडरग्रेजुएट कामन एंट्रेंस एग्जामिनेशन इन डिजाइन) को भी उत्तीर्ण करना होगा। आईआईटी दिल्ली के डिपार्टमेंट ऑफ डिजाइन की ओर से संचालित यह कोर्स तकनीक और डिजाइन की ताकत

# भाजपा सरकार आने के बाद मेट्रो के कामों ने पकड़ी रफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो ने फेज-4 के तहत मां आनंदमाई मार्ग मेट्रो स्टेशन से तुगलकाबाद रेलवे कॉलोनी मेट्रो स्टेशन तक 792 मीटर भूमिगत सुरंग बनाने का काम पूरा कर लिया। परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह शनिवार को तुगलकाबाद-एयरपोर्ट गोल्डन लाइन के ब्रेक-थ्रू कार्यक्रम में रेलवे कॉलोनी स्टेशन स्थल पर टनल बोरिंग मशीन की सफलता पर वहां मौजूद रहे। मंत्री पंकज कुमार सिंह ने इस मौके पर पत्रकारों से कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार आने के लिए बाद मेट्रो के कामों में तेजी आई है। पिछली सरकार की कमियों की वजह से मेट्रो की योजनाओं में जो देरी हुई थी, उसने अब रफ्तार पकड़ ली है। यह उपलब्धि दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के इंजीनियरों और तकनीशियनों की अथक मेहनत व श्रेष्ठ इंजीनियरिंग



कौशल का प्रमाण है। उन्होंने इसे दिल्ली के नागरिकों को बेहतर, सुगम और सुरक्षित परिवहन सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। उन्होंने इस सराहनीय कार्य में योगदान देने वाले सभी इंजीनियरों, तकनीशियनों और श्रमिकों को दिल से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंत्री सिंह ने खुद साइट का दौरा किया और पूरी प्रक्रिया को समझा। इस मौके पर डीएआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा इंजीनियर भी उपस्थित रहे। मंत्री ने साइट पर चल रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम ब्रेकथ्रू की प्रक्रिया की औपचारिक शुरूआत की। टनल बोरिंग मशीन ने कुल 792 मीटर लंबी सुरंग की खुदाई पूरी की। यह 96 मीटर लंबी मशीन दो समानांतर सुरंगों में से एक की खुदाई कर रही थी। इनमें समानांतर दिशा में मेट्रो ट्रेनों की आवाजाही होगी। दूसरी सुरंग में जुलाई 2025 तक ब्रेकथ्रू होने की उम्मीद है। यह सुरंग लगभग 18 मीटर की गहराई पर बनाई गई है, जिसका अंदरूनी व्यास 5.8 मीटर है। टनलिंग के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया गया। आसपास की इमारतों पर संवेदनशील उपकरण लगाए गए ताकि जमीन की हरकत पर निगरानी रखी जा सके। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान कोई नुकसान या धंसाव नहीं हुआ।

**सुरंग तैयार**

- मां आनंदमाई मार्ग मेट्रो स्टेशन से तुगलकाबाद रेलवे कॉलोनी मेट्रो स्टेशन की सुरंग तैयार


# राष्ट्रीय रेल संग्रहालय में ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय रेल संग्रहालय में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का शनिवार को समापन हुआ। इस 14 दिवसीय शिविर में 5 से 16 वर्ष की आयु के लगभग 86 बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर रेलवे बोर्ड की कार्यकारी निदेशक (विरासत) आशिमा मेहरोत्रा ने शिरकत की। इस अवसर पर राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के निदेशक दिनेश कुमार गोयल भी उपस्थित थे। शिविर का उद्देश्य बच्चों को कला, शिल्प, नृत्य, नाटक, मिट्टी के बर्तन, लोक चित्रकला, बागवानी और आत्मरक्षा जैसे विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करना था।

# दो नाबालिग वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 11 बाइकें बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** संगम विहार थाना पुलिस ने दो नाबालिग वाहन चोरों को राजस्थान से पकड़ा है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर उनके गांव राजाखेड़ा, राजस्थान से चोरी की 11 बाइक बरामद की हैं। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी अंकित चौहान ने बताया कि पांच मई को संगम विहार थाना क्षेत्र से चोरी हुई एक बाइक सहित वाहन चोरी के अन्य मामले को सुलझाने के लिए पुलिस की टीम जांच कर रही थी। पुलिस ने राजस्थान के राजाखेड़ा में छापेमारी कर पकड़ा पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। कई स्थानों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच करने पर पुलिस ने पांच व्यक्तियों को



वाहन चुराते हुए चिह्नित किया। इस दौरान पुलिस को एक सुराग मिला और दो आरोपितों की पहचान की गई, जोकि धौलपुर, राजस्थान के राजाखेड़ा के रहने वाले हैं। पुलिस ने राजाखेड़ा में छापेमारी कर दोनों को पकड़ लिया।

**नाबालिग चोरों के साथियों की तलाश कर रही पुलिस**
उनकी निशानदेही पर पुलिस ने उनके गांव से चोरी की 11 बाइक बरामद की, जोकि उन्होंने संगम विहार, साकेत, सरिता विहार और सनलाइट कालोनी के क्षेत्रों से चोरी की थी। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वह और उनके साथी बाइक चोरी कर राजस्थान ले जाते थे, जिसे आगे बेच दिया जाता या उनके पुर्जे अलग-अलग कर बेच दिए जाते थे। पुलिस उनके साथियों और चोरी के वाहन खरीदने वालों की तलाश कर रही है।

**काबू**

- पुलिस आरोपितों के साथियों की तलाश कर रही है
- चोरी के वाहन खरीदने वालों को भी खोजा रहा है
- संगम विहार पुलिस ने राजस्थान के राजाखेड़ा से पकड़ा

# चिड़ियाघर के निजीकरण को लेकर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के चिड़ियाघर के निजीकरण को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार पर आरोप लगाए हैं जिसे केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने खारिज कर दिया है। भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को एक्स पोस्ट पर कहा कि कुछ लोगों ने हर मौके पर लोगों के मन में संदेह पैदा करने की आदत बना ली है। प्राणी उद्यान संरक्षण प्रयासों, वैज्ञानिक अनुसंधान, शिक्षा और क्षमता निर्माण, संसाधन साझाकरण और पशु कल्याण आदि को बढ़ाने के लिए अन्य चिड़ियाघरों, विश्वविद्यालयों और वैज्ञानिक संस्थानों के साथ सहयोगात्मक समझौता किया गया है। प्रस्तावित समझौता ज्ञापन का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण, बचाव, पुनर्वास, पशु स्वास्थ्य एवं कल्याण में सहयोग को बढ़ावा देना है। इस काम में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण भी सहयोग करता है।
भूपेन्द्र यादव ने कहा कि राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (एनजेडपी) ने जनवरी 2021 में ग्रीन्स जूलॉजिकल एंड रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर (जीजेडआरआरसी), जामनगर (गुजरात) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन जानवरों के आदान-प्रदान, पशुपालकों की क्षमता निर्माण, जानवरों के वैज्ञानिक प्रबंधन पर तकनीकी आदान-प्रदान और संरक्षण प्रजनन और शिक्षा पर ज्ञान साझा करने पर केंद्रित है। जीजेडआरआरसी ने पशु स्वास्थ्य और कल्याण, विश्व स्तरीय चिड़ियाघर डिजाइनिंग, जंगली जानवरों के बचाव और पुनर्वास और आवास संवर्धन आदि में अत्याधुनिक सुविधाओं और सेवाओं का विकास किया है। जीजेडआरआरसी ने पशु स्वास्थ्य एवं कल्याण, विश्व स्तरीय चिड़ियाघर डिजाइनिंग, जंगली जानवरों के बचाव एवं पुनर्वास तथा आवास संवर्धन आदि में अत्याधुनिक सुविधाएं एवं सेवाएं विकसित की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्राणी उद्यान 60 वर्ष पुराना संस्थान है, जिसने कई लुप्तप्राय प्रजातियों के प्रजनन एवं देखभाल में पर्याप्त विशेषज्ञता हासिल की है तथा अब इसका लक्ष्य कैद में पशु कल्याण की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर अपनी सुविधाओं एवं सेवाओं का आधुनिकीकरण करना है, साथ ही विश्व स्तरीय चिड़ियाघर के समान आगंतुकों के अनुभव को बढ़ाना है।



**खारिज**

- जयराम रमेश ने सरकार पर आरोप लगाए हैं जिसे केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने खारिज कर दिया

# तीन हजार की रिश्वत लेने पर कोर्ट ने पाया दोषी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एएसआइ यतेन्द्र कुमार को रिश्वत लेने के मामले में चार साल की जेल की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश दीपाली शर्मा ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।
उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार देश की प्रगति में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम को सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता और ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया था, और यह मामला दर्शाता है कि कैसे एक लोक सेवक ने अपने सरकारी पद का दुरुपयोग करते हुए निजी लाभ के लिए आम नागरिक को डराया-धमकाया




और रिश्वत की मांग की। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी सजा देना आवश्यक है ताकि लोक सेवकों के बीच जवाबदेही बनी रहे और भ्रष्टाचार पर रोक लगे।

**रिश्वत नहीं देने पर गाड़ी जब्त करने की धमकी**
शिकायतकर्ता ड्राइवर मुन्ना ने अदालत को बताया कि 19 अगस्त 2016 को सुबह करीब साढ़े बजे जब वह खाली टेंपो लेकर आजाद मार्केट स्थित पुल मिठाई चौक पहुंचा, तो एएसआई यतेन्द्र कुमार और अन्य पुलिसकर्मियों ने उसे रोक लिया। इसके बाद उसे गाड़ी से उतरने को कहा गया और धमकी दी गई कि अगर वो तीन हजार रुपये की रिश्वत नहीं देगा, तो उसकी गाड़ी जब्त कर दी जाएगी।

**जेल**

- एएसआई यतेन्द्र कुमार को चार साल की जेल
- रिश्वत लेने के मामले में हुई सजा
- भ्रष्टाचार देश की प्रगति में बाधक

# दिल्ली सीएम श्री स्कूलों में टीचरों की निकली बंपर भर्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 75 सीएम श्री स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। निदेशालय ने भर्ती के लिए इंटरफेस प्रक्रिया आयोजित करने का निर्णय लिया है। यानि दिल्ली सरकार के अन्य स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण के माध्यम से ये भर्ती की जाएगी। निदेशालय के मुताबिक यह प्रक्रिया पीआरटी, टीजीटी, पीजीटी और विविध शिक्षकों के लिए होगी। इच्छुक शिक्षकों को 9 जून तक आवेदन पत्र भरकर पर मेल करना होगा।

**अनुभवी शिक्षकों को प्राथमिकता:**
इस प्रक्रिया में ऐसे शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनकी सेवानिवृत्ति में कम से कम पांच वर्ष बाकी हैं। इसका उद्देश्य सीएम श्री स्कूलों में दीर्घकालिक और गुणवत्ता-युक्त शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। एक अधिकारी ने बताया कि इनमें से 12 स्कूलों का पूरी तरह से पुनर्निर्माण किया जाएगा।

**भर्ती प्रक्रिया**

- ऐसे शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनकी सेवानिवृत्ति में कम से कम पांच वर्ष बाकी हैं

# ईद के लिए खरीदारी करने गए थे बाजार, लौटे तो पाया चोरों ने साफ कर दिया था सामान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ईद के लिए बाजार से खरीदारी के बाद ससुराल गए व्यक्ति के घर पर चोरों ने सोने व चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित मुशीर शुक्रवार देर रात घर लौटे तो देखा घर के मेन गेट का ताला टूटा था। अंदर से करीब छह लाख रुपये के जेवर के गायब थे। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर सीलमपुर थाना पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। आरोपितों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

**ईद की खरीदारी के बाद चले गए थे ससुराल, लौटे तो ताला टूटा मिला:** मुशीर चौहान बांगर में गली नंबर-तीन में किराये पर रहते हैं। वह कैब चलाते हैं। उन्होंने बताया कि वह पत्नी के साथ शुक्रवार शाम को ईद के लिए सामान खरीदने न्यू सीलमपुर मार्केट गए थे। खरीदारी करने के बाद पास में ही ससुराल चले गए। देर रात करीब 1:30 बजे घर लौटे तो देखा मेन गेट पर लगा ताला टूटा हुआ है। अंदर गए तो पाया कि अलमारी खुली हुई है।



# अगले तीन महीने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट का एक रनवे बंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कोहरे से मुकाबले के लिए जरुरी अपग्रेडेशन की खातिर आईजीआई एयरपोर्ट का रनवे 10/28 इस महीने की 15 तारीख से 15 सितंबर तक यानि तीन महीने के लिए बंद होने जा रहा है। इस अवधि में शेष बचे तीन रनवे पर ज्यादा दबाव नहीं हो, इसके लिए रोजाना 114 उड़ानों की कटौती और 43 उड़ानों को रिशेडयूल किया जाएगा।
रोजाना 114 उड़ानों को रद किए जाने की संख्या को तीन महीने की अवधि के लिए देखें तो 10260 उड़ानों को रद किया जाएगा। इतनी संख्या में उड़ानों के रद होने का क्या टिकट की कीमत पर पड़ेगा। इस पूरे प्रकरण पर डायल के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इंडिगो, एअर इंडिया सहित तमाम



एयरलाइंस प्रतिनिधियों ने दावा किया है कि उड़ानों में कटौती का असर टिकट की कीमतों पर नहीं होगा, क्योंकि यह समय यात्रियों की आवाजाही के हिसाब से व्यस्त समय नहीं है।

**इस बार पूरा इंतजाम**
रनवे 10/28 के अपग्रेडेशन का काम इसी वर्ष अप्रैल मई में होना था, लेकिन अप्रैल में रनवे को बंद किए जाने के बाद एयरपोर्ट का ट्रैफिक पूरी तरह गड़बड़ा गया। हवा ने भी साथ नहीं दिया। मजबूरी में काम को बीच में ही रोका पड़ा। डायल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार का दावा है कि इस बार रनवे के बंद होने के कारण समय सारिणी नहीं बिगड़ेगी, क्योंकि जरुरी इंतजाम पहले ही कर लिए गए हैं, इनमें उड़ानों की संख्या में कटौती व रिशेडयूल शामिल है। नागरिक विमानन मंत्रालय की देखरेख में एयर ट्रैफिक कंट्रोलर व एयरलाइंस के प्रतिनिधियों की सहमति से ही यह सब किया गया है। सीईओ का कहना है कि रनवे 10/28 के बंद होने का प्रभाव शेष बचे तीन रनवे पर पड़ेगा, लेकिन इतना नहीं कि समय सारिणी बिगड़ जाए। इसके लिए दो स्तरों पर कार्य किया गया है।

**अपग्रेडेशन क्यों है जरुरी**

**पिछले** कई वर्षों से सर्दियों में कोहरे के असर से आइजीआइ एयरपोर्ट पर उड़ानों की समय सारिणी पूरी तरह अनियंत्रित हो जाती है। इसे आप ऐसे समझें कि व्यस्त में कोहरे का असर यदि एयरपोर्ट पर एक घंटा भी रहे, तो एयर ट्रैफिक को सामान्य होने में तीन से छह घंटे का समय लग जाता है। यदि कोहरा पूरा दिन रहे तो इसका असर कई कई दिनों तक रहता है। सभी रनवे पर कोहरे से मुकाबले के लिए जरुरी आइएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम )हो तो इस स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है। अभी समस्या यह थी कि रनवे 10/28 पर लगा सिस्टम अब कारगर नहीं है। इसे ही अपग्रेड किया जा रहा है। इसके अपग्रेड होने के बाद रनवे पूरी क्षमता के साथ काम करेगा। डायल का कहना है कि अपग्रेडेशन का काम सितंबर में पूरा होने से एयरपोर्ट त्योहारों के मौसम व कोहरे दोनों का मुकाबला अच्छी तरह से करने में पूरी तरह सक्षम होगा।

# प्रधानमंत्री ने गरीबों-श्रमिकों को दिया सम्मानः सैनी

## मुख्यमंत्री का कांग्रेस पर निशाना, कांग्रेस ने दी परिवार को प्राथमिकता, जनता को किया नजरअंदाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस देश की असली ताकत हमारे गरीब, श्रमिक और वंचित वर्ग के लोग हैं। यही लोग अपने पसीने और मेहनत से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में इन मेहनतकश वर्गों को जो सम्मान और अधिकार दिए हैं, वह कांग्रेस कभी नहीं दे पाई। कांग्रेस ने हमेशा अपने परिवार के हितों को प्राथमिकता दी और आम जनता, समाज और देश की चिंता नहीं की। कांग्रेस ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए आम जनता की अपेक्षाओं की अनदेखी की और अब जनता ने उन्हें शून्य पर लाकर खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री आज यहां संत कबीर कुटीर पर प्रदेशभर से आए डीएससी समाज के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर डीएससी समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया और डीएससी समाज के आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को 11 जून को सिरसा में मनाई जाने वाली संत कबीर जयंती के लिए भी निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों को योद्धा बताते हुए कहा कि समाज ने जो यह सम्मान की पगड़ी मेरे सिर पर रखी है, यह सम्मान समाज का है और मैं इस सम्मान को कभी कम नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि आज डीएससी को उसका अधिकार और सम्मान मिल रहा है। हाल ही में जो लगभग 3,500 भर्तियों की घोषणा हुई है, उसमें 605 पद डीएससी समाज के लिए और 604 पद अन्य अनुसूचित जातियों के लिए हैं। यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि डीएससी समाज ने काफी संघर्ष किया और आज उस संघर्ष के सुखद परिणाम सामने आए हैं। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियां सशक्त और मजबूत होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का संविधान, जिसे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने राष्ट्र को प्रदान किया, आज हमारे लोकतंत्र की मूल आत्मा है। इस पवित्र संविधान के कारण ही देश को एक लोकतांत्रिक व्यवस्था मिली, जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद और न्यायपालिका मजबूती से कार्य कर रहे हैं। संसद के भीतर अध्यक्ष भी इसी संविधान की देन है, लेकिन दुर्भाग्यवश, कांग्रेस पार्टी ने डॉ. अंबेडकर को कभी सम्मान नहीं दिया और आज भी कांग्रेस पार्टी जब राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद या न्यायपालिका पर टिप्पणियां करती है तो यह सिर्फ इनका नहीं, बल्कि स्वयं डॉ. भीमराव अंबेडकर और उनके बनाए संविधान का अपमान है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि चुनावों के दौरान राहुल गांधी पवित्र संविधान की प्रति को हाथ में उठाकर घूमते नजर आए।

उन्हें कोई बताए कि यह संविधान कोई प्रदर्शन की वस्तु नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र का मूल स्तंभ है, यह पूजा के योग्य है। संविधान को हाथ में उठाकर लोगों को डराना या गुमराह करना गलत है।





### प्मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक मंच पर बनी नई पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावों के दौरान कांग्रेस ने लोगों को गुमराह किया कि यदि श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए तो संविधान खत्म हो जाएगा। जबकि सच्चाई तो यह है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान और अधिक सशक्त हुआ है। आज कोई भी इस संविधान की ओर उंगली उठाने की हिम्मत नहीं कर सकता। असल में, जो खत्म हो रही है वह कांग्रेस पार्टी है, क्योंकि कांग्रेस की नीतियां विफल रहीं हैं। जिन गरीबों के नाम पर उसने राजनीति की, उन्हें और अधिक गरीब कर दिया। कांग्रेस के कालखंड में अमीरी और गरीबी की खाई बढ़ी, लेकिन बीते 11 वर्षों में श्री नरेंद्र मोदी ने इस खाई को पाटने का कार्य किया है। गरीब के जीवन को सम्मान देने का कार्य लगातार किया जा रहा है, यही संविधान की सच्ची रक्षा है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर

### डीएससी समाज को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिया उनका हक:: मंत्री बेदी

**सामाजिक** न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री श्री कृष्ण बेदी ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की सराहना करते हुए कहा कि डीएससी समाज की 60-70 वर्षों की पीड़ा और तड़प को समाप्त कर मुख्यमंत्री ने उन्हें जो अधिकार दिया है, वो ऐतिहासिक और युग परिवर्तनकारी है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक नीति या निर्णय नहीं था, बल्कि ये शोषितों और वंचितों के सम्मान की रक्षा के लिए उठाया गया साहसिक कदम था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय लागू केवल हरियाणा में हुआ, यह मुख्यमंत्री के दृढ़ संकल्प और समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण है।

**सशक्त भारत**

- डीएससी समाज ने काफी संघर्ष किया और आज उस संघर्ष के सुखद परिणाम सामने आए हैं

# युवाओं को जोड़कर मजबूत संगठन तैयार करेगी जेजेपी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने कहा है कि जेजेपी संगठन में युवाओं की अहम भूमिका होगी और युवाओं का एक मजबूत संगठन युवा जेजेपी तैयार करेगी। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि वे प्रदेशभर में युवाओं को एकजुट करेंगे और सभी 22 जिलों में जाकर मेहनती युवाओं को जेजेपी के साथ जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 15 जून से चलने वाले जेजेपी सदस्यता अभियान में नए युवाओं को जेजेपी की नीतियों से अवगत करवाया जाएगा और उन्हें जेजेपी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाने के लिए वे विशेष अभियान चलाएंगे। दिग्विजय चौटाला ने यह भी ऐलान किया कि सदस्यता अभियान के बाद युवा जेजेपी एक बड़ी रैली करके अपने संगठन की ताकत दिखाएगी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार युवाओं के रोजगार को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है और जेजेपी पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा बनवाए गए 75 प्रतिशत रोजगार कानून को लागू करवाकर ही दम लेगी। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी के कारण आज बेरोजगारी, खराब शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक, भर्तियों में खामियों के कारण प्रदेश के युवा परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के सुरक्षित रोजगार की दिशा में गंभीर नहीं है, इसलिए आज नया रोजगार देना तो दूर की बात बल्कि रोजगार युवाओं की ही नौकरियां खतरे में है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा सामाजिक व आर्थिक आधार पर मिलने वाले बोनस अंक को रद्द करने से हरियाणा की करीब 25 हजार भर्तियों पर तलवार लटक गई है। उन्होंने कहा कि सीईटी आवेदन में फजीर्वाड़ा, खराब सरकारी पोर्टल व्यवस्था से युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। जेजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि कि भाजपा का हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अधीन लगे कर्मचारियों को पक्की नौकरी देने का वादा भी झूठा निकला क्योंकि आज एचकेआरएन कर्मचारियों के रोजगार के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा ।

# अनिल विज ने नाइट फूड स्ट्रीट का औचक निरीक्षण किया

**दिशा-निर्देश**

- नाइट फूड स्ट्रीट में लगेगा ट्रीटमेंट प्लांट, पानी को ट्रीट कर नाले में फेंका जाएगा : मंत्री अनिल विज



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने गांधी ग्राउंड के साथ निमार्णाधीन नाइट फूड स्ट्रीट मार्केट में औचक निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि नाइट फूड स्ट्रीट में हर राज्य के व्यंजन होंगे जिनका खान-पान के शौकीन लुत्फ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पूरी मार्केट वातानुकूलित होगी। यहां कुल 60 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है जिनमें 40 शाकाहारी और 20 मांसाहारी होगी। नाइट फूड स्ट्रीट में लोगों के बैठने के लिए कॉमन स्पेस का भी निर्माण किया जा रहा है तथा वाहनों को खड़ा करने के लिए नाइट फूड स्ट्रीट के ठीक साथ पार्किंग सुविधा भी बनाई जा रही है। विज ने बताया कि नाइट फूड स्ट्रीट आगामी दो माह में बनकर तैयार होगी तथा दुकानों के अलॉट होते ही यहां पर देश के हर राज्य के व्यंजन खाने के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि मार्केट की डेकोरेशन व ब्यूटीफिकेशन की जाएगी ताकि यहां आने वाले लोगों को अच्छा महसूस हो। यहां पर ग्रेनाइट पत्थर का फ्लोर एवं अन्य प्रावधान भी किए गए हैं।

विज ने बताया कि नाइट फूड स्ट्रीट में ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया जाएगा। दुकानों से निकलने वाले वेस्ट खाद्य पदार्थों एवं पानी को ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीट करने के बाद इस पानी को नाले में फेंका जाएगा। इससे नाले में भी गंदगी नहीं डलेगी। गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज के प्रयासों से गांधी ग्राउंड के साथ नाइट फूड स्ट्रीट का निर्माण नगर परिषद द्वारा किया जा रहा है। लगभग साढ़े 5 करोड़ रुपए की लागत से दो चरणों में इसका निर्माण किया जा रहा है।

# एक देश-एक चुनाव से देश के संसाधनों की होगी बचतः गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि एक देश-एक चुनाव की अवधारणा देश के संसाधनों की बचत करने, प्रशासनिक कार्यक्षमता बढ़ाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा आज ओम यूनिवर्सिटी, हिसार में आयोजित वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर आधारित संगोष्ठी में विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के विचार-विमर्श युवाओं में जागरूकता और नीति निर्माण में भागीदारी की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है, बल्कि विकास कार्य भी बाधित होते हैं। वन नेशन-वन इलेक्शन से प्रशासनिक ढांचा मजबूत होगा और देश भर में एकरूपता आएगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, फैकल्टी सदस्य, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**सामाजिक एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का केंद्र हमारे धार्मिक स्थल**

श्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि मंदिर केवल ईश्वर भक्ति का स्थान नहीं होता, बल्कि वह सामाजिक एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का भी केंद्र होता है। उन्होंने गांव बाडोपट्टी, हिसार में श्रद्धा और आस्था के प्रतीक राधा-कृष्ण मंदिर का भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य की नींव रखी। उन्होंने कहा कि राधा-कृष्ण मंदिर का निर्माण न केवल गांववासियों की धार्मिक आस्था को सशक्त करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि गांवों में धार्मिक स्थल सामाजिक जीवन की धुरी होते हैं, जहां लोग न केवल पूजा करते हैं, बल्कि एक-दूसरे से संवाद कर सामाजिक एकता को भी मजबूती देते हैं।

# मुख्यमंत्री सैनी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा के निधन पर जताया शोक



**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज पंजाब के संगरूर में पूर्व केंद्रीय मंत्री सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा के निवास स्थान परं पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और परिवारजनों का ढांढस बंधाया। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा का एक लंबा राजनीतिक सफर रहा है। वे विधायक भी रहे, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य भी रहे तथा पंजाब में भी उन्होंने मंत्री के रूप में जनसेवा का दायित्व भी निभाया। वे बड़े कद्दावर नेता थे। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने वाहेगुरु से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिवार को  दुख सहने की शक्ति प्रदान की प्रार्थना की।

# 'आयुष्मान भारत योजना केवल कागजों और प्रचार तक सीमित'



**उठाए सवाल**

- कहा- मोतियाबिंद, पित्त की थैली और बच्चेदानी के ऑपरेशन योजना से बाहर कर जनता से किया धोखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार की बहुप्रचारित आयुष्मान भारत योजना की सख्त आलोचना करते हुए कहा कि यह योजना केवल कागजों और प्रचार तक सीमित होकर रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर आम जनता को इसका कोई ठोस लाभ नहीं मिल रहा है। न केवल मोतियाबिंद, पित्त की थैली व बच्चेदानी के ऑपरेशन जैसे आवश्यक इलाज योजना के दायरे से बाहर कर दिए गए हैं, बल्कि कई निजी अस्पताल अब सडक दुर्घटनाओं के घायलों तक को इलाज देने से मना कर रहे हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना की विफलता से आमजन परेशान है। केंद्र सरकार की बहुप्रचारित आयुष्मान भारत योजना की सख्त आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल कागजो और प्रचार तक सीमित होकर रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर आम जनता को इसका कोई ठोस लाभ नहीं मिल रहा है। इस योजना का प्रचार प्रसार कर भाजपा जनता को गुमराह कर रही है, सरकार की ओर से जो दावे किए जा रहे है जमीनी हकीकत में स्थिति इसके उलट दिखाई देती हैद्व प्राइवेट अस्पताल जिन्हें इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया है वे मनमानी कर रहे है, कभी कभी तो वे उपचार करने से ही इंकार कर देते है तो कभी कभी सर्वर आयुष्मान कार्ड नहीं उठा रहा है कहकर मना कर देते है। ऐसे हालात में गरीब मरीजों को कैश में भुगतान कर ईलाज करवाना पड़ता है।

# पलवल में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल।** पलवल में एक तेज रफ्तार बाइक ने दुकान के बाहर खड़े पांच लोगों को टक्कर मारी दी, जिससे महिला की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। हादसा उटावड़ मोड पर शुक्रवार की देर शाम हुआ। नूंह के फरदडी गांव के अरमान, रिजवान और वहीद की पत्नी मरयम बाइक से केराका गांव से लौट रहे थे। उटावड़ चौक के पास उनकी बाइक खराब हो गई।

वह मिस्त्री की दुकान पर रुके, जहां पहले से दो युवक मौजूद थे। इसी दौरान उटावड़ मोड़ की तरफ से एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गया। घायलों को पहले नल्हड़ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। रिजवान और मरयम की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रोहतक मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। रोहतक में उपचार के दौरान मरयम की मौत हो गई। रिजवान को दिल्ली रेफर कर दिया गया है और उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। अन्य घायलों का नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है। उटावड़ थाना प्रभारी ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# संकल्प से सिद्धि अभियानः बदलते भारत की गारंटीः अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** गोहाना में सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया संकल्प से सिद्धि अभियान आज बदलते भारत की मजबूत पहचान बन चुका है। यह अभियान एक वचन है, उन्नति की गारंटी है। शनिवार को सिंचाई विश्राम गृह में भाजपा जिला संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के 11 वर्षों के शासनकाल में भारत ने अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय मंचों पर विशेष मजबूती प्राप्त की है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर हर पात्र व्यक्ति को लाभ दिलवाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी की लगातार तीसरी बार सरकार बनने में जमीनी कार्यकताओं की कड़ी मेहनत और समर्पण की बड़ी भूमिका रही है।



डॉ शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में कोरोना महामारी से देश की रक्षा हो या रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी—हर चुनौती का प्रभावशाली समाधान दिया गया। साथ ही, आतंकी हमलों के जवाब में ऑपरेशन सिन्दूर के तहत 100 से अधिक आतंकियों का खात्मा कर भारत ने विश्व को अपने संकल्प की शक्ति दिखाई। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक राष्ट्र, एक विधान की विचारधारा पर चलते हुए सरकार ने हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। बैठक में जिला प्रभारी डॉ किरण कलकल, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप सांगवान, डॉ धर्मबीर नांदल, बलराम कौशिक, डॉ ओमप्रकाश शर्मा, सुनील मेहता, डॉ. राममेहर राठी, महेंद्र चिड़ाना सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सरकारी अस्पतालों में अब विशेषज्ञ डॉक्टर 'ऑन-कॉल' रहेंगे उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुलभ बनाने की दिशा में एक और क्रांतिकारी कदम उठाया है। अब प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में 'ऑन-कॉल' प्रणाली के तहत विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे, ताकि गंभीर रोगियों को समय पर उपचार मिल सके। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने जानकारी देते हुए बताया कि अब सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के लिए पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत नो-नोड फामूर्ला लागू किया जा रहा है। इस पहल से ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विशेषज्ञ डॉक्टर अस्पतालों में ऑन-कॉल मरीजों को देखेंगे। एनेस्थीसिया, सर्जरी एवं रेडियोलॉजी, स्त्री रोग एवं बाल रोग जैसी सेवाओं के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह सेवा शुरूआती चरण में पांच जिलों हिसार, जींद, मेवात, सोनीपत और कैथल में उपलब्ध कराई जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यह एक पायलट प्रोजेक्ट है, जिसे बाद में पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इस योजना से न केवल मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि जिला स्तर पर रेफरल सिस्टम की जरूरत भी कम होगी। प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर नागरिक को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। यह नई पहल उस दिशा में एक मजबूत और सकारात्मक प्रयास है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह पहल प्रौद्योगिकी, विकेंद्रीकरण और नवाचार के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के सरकार के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

# पाकिस्तान के हैकर्स ने हरियाणा की बिजली ठप करने का प्रयास किया था

**खुलासा**

- हरियाणा बिजली निगम की ऑपरेशनल साइट्स पर लगातार साइबर हमले किए गए थे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पाकिस्तानी हैकर्स ने हरियाणा की बिजली ठप करने के कई प्रयास किए थे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हरियाणा बिजली निगम की ऑपरेशनल साइट्स पर लगातार साइबर हमले किए गए थे। इसका असर यह हुआ कि हरियाणा में 10-10 घंटे  बिजली के कट लगाने पड़े। करीब 3 से 4 दिन बिजली निगम का सर्वर बाधित भी रहा। हालांकि बिजली निगम ने पूरा नेटवर्क फेल होने से बचा लिया, लेकिन अधिकारियों को इस समस्या का हल ढूंढने में कई दिन लगे। उधर, यह जानकारी बाहर न आ जाए, इसके लिए बिजली निगम के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई थी। अब इसका खुलासा  चंडीगढ में हुई उत्तरी भारत के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में हुआ है। हरियाणा बिजली निगम के अफसरों ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मंत्री ने साइबर हमले रोकने के लिए ठोस नीति बनाने के संकेत दिए हैं। हरियाणा के ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को बताया कि पाकिस्तानी हैकर्स ने 14 मई को हरियाणा की दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की ऑपरेशनल वेबसाइट्स को निशाना बनाया। साइट्स पर लगातार हमले किए। इससे हरियाणा में 10-10 घंटे तक के बिजली के कट लगे। बिजली निगम का सर्वर बाधित हो गया।  बिजली निगम के सूत्रों का कहना है कि जिस दौरान पाक हैकर्स ने वेबसाइट को निशाना बनाया, उसी दौरान बिजली निगम ने भी कई घंटों के कट लगाए। पूरे सिस्टम को फेल करने का प्रयास पाक हैकर्स ने किया। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के आईटी अधिकारी विक्रांत सांगवान ने बताया कि हैकर्स ने कंज्यूमर से जुड़े फीचर्स और इंटरनल सैलरी फीचर के साथ छेड़छाड़ की थी। पब्लिक सर्विस इसके कारण बाधित हुई थी। करीब 1 सप्ताह तक परेशानी आई थी।

वेब एप्लिकेशन फॉयरवाल को इंस्टॉल किया। इसके बाद बिजली कंपनियों की ओर से साइबर हमलों को रोकने के लिए एक अतिरिक्त सुरक्षा कवच के रूप में वेब एप्लिकेशन फॉयरवाल को इंस्टॉल किया गया। वेब एप्लिकेशन फॉयरवाल  एक सुरक्षा उपकरण है, जो साइबर खतरों से बचाता है। यह वेब एप्लिकेशन से आने-जाने वाले डेटा पैकेट की निगरानी, फिल्टरिंग और अवरोध पैदा करता है, जिससे उन्हें साइबर खतरों से बचाया जा सके। बिजली निगम सप्लाई सिस्टम को मैन्युअल बनाया हुआ है, इसलिए हैकर्स इससे छेड़छाड़ नहीं कर सकते। हां, वेबसाइट को हैक करके उसने परेशानी बढ़ाने का काम किया। मगर, सरकार इससे निपटने के लिए काम कर रही है। चंडीगढ में हुए उत्तरी भारत के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने साइबर हमले रोकने के लिए ठोस साइबर सुरक्षा नीति बनाने के संकेत दिए हैं। कहा कि ऐसे साइबर हमलों को रोकने के लिए ठोस साइबर सुरक्षा नीति बनाने की जरूरत है।

भारत इस पर काम कर रहा है। बैठक में इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन नेटवर्क, निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति, वितरण कंपनियों की कार्यप्रणाली, वित्तीय स्थिति और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में मौजूद अतिरिक्त मुख्य सचिव ने केंद्रीय बिजली मंत्री को जानकारी दी कि सारे वेब एप्लिकेशन की सिक्योरिटी आडिट करने का काम शुरू किया गया है।

# स्पीकर ने 8 करोड़ 11 लाख की दो विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

**उद्घाटन**

**मिर्गाहन गांव में 3 करोड़ 45 लाख 13 हजार की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया उद्घाटन**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को घरौंडा विधानसभा के लिए बड़ी सौगात देते हुए 8 करोड़ 11 लाख 13 हजार रुपये की लागत से दो विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने सर्वप्रथम मिर्गाहन गांव में 3 करोड़ 45 लाख 13 हजार रुपये की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। इसके उपरांत 4 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से नगला मेघा चौक से घरौंडा तक सडक सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

स्पीकर हरविन्द्र कल्याण सर्वप्रथम मिर्गाहन गांव में पहुंचे। यहां उन्होंने 3 करोड़ 45 लाख 13 हजार रुपये की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर पंचायत की ओर से विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर व पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। उन्होंने वहां मौजूद आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी द्वारा 0.71 एकड़ में बनाई गई इस पीएचसी का निर्माण कार्य एक जुलाई 2019 को शुरू किया गया। इसके भूतल का क्षेत्र 9175 वर्गफुट और प्रथम तल का 717 वर्गफुट है। इस पीएचसी से आसपास के 20 गांवों की 40 हजार आबादी को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि सीएचसी कुंजपुरा के तहत आने वाली इस पीएचसी में नर्सिंग स्टेशन, पुरुष, महिला व बेबी वार्ड, दंत चिकित्सा व आयुष चिकित्सा कक्ष, आयुष पैरामेडिकल स्टाफ रूम, एक्स-रे रूम ऑपरेशन थिएटर, चिकित्सक कक्ष, नसबंदी कक्ष, प्रतीक्षा गृह, पंजीकरण कक्ष प्रवेश हाल, रैंप और सेंट्रल कोर्ट यार्ड, स्टोर प्रयोगशाला औषधालय कक्ष, तथा पुरुष व महिला टॉयलेट बनाया गया है। पीएचसी के तहत 6 आयुष्मान आरोग्य मंदिर भी हैं। उन्होंने कहा कि इस पीएचसी के बनने से आसपास के गांवों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से यहां डाक्टरों सहित पर्याप्त पैरा मेडिकल स्टाफ तैनात कर दिया गया है। कहीं कोई कमी नोटिस में आई तो उसे भी दूर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछली पारी में कोरोनाकाल में आई अड़चनों के बावजूद हलके में अनेक विकास कार्य कराए गए। पिछले 10 सालों में कई सडकें, पुल, अस्पताल, आईटीआई, घरोंडा में बस अड्डा, सब-डिवीजन के साथ-साथ करनाल में नई चीनी मिल और मेरठ रोड को नेशनल हाईवे बनवाया गया। हलके में रिंग रोड और एनसीसी अकेडमी का निर्माण जारी है।

स्पीकर मेरठ रोड पर स्थित नगला चौक पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने नगला मेघा चौक से घरौंडा तक बनाई जाने वाली 18.540 किलोमीटर लंबी सडक के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इसके निर्माण पर 4 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत आएगी। कार्य तीन महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में सुधार और विकास के प्रति सरकार गंभीर है। पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, यह सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

कोरोनाकाल में भारत की अर्थव्यवस्था अन्य देशों के मुकाबले बेहतर रही। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में एक-दूसरे का सहयोग करने से हर समस्या का समाधान संभव है। आने वाले समय में हलके को विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचाया जाएगा।

# यमुना के तटबंध मजबूत करने के लिए पत्थर लगाने का कार्य मानसून से पहले हो पूरा: सिंह

**जायजा**

**जडौली कॉम्प्लेक्स और मोदीपुर गांव के पास पत्थर लगाने के कार्य का लिया जायजा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** डीसी उत्तम सिंह ने करनाल व इंद्री उपमंडल के यमुना के साथ लगते गांवों का दौरा किया। इस दौरान जहां-जहां यमुना के तटबंध मजबूत करने के लिए पत्थर लगाने का कार्य किया जा रहा है, उसका निरीक्षण किया व सिंचाई विभाग को मानसून के आने से पहले इसे पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने इंटरनल ड्रेन जैसे दलियानपुर ड्रेन, हनौरी मेन ड्रेन, महनमति ड्रेन, छपरिया ड्रेन का भी दौरा किया और इनके सफाई के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डीसी उत्तम सिंह सिंचाई विभाग के अधिकारियों व इंद्री व करनाल के एसडीएम के साथ जडौली गांव में स्थित जड़ौली कॉम्पलेक्स पर पहुंचे। यहां उन्होंने यमुना के तटबंध मजबत करने के लिए पत्थर लगाए जाने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि 30 जून तक यह कार्य हर हालत में पूरा होना चाहिए। इसके उपरांत उन्होंने मोदीपुर गांव में यमुना के तटबंध का निरीक्षण किया और पत्थर लगाए जाने के कार्य के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन के आने से पहले इस कार्य को हर हालत में पूरा किया जाए। इसके लिए जो भी मशीनरी इस्तेमाल करनी है, उसका इस्तेमाल करें और पूरा करें। डीसी उत्तम सिंह ने बुढ़ाखेड़ा गांव में दलियानपुर ड्रेन, महनमति ड्रेन, खेड़ा गांव में हनौरी मेन ड्रेन, खेड़ा गांव में ही खेड़ा ड्रेन, बुढ?पुर गांव में छपरियो ड्रेन, हनौरी गांव में मुरादनगर ड्रेन नंबर.1 का भी दौरा किया। उन्होंने इन ड्रेन की सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इन इंटरनल ड्रेन की सफाई के कार्य को भी मानसून से पहले पूरा कर लिया जाए। आमजन को किसी तरह की परेशान की सामना न करना पड़े। इसके लिए सिंचाई विभाग संकल्पित होकर कार्य करे। मानसून के सीजन में जिन.जिन जगहों पर तटबंध टूटने के आसार रहते हैं, उन पर विशेष रूप से फोकस करे और उन्हें मजबूत करने का कार्य करे।

# मुस्ताबाद में किसानों का धरना तीसरे दिन में दाखिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** गांव मुस्ताबाद में किसानों की काश्त भूमि पर जिला प्रशासन द्वारा एक रेत कारोबारी को जबरन कब्जा दिलवाने के प्रयास के खिलाफ किसानों का विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। दर्जनों किसानों ने डेरा डाल रखा है और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। आज धरने की अध्यक्षता किसान नेता जोगिन्द्र सिंह सांगवान शेखपूरा ने अध्यक्षता की, संचालन जिला महासचिव सुरेंदर सिंह बैनीवाल ने किया।

आसपास के कई गांवों से किसान एकजुट होकर समर्थन में पहुंचे। सोमवार को किसान जिला सचिवालय पर प्रदर्शन करेंगे और एसपी से मिलकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। धरने पर उपस्थित किसानों ने एकता जिंदाबाद, जमीन हमारी-हक हमारा, जैसे नारे लगाकर विरोध को मुखर किया। किसानों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना या कानूनी प्रक्रिया के प्रशासन ने भारी पुलिस बल और मशीनरी के साथ खेतों में घुसपैठ की और कब्जा दिलवाने की कोशिश की। जब इसकी भनक किसानों को लगी, तो वे भारी संख्या में मौके पर पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से इसका विरोध किया। विरोध को देखते हुए प्रशासनिक अमले को पीछे हटना पड़ा।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की गई, तो वे आंदोलन को और उग्र करेंगे। उन्होंने साफतौर पर कहा जान दे देंगे, पर जमीन नहीं देंगे। किसानों का कहना है कि वे किसी भी हाल में अपने पुश्तैनी हक से पीछे नहीं हटेंगे। धरनारत किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि वह तत्काल इस अवैध कार्रवाई को रोके और किसानों की भूमि को किसी भी निजी हित के लिए न छीना जाए। उन्होंने सरकार से यह भी अपील की है कि वह निष्पक्ष जांच कराए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे.इस अवसर पर ईशम सिंह, जोगिंदर सिंह, सतपाल, सुरेंद्र बेनीवाल, जसमेर सिंह, विनोद राणा कालरम, महिंद्र सिंह, मंडल खेड़ा छपरा, राजकुमार, दवेंद्र सांगवान, वेदपाल, ओम प्रकाश, रमेश शर्मा, राजू सांगवान, ओमपाल, दीवानचंद, महावीर देशवाल, पाला राम, राम सिंह, दयाल सिंह, रविंदर, सेठपाल, राजकुमार, सुशील व श्याम सिंह सहित काफी किसान शामिल थे।

# सडक दुर्घटना में दिल्ली पुलिस के कॉन्स्टेबल की मौत, तीन घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में आज सुबह कैंटर की टक्कर से कार में सवार दिल्ली पुलिस में तैनात एक कॉन्स्टेबल की मौत हो गई, जबकि उसके तीन साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक अपने बीमार पिता के लिए दवाई लेने चंडीगढ़ जा रहा था। तरावड़ी के पास सामने से आ रहे कैंटर ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल साथियों को पहले करनाल लाया गया और फिर रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की।

प्रवीन हरियाणा के सोनीपत जिले के गांव फरमाना का रहने वाला था और 2018 से दिल्ली पुलिस में तैनात था।

# जेके सीमेंट लिमिटेड ने सैफको सीमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम को दिया औपचारिक रूप

**गुरुग्राम।** भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक, जेके सीमेंट लिमिटेड ने जम्मू-कश्मीर में बुनियादी ढांचे और रोजगार बढ़ाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिहाज से उल्लेखनीय पहल के रूप में, सैफको सीमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड की 60% हिस्सेदारी हासिल करने से जुड़े संयुक्त उद्यम समझौते को औपचारिक रूप देने की घोषणा की। इस ऐतिहासिक साझेदारी के साथ जेके सीमेंट श्रीनगर में विनिर्माण परिचालन स्थापित करने वाली पहली प्रमुख सीमेंट निमार्ता बन जाएगी, जो क्षेत्रीय आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह रणनीतिक अधिग्रहण, जेके सीमेंट की जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास और समावेशी विकास के सरकार के दृष्टिकोण में योगदान देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस कदम से जेके सीमेंट की न केवल उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर भी पैदा होंगे, जिससे इस क्षेत्र और उसके आसपास के स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाया जा सकेगा। जेके सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, डॉ. राघवपत सिंघानिया ने इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम के बारे में कहा, हमें सैफको सीमेंट्स परिवार का जेके सीमेंट परिवार में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। जम्मू-कश्मीर के बाजार में स्थानीय विनिर्माण की अपार संभावना है जिसका दोहन नहीं हुआ है, और अब अपनी संयुक्त विशेषज्ञता के साथ हमारा लक्ष्य है, इस क्षेत्र में बदलाव लाना और समुदायों के लिए लाभ सुनिश्चित करना। जेके सीमेंट लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, श्री माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा, इस अधिग्रहण के साथ, हम जम्मू-कश्मीर में उपस्थिति के विस्तार के लिए रणनीतिक रूप से तैयार हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### धान में स्टेम बोरर्स से निपटने के लिए बेयर ने लॉन्च किया बीकोटा, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

**सोनीपत।** कृषि एवं स्वास्थ्य से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी बेयर ने बीकोटा को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से स्टेम बोरर कीट से निपटने में धान के किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया प्रोडक्ट है। इन हानिकारक कीटों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीकोटा में बेयर के एक्सक्लूसिव इनोवेशन को शामिल किया गया है। बीकोटा को जून, 2025 से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत सभी धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा। लॉन्चिंग के मौके पर मोहन बाबू, (क्लस्टर कमर्शियल लीड झ भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका, क्रॉप साइंस डिवीजन, बेयर) ने कहा, बेयर अपने इनोवेशन के माध्यम से किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। बीकोटा के माध्यम से हम न केवल चाहते हैं कि धान के किसानों की फसल सुरक्षित रहे, बल्कि समय एवं श्रम की लागत भी कम हो और उन्हें उपज व आय बढ़ाने में मदद मिले।

स्टेम बोरर्स से धान की फसल को बहुत नुकसान होता है, जिससे उपज कम होती है। बीकोटा तेजी से काम करते हुए इन कीटों का आहार रोक देता है और स्थायी सुरक्षा प्रदान करता है। एक बार प्रयोग करके किसान बाजार में उपलब्ध अन्य समाधानों की तुलना में लम्बे समय तक तक फसलों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह जड़ो एवं पूरे पौधे के विकास में भी सहयोग करता है, जिससे फसल की सेहत ठीक रहती है है। यह ज्यादा उपज सुनिश्चित करने के साथ–साथ बदलते मौसम में स्टेम बोरर्स की चुनौती को दूर करता है। बीकोटा प्रयोग की दृष्टि से सुरक्षित है और फायदेमंद कीटों के लिए भी सुरक्षित है। यही बात इसे किसानों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाती है और इसे इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट (आईपीएम) प्रैक्टिस के लिए उपयुक्त बनाती है। अपने ग्रेन्युलर फॉर्मूलेशन के कारण यह प्रयोग में आसान है। इससे किसान आसानी से और तेजी से खेत में इसका छिड़काव कर पाते हैं।

### पुलिस ने बड़े नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़ किया; मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है – जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 28 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले–भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है। चेचानी पर आरोप है कि वह सात साल से भी ज्यादा समय से इस तरह का एक जटिल अवैध व्यापार और अवैध नेटवर्क चला रहा है, जो भारत के 11 से ज्यादा राज्यों में फैले अपने सहयोगियों के जरिए पूरे भारत में नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता है। उसने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में काम करने वाले सहयोगियों के एक बड़े नेटवर्क के जरिए प्रतिष्ठित एग्रोकेमिकल कंपनियों के लेबल वाले नकली उत्पाद सप्लाई किए। जांच में पता चला कि चेचानी की बस्सी में माहेश्वरी बीज एवं कीटनाशक नाम से एक दुकान भी है। वह कथित तौर पर देश भर में विभिन्न उल्लंघनकताओं को पैकेजिंग सामग्री और तैयार नकली उत्पादों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता था।

# नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
इंद्री-लाडवा रोड स्थित नहर में बीती देर रात एक युवक का शव मिला। युवक के शरीर पर सिर्फ एक अंडरवियर मिली है और उम्र करीब 18 से 20 साल के बीच बताई जा रही है। शव को बाहर निकालकर पुलिस ने अस्पताल के शव में रखवाया है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि यदि 72 घंटे के भीतर पहचान नहीं होती तो शव का अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा।

इंद्री क्षेत्र के डोंगरा गांव के कुछ युवक नहर किनारे बैठे हुए थे, तभी उन्हें पानी में एक शव तैरता हुआ नजर आया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना गोताखोर प्रगट सिंह को दी। सूचना मिलते ही प्रगट सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नहर के आसपास सुनसान और अंधेरा इलाका था। किसी तरह वहां पहुंचकर उन्होंने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला और पुलिस को भी सूचना दी गई। प्रगट सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर सिर्फ एक अंडरवियर है, जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि वह नहाने के दौरान नहर में गिरा हो सकता है। यह भी संभावना है कि युवक यमुनानगर, लाडवा या अन्य किसी जिले से बहते हुए यहां तक पहुंचा हो। उन्होंने बताया कि यमुनानगर में 5-6 दिन पहले एक युवक लापता हुआ था, उसके परिजनों से संपर्क साधा जा रहा है, ताकि इस दिशा में कोई सुराग मिल सके।

इंद्री थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर करनाल के शवगृह भिजवा दिया। इंद्री थाना के एसआई लखबीर सिंह ने बताया कि शव की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

सभी संबंधित थानों और सोशल ग्रुपों में मृतक की फोटो साझा की गई है। फिलहाल इस बात की जांच भी की जा रही है कि युवक की मौत हादसे में हुई या इसमें कोई अन्य एंगल भी है। पुलिस के अनुसार यदि तीन दिनों के भीतर शव की पहचान नहीं होती है तो अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा।

# अटल सेवा केंद्र पर लूट करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**खुलासा**

**पूछताछ में अपनी पहचान मनीष पुत्र बलराज निवासी बड़ौली व विकास पुत्र सुरेश निवासी बिंझौल के रूप में बताई।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
घूप सिंह नगर में 5 जून की शाम अटल सेवा केंद्र पर नगदी लूट की वारदात को अजाम देने वाले दो आरोपियों को सीआईए थ्री पुलिस टीम ने शुक्रवार देर शाम को राज नगर में रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों से उक्त वारदात के अतिरिक्त विद्यानंद कॉलोनी में एक दूकानदार के साथ 3 हजार रूपए की ठगी की वारदाता का खुलासा हुआ। आरोपियों की पहचान बड़ौली निवासी मनीष व बिंझौल निवासी विकास के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध किस्म के दो युवक राज नगर में रेलवे लाइन के पास किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दे दोनों युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में अपनी पहचान मनीष पुत्र बलराज निवासी बड़ौली व विकास पुत्र सुरेश निवासी बिंझौल के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने मिलकर 5 जून की शाम धूपसिंह नगर में अलट सेवा केंद्र से कैश लेने के बहाने नगदी लूट की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। लूट की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में संजय चौक राम मंदिर गली निवासी प्रियंका पुत्र तारकेश्वर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। थाना चांदनी बाग में संजय चौक राम मंदिर गली निवासी प्रियंका पुत्र तारकेश्वर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था उसने धूप सिंह नगर गली नंबर 21 के पास अटल सेवा केंद्र खोल रखा हैं। केंद्र पर घूप सिंह नगर निवासी उसकी दोस्त किरण भी साथ काम करती है। 5 जून को साय करीब 6:20 बजे वह और किरण केंद्र पर बैठे थे। तभी दो लड़के एक बाइक पर सवार होकर आए, जिनमे से एक लड़का बाइक से उतर कर अंदर आया और कहने लगा उसे दो तीन हजार रूपए कैश चाहिए वह ऑनलाइन पे कर देगा।

साथ बैठी किरण पैसे गिनकर रबड़ डालने लगी तभी आरोपी हाथ से नगदी (50 हजार) छीनकर बाहर खड़े साथी आरोपी की बाइक के पीछे बैठ फरार हो गया। थाना चांदनी बाग में प्रियंका की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
शनिवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 3 के आदर्श नगर क्षेत्र में पहुंचे। जहां उन्होंने निगम पार्षद सुरेंद्र मदान के साथ नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। वरिष्ठ नागरिक सतपाल खत्री और नारायण सिंह ने विधायक,मेयर और निगम पार्षद के साथ संयुक्त रूप से नारियल तोड़कर कार्यों का विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि आदर्श नगर में काफी समय से पेयजल की किल्लत चल रही थी। क्षेत्रवासियों को समुचित मात्रा में स्वच्छ पेयजल न मिलने के कारण काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। स्मस्या के समाधान हेतु आज जानकीदास स्कूल वाटर बूस्टर से आदर्श नगर गाँधी चौक तक पेयजल की नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है जिसे आगामी दो सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद क्षेत्रवासियों को जाजल रेनीवेल से पानी की आपूर्ति की जाएगी। वो समस्त सोनीपत वासियों को आश्वस्त करते हैं कि गर्मियों के मौसम में पूरे सोनीपत में कहीं भी पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति संबंधी सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा किया जा रहा है। वहीं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि इस कार्य में निगम द्वारा 18 लाख ? की लागत से पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाई जाएगी। साथ ही लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत भी की जाएगी। इस लाइन को मुख्य लाइन में जोड़ने के बाद आदर्श नगर वासियों को पेयजल आपूर्ति की समस्या से स्थाई तौर पर निजात मिलेगी। मेयर राजीव जैन ने मौके पर निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को पूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ करने के आदेश दिए।

मेयर राजीव जैन ने कहा कि उनका यही प्रयास है कि गर्मी के मौसम में कहीं भी पानी की कमी ना रहे। इसलिए वो हर गली मोहल्ले तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है और इसके लिए हाल ही में नगर निगम द्वारा निःशुल्क वाटर टैंकर की सुविधा भी शुरू की गई है, जिसे निगम द्वारा सार्वजनिक किए गए नंबरों पर कॉल करके मंगवाया जा सकता है।

इस अवसर पर निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, निगम में कनिष्ठ अभियंता परविंदर कुमार, सतपाल खत्री, मनीष बंसल , नवीन गौतम , रमेश कुमार , संदीप दहिया, अनिल मलिक , शीला रानी ,नारायण सिंह ,पवन तनेजा, सागर चोपड़ा, रवि कौशिक, कपिल ,संदीप, नवीन अंतिल आदि लोग मौजूद रहे।

# मलाइका अरोड़ा ने यमुनानगर में किया कल्याण ज्वैलर्स के नए शोरूम का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर: भार**त के सबसे बड़े और भरोसेमंद ज्वैलरी ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स ने आज यमुनानगर के प्रोफेसर कॉलोनी में अपने नए और भव्य शोरूम का उद्घाटन किया। इसी के साथ कंपनी के लाइफस्टाइल ज्वैलरी ब्रांड केनडियर का भी इस नए स्थान पर शुभारंभ हुआ। इस दोहरे लॉन्च का उद्घाटन बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने किया।

इस शौरूम में कल्याण ज्वैलर्स और लाइफस्टाइल ब्रांड केनडियर के विभिन्न संग्रहों से डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है। इस कार्यक्रम में उत्साही भीड़ उमड़ी, जिसमें बॉलीवुड स्टार की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक और संरक्षक एकत्र हुए। गर्मजोशी से किए गए स्वागत ने शोरूम के लॉन्च को एक भव्य और जीवंत समारोह बना दिया, जो कार्यक्रम के प्रति ग्राहकों के उत्साह और उनकी उम्मीदों को दशार्ता है। नए शोरूम पर टिप्पणी करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, यमुनानगर में कल्याण ज्वैलर्स और हमारे लाइफस्टाइल ब्रांड केनडियर के ब्रांड न्यू शोरूम के लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य एक ऐसा बेजोड़ इकोसिस्टम बनाना है जो हमारे ग्राहकों की अनूठी आवश्यकताओं को पूरा करे और उनके शॉपिंग अनुभव को और बेहतर बनाए। मंच से संबोधित करते हुए मलाइका अरोड़ा ने कहा, कल्याण ज्वैलर्स और केनडियर के इस नए शोरूम के उद्घाटन का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं। यह ब्रांड पारदर्शिता, भरोसे और ग्राहक सेवा की जो मिसाल पेश करता है, वह काबिले–तारीफ है। मुझे विश्वास है कि यमुनानगर के ग्राहक इस नए शोरूम को गर्मजोशी से अपनाएंगे और यहां के शानदार कलेक्शन्स को पसंद करेंगे। लॉन्च का जश्न मनाते हुए कल्याण ज्वैलर्स ने हर 10 ग्राम सोने की खरीद पर 0.5 ग्राम सोना बिल्कुल मुफ्त देने की घोषणा की है। कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट– बाजार में सबसे कम और सभी कंपनी शोरूम में मानकीकृत– इन आभूषण खरीद पर भी लागू होगा। ये ऑफर सीमित अवधि के लिए ही वैध हैं।

## संपादकीय

# विदेशों में नौकरी-धन की लिप्सा या पश्चिमी मस्त जीवन-शैली का आकर्षण

**विगत** तीन दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है' इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है' इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है' भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं।भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं।

# जिनकी हर पात में सेवा एवं संवेदना की झंकार हैं

ललित गर्ग

> यही कारण है कि डॉ. रामअवतार किला को हाल ही में राजस्थान फाउंडेशन द्वारा दिल्ली चैप्टर का अध्यक्ष मनोनित किया है। इस संस्था के साथ साथ वह अन्य संस्थाओं में भी अपनी भूमिका निभा रहे है जिनमें मुख्य रूप से ट्रस्टी राजस्थान मित्र मंडल, श्री मथुरा वृंदावन हासानन्द गोचर भूमि ट्रस्ट, सदस्य अखिल भारतीय प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन दक्षिणी दिल्ली, पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली वसंत वैली, संस्थापक परफेक्ट फाउंडेशन एवं परफेक्ट इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट तथा सक्रिय सदस्य लॉयन्स क्लब, माहेश्वरी क्लब, दिल्ली पैनोरमा क्लब, राजस्थान रत्नाकर, रामकृष्ण सेवा संस्थान आदि। वे राजस्थान के होकर दिल्ली में राजस्थानी संस्कृति को जीवंतता देने में जुटे हैं। धर्मनिष्ठा में गहरे रमे हुए डॉ. किला के जीवन और परिवार में अद्भुत सादगी और सात्विकता की व्याप्ति दिखायी पड़ती है। उनके बच्चे धार्मिक संस्कारों में शिक्षित-दीक्षित होकर आज अव्वल मुकामों पर अपने होने का अहसास करा रहे हैं।

**आप** एक सेतु बन सकते हैं, जीवन-मुस्कान का, जिन्दगी बचाने वाला एवं सेवा करने वाला पुल। हम एक साथ मिलकर जीवन को बचा सकते हैं, जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर कर सकते हैं, अंधेरों के बीच रोशनी बन सकते हैं। इसी सोच के साथ 'अक्षय सेवा' के संयोजक डॉ. रामअवतार किला पिछले दो दशकों से जरूरतमंद मरीजों को परामर्श, दवा एवं ईलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराने में सतत रूप से कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में चलाए जा रहे 'हॉस्पिटल फूड ड्राइव' के अंतर्गत अप्रैल 2017 से दिल्ली के प्रमुख सरकारी अस्पतालों एम्स, सफदरजंग, राममनोहर लोहिया एवं 2023 से लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के बाहर प्रतिदिन लगभग 2500 लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉ. किला के नेतृत्व में गत आठ वर्षों में अब तक 70 लाख से अधिक लोगों को इस पहल के अंतर्गत भोजन वितरित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, एम्स पावरग्रिड विश्राम सदन सहित देश के छह अन्य शहरों पटना, लखनऊ, झज्जर आदि में रोगियों एवं उनके परिजनों के लिए 2000 से अधिक बिस्तरों की विश्राम सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। ऋषिकेश में निमार्णाधीन 'माधव सेवा विश्राम सदन', जिसमें 500 बिस्तरों की व्यवस्था होगी, जो जल्द ही जनसेवा के लिए समर्पित किया जाएगा। इस तरह डॉ. किला जिन्दगियों को बचाने वाले खूबसूरत पुलों का निर्माण करते हैं। उनकी जिन्दगी की हर पात में सेवा एवं परोपकार की झंकार सुनी जा सकती है। समय की शिला पर मान, यश, सृजन-सेवा, निष्ठा-आस्था से भरी अनूठी कहानी हैं डॉ. रामअवतार किला की। प्रख्यात समाजसेवी,, गौसेवक, कर्मयोद्धा एवं जुझारू व्यक्तित्व के धनी डॉ. किला एक प्रसिद्ध चार्टर्ड एकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी एवं कॉर्पोरेट सलाहकार हैं, जिन्होंने अपने कैरियर में वित्तीय परामर्श और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है। मूल रूप से राजस्थान के चुरू जिले से ताल्लुक रखने वाले डॉ. किला वर्ष 1977 में उच्च अध्ययन एवं कैरियर निर्माण के उद्देश्य से दिल्ली आए। उन्होंने वर्ष 1982 में कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) तथा 1983 में चार्टर्ड एकाउंटेंसी (सीए) की डिग्रियां प्राप्त की। वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में अपनी अद्वितीय



व्यावसायिक दक्षता, ईमानदारी एवं दूरदर्शिता के बल पर डॉ. किला ने 'परफेक्ट ग्रुप' के माध्यम से कॉर्पोरेट परामर्श में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वह वर्तमान में परफेक्ट ग्रुप के चेयरमैन हैं। इसके अतिरिक्त वे कई सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के साथ सक्रिय भूमिका में जुड़े हुए हैं। वे समाज एवं परिवार के लिए एक प्रेरणा हैं, साहस के प्रतीक हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज सेवार्थी एवं परोपकारी व्यक्तित्व हैं। वक्त के अलग-अलग अवसरों पर इस दिव्य व्यक्तित्व की कहानी को सब कोई घटते हुए देख रहे हैं, एक इतिहास बनते हुए देख रहे हैं, एक सृजनात्मक जीवनगाथा को गुंथते हुए देख रहे हैं। डॉ. किला एक अनूठा एवं विलक्षण व्यक्तित्व है, जो उन्हें ठीक लगता है, वही करते हैं। वे बेचैन रहते हैं किसी के अभाव को देखकर। वे खिल उठते हैं किसी की मुस्कान को देखकर। जैसे सूर्य की किरणें निर्ब्याज भाव से सभी को आलोकित करती है, ऊष्मा पहुंचाती है और चांद की किरणें सभी जगह फैलती है तथा सभी को अपने धवल-शीतल आगोश में सहलाती और तापमुक्त करती है, कुछ ऐसा ही व्यक्तित्व है डॉ. किला का। उनके ज्ञान, सेवा और स्नेह की निर्ब्याज और सतत प्रवाहित स्रोतस्विनी में जिसे भी एक बार अवगाहन करने का सुयोग मिला, वह इस अनुभूति से कृतार्थता का अनुभव किए बिना नहीं रह सका। उनके सान्निध्य से आदमी अचानक तापमुक्त और ऊंचा अनुभव करने लगता हैं। डॉ. किला को देखकर ही मैंने जाना कि आदमी इतना बड़ा होकर भी इतना निरहंकारी, सादगीमय एवं सरल होता है। उन्होंने अपने कर्म क्षेत्र में अनेक नये आयाम गढ़े और वित्त के क्षेत्र को भी अनेक रचनात्मक दिशाएं दी हैं। गरीब एवं निर्धन वर्ग की सेवा में समर्पित डॉ. किला जैसे व्यक्तित्व विरल होते हैं, जिनकी सारस्वत साधना की सुरभि चतुर्दिक व्याप्त है तथा जिनकी यशोपताका सर्वत्र फैली हुई है, तथापि जो अपने व्यक्तित्व को सर्वथा सहज, अकृत्रिम एवं निष्कलुष बनाकर रखे हुए है। मधुरभाषी, व्यवहारकुशल, कुशल प्रशासक, जीवनदृष्टि को समझने में सजग एवं पटु डॉ. किला का जीवन समाजसेवा एवं संवेदनाओं से सराबोर है। 'कभी नहीं हारेगी जिन्दगी' के संकल्प के साथ जरूरतमंदों एवं अभावग्रस्त लोगों की जिन्दगी में रोशनी बनने वाले डॉ. किला 'भाऊराव देवरस सेवा न्यास' के संस्थापक ट्रस्टी एवं कोषाध्यक्ष है। डॉ. किला की प्रकृत-ऊर्जा विलक्षण हैं। वे कितने सारे सामाजिक, धार्मिक अनुष्ठानों, जिम्मेदारियों और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े हैं कि सेवा एवं परोपकार की कितनी शाखाओं और कितनी धाराओं से उनका परिचय रहा, यह देखकर आश्यचर्यचकित रह जाना पड़ता है। उनकी ज्ञान-पिपासा, कर्मठता और निरालस्य सजगता युवकों को चुनौती देने वाले गुण हैं। वे एक समर्थ सामाजिक कार्यकर्ता, चिंतक, मर्मज्ञ और संस्कृतिपुरुष के रूप में एक प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।

डॉ. किला शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वे 'अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच दक्षिणी दिल्ली' के संस्थापक अध्यक्ष हैं। मंच के तत्वाधान में राजस्थान से आने वाले छात्रों के लिये सुपर 30 कार्यक्रम के रूप में संचालित छात्रावास का संचालन करने के साथ ही सीए किला पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से सैकड़ों चार्टर्ड अकाउंटेंट और एमबीए छात्रों का मार्गदर्शन भी कर रहे हैं। निम्न वर्ग के विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क भोजन, आवास एवं शिक्षा की सुविधा भी प्रदान की जाती है व राष्ट्रीय स्तर पर रक्तदान, कैलिपर कैम्प, क्लेफ्ट लिफ्ट, अंगदान और पोलियो उन्मूलन शिविर आदि जैसे विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। वे बड़े से बड़ा कार्य करते हैं लेकिन किसी सामान्य या छोटा-सा काम करने में जरा सा संकोच नहीं करते। अपने उच्च-स्थान का लाभ उठाने का लोभ उन्हें छू भी नहीं पाया। वे जो कुछ हैं, अपनी प्रतिभा, जिजीविषा, संकल्प, भक्ति और संघर्षजन्य शक्ति के बल पर हैं। उन्हें जीवन में अनेक बार कटु अनुभव भी हुए थे, किन्तु उनके व्यक्तित्व में उनका कोई दंश शेष नहीं, अपितु उनके जीवन में सतत-सात्विक मधुरता ही बढ़ती ही जा रही है। डॉ. किला को कभी भी परेशानियों ने विचलित नहीं किया। वे कहते हैं, मुझे लगता है, मुझे ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त हैं, जो कुछ करना चाहता हूं, वह कर रहा हूं। उनका जीवन साधन-सम्पन्न लोगों एवं जरूरतमंदों के बीच एक सेतु हैं, एक पुल है। आशा का पुल, सेवा का पुल, शांति का पुल, जिन्दगी की मुस्कान का पुल। सचमुच वे प्रेरणास्पद हैं और उनमें बड़े मानुष का बड़प्पन झलकता हैं। वे परिवार और समाज के साथ-साथ गरीबों एवं जरूरतमंदों के लिए स्नेह के छांव देने वाले बरगद ही हैं।

अनेक पुरस्कारों से सम्मानित डॉ. किला एक उच्च मूल्य मानकों को जीने वाले व्यक्तित्व हैं। उनके व्यक्तित्व में एक संपूर्ण मनुष्य के सारे गुण समाहित हैं। उनकी सहज आत्मीयता, खुलापन एवं मुक्त अट्टहास अनोखा हैं। उनके मुख पर सदैव मंद-मंद स्मिति ही विलसती हुई देखी जाती है। ऐसा प्रतीत होता है कि मानो उनका समग्र जीवन वित्त-विशेषज्ञता को समर्पित होकर भी सेवा के विविध आयामों से जुड़ा है। वे सामाजिकता की एक अनूठी मिसाल है।

## कविता

बिना श्रम के कोई नहीं बना धन
वान।

वह दूसरों की खुशहाली से परेशान है,
दुनिया की चमक धमक से हैरान है '

खुद ने ईमान का पसीना बहाया नहीं,
बिना श्रम के कोई नहीं बना धन
वान है '

धन की चाहत किसे नहीं होती'
बनना पहले हमें अच्छा इंसान है'

जग की रीत जिसने खोया उसी ने पाया है,
यही धरती का शाश्वत दीन और ईमान है'

दूसरों की शान शौकत देख यह न सोचो,
उसका भाग्य सदैव कितना बलवान है'

जो जग में चमकता सितारा दिखता है,
सफलता के पीछे लुटा दी दिलों-जान है'

आकाश में बह रहीं बहुत गर्म हवाएं हैं'
दुआ है अमन से रहे हमारा ये जहान है'

लालच की चांदनी फिर अंधेरी रात है,
फिर तू क्यों इस लिप्सा में हैरान है'
गहन अंधेरे के बाद रोशनी होती है संजीव,
क्यों है हलकान ईश्वर सब पर एक सा मेहरबान है।

संजीव

# क्या वैश्विक मंच आतंक के सौदागरों का शरणस्थल बन गया है?

प्रो. आरके जैन

**ऑपरेशन** सिंदूर की गूंज ने न केवल भारत-पाकिस्तान सीमा को हिलाकर रख दिया, बल्कि वैश्विक कूटनीति के गलियारों में भी तीखी बहस छेड़ दी। 6 और 7 मई 2025 की मध्यरात्रि को भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए, जो पहलगाम आतंकी हमले का जवाब थे, जिसमें 22 अप्रैल को 26 निर्दोष पर्यटक मारे गए थे। यह कार्रवाई भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति का दमदार संदेश थी। लेकिन इसके बाद की घटनाएँ—आईएमएफ, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक से पाकिस्तान को मिली अरबों डॉलर की आर्थिक सहायता, और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उसे मिली प्रतिष्ठित नियुक्तियाँ—ने वैश्विक समुदाय के रुख पर गहरे सवाल खड़े किए। क्या यह आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में दोहरे मापदंडों का खेल है? भारत और विश्व के दृष्टिकोण से यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि एक ऐसी चुनौती है, जो सच्चाई और न्याय की माँग करती है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए साफ कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई अब केवल शब्दों तक सीमित नहीं है। पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले लश्कर-ए-तैयबा के छाया संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' के तार सीधे पाकिस्तान से जुड़े थे। भारत ने न केवल सैन्य ताकत दिखाई, बल्कि वैश्विक मंच पर कूटनीतिक आक्रामकता भी अपनाई। सात सर्वदलीय सांसद डेलिगेशन अमेरिका, ब्रिटेन, और दक्षिण अफ्रीका जैसे यूएनएससी सदस्य देशों में भेजे गए, ताकि पाकिस्तान की आतंकवाद-समर्थक नीतियों को बेनकाब किया जाए। लंदन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने बीबीसी पर बेबाकी से कहा - अगर पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर से दिक्कत है, तो वह आतंकवादियों के साथ खड़ा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दोहराया कि कश्मीर पर कोई बातचीत केवल पीओके की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर होगी। यह दृढ़ता भारत की बढ़ती वैश्विक साख और उसकी सैन्य-कूटनीतिक शक्ति का प्रतीक है। इसके उलट, पाकिस्तान ने अपनी कमजोर स्थिति को छिपाने के लिए आर्थिक और कूटनीतिक चालें चलीं। 9 मई 2025 को आईएमएफ ने उसे 1 अरब डॉलर की किश्त दी। इसके बाद विश्व बैंक ने 40 अरब डॉलर (2026-2035) की योजना और एशियाई विकास बैंक ने 800 मिलियन डॉलर की सहायता मंजूर की। यह आर्थिक सहायता उस समय आई, जब पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारी कर्ज, मुद्रा अवमूल्यन, और महंगाई के दलदल में फँसी है।

## विचार

# पुरस्कारों का सौदा: साहित्य के बाजार में बिकती संवेदनाएं

डॉ. सत्यवान सौरभ

**साहित्य,** आत्मा की पुकार है। वह सर्जक की साधना का फल होता है – तप, त्याग और संवेदना की अभिव्यक्ति। लेकिन आज, जब हम चारों ओर नजर डालते हैं, तो पाते हैं कि यह साधना अब सहयोग राशि और नामांकन शुल्क की दुकान पर बिक रही है। पुरस्कार अब साधना की स्वीकृति नहीं, पैसे की नीलामी हो गए हैं। ऐसे में प्रश्न उठना स्वाभाविक है – क्या सचमुच साहित्य का मूल्य अब बैंक ट्रांजैक्शन से तय होगा?

**साहित्य के नाम पर चलती मंडी**

आजकल सोशल मीडिया, व्हाट्सएप और मेल पर साहित्यिक आयोजनों के नाम पर संदेश आते हैं सिर्फ1000 में नामित हों, 2500 में पुरस्कार पाएं। कुछ तथाकथित संस्थाएं और व्यक्ति राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, गौरव, रत्न जैसे भारी-भरकम शब्दों से सजे पुरस्कारों का जाल बिछाकर साहित्यप्रेमियों को लुभाते हैं। सच्चाई यह है कि पुरस्कार नहीं, सम्मान की नीलामी हो रही है। इन आयोजनों के अधिकांश आयोजक एक जैसी वेबसाइटें, नकली अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के नाम और सोशल मीडिया प्रचार का सहारा लेकर लोगों को भ्रमित करते हैं। वे एक निश्चित शुल्क लेकर एक ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और कभी-कभी एक ऑनलाइन समारोह की व्यवस्था करते हैं, जो केवल आत्मप्रशंसा का साधन होता है, न कि वास्तविक मान्यता।

**सहयोग राशि या पुरस्कार की दलाली?**

इन आयोजनों के पीछे अक्सर एक चतुर चाल होती है – इसे सहयोग राशि या प्रेस रिलीज खर्च कहकर नैतिक जामा पहनाया जाता है। पुरस्कार एक साधक को उसके योगदान पर दिया जाना चाहिए, न कि उसकी जेब देखकर। जब कोई लेखक अपनी मेहनत से एक रचना गढ़ता है, वह अपने समय, जीवन और संवेदना का अंश उसमें उड़ेलता है। और फिर कुछ लोग आते हैं – पैसा दो, पुरस्कार लो – क्या यह साहित्य की आत्मा का अपमान नहीं? यहां साहित्य एक उत्पाद बन गया है और लेखक उपभोक्ता। पुरस्कार की शर्तें तय नहीं होतीं उनके रचनात्मक मापदंड पर, बल्कि वढक भुगतान और स्क्रीनशॉट की पुष्टि पर होती हैं।

**भाषा की दुर्गति के सौदागर**

ऐसे आयोजनों के जरिए न सिर्फ साहित्य को ठगा जा रहा है, बल्कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के नाम पर योजनाबद्ध गिरावट फैलाई जा रही है। जो सम्मान कभी राष्ट्रगौरव का प्रतीक होता था, वह अब टिकट खरीदकर पाई जाने वाली वस्तु बन गया है। यह भाषाई संस्कृति पर हमला है, जिसका संगठित बहिष्कार आवश्यक है। अनेक फर्जी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विदेशी नामों की आड़ में भारत के भीतर ही संचालित हो रहे हैं। इन आयोजनों का एक ही उद्देश्य होता है – नाम की आड़ में पैसा कमाना और साहित्यिक गंभीरता का शोषण करना।

**साहित्य को साधना ही रहने दो, सौदा मत बनाओ**

सच्चा साहित्यकार पुरस्कार के लिए नहीं, समाज के लिए लिखता है। वह पुरस्कार के पीछे नहीं भागता, पुरस्कार उसकी साधना के पीछे भागते हैं। आज जरूरत है ऐसे छलछंद को उजागर करने की, जो साहित्य को सिर्फ एक सेल्फी इवेंट बना रहे हैं। पुरस्कारों की गारंटी देने वाले लोग दरअसल साहित्य की आत्मा के हत्यारे हैं। ऐसे पुरस्कारों से न केवल साहित्यिक गरिमा घटती है, बल्कि युवा लेखकों को एक गलत प्रेरणा मिलती है – कि रचना से अधिक महत्वपूर्ण है, उसकी मार्केटिंग और भुगतान। समाज को सजग बनाइए, बहिष्कार कीजिए। अब समय आ गया है कि हम ऐसे आयोजनों का बहिष्कार करें, पैसे लेकर पुरस्कार बेचने वालों का सामाजिक पदार्फाश करें, सोशल मीडिया और पत्रिकाओं में इनके नाम उजागर करें, सच्चे साहित्यकारों और पाठकों के बीच चेतना फैलाएं, साहित्य को आत्मा की अभिव्यक्ति बनाए रखें, उसकी बोली न लगने दें।

**नकली पुरस्कारों का जाल कैसे पहचानें?**

पुरस्कार पाने से पहले नामांकन शुल्क या सहयोग राशि मांगी जाए तो सतर्क हो जाइए। जिन आयोजनों के पीछे कोई प्रतिष्ठित संस्थान न हो, केवल फेसबुक पेज या गूगल फॉर्म हो – वे संदिग्ध होते हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# लगातार गायब होते सिक्के और दुर्लभ होते नोट

**आज** का विषय शुष्क जरूर है लेकिन है महत्वपूर्ण. आज हम भारत की उस मौद्रिक प्रणाली की बात कर रहे हैं जिसके चलते हमारे देश से तमाम नोट और सिक्के गायब हो रहे हैं. हम शायद ऐसी आखिरी पीढी के लोग होंगे जिन्होने अपने देश की सबसे छोटी मुद्राक्ष1 पैसे के सिक्के या एक रुपये के नोट को बाजार में चलते हुए देखा थ. धीरे धीरे ये सिक्के और नोट चलन से बाहर हो गये. अब 2000 के नोट के बाद 2रुपये का नोट भी दुर्लभ हो रहा है.

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा मुद्रा व्यवस्था में बड़ी बदलाव की गई है। आरबीआई ने 2, रु5 और 2000 के नोटों की छपाई बंद कर दी है। इस बदलाव का मुख्य मकसद डिजिटल करेंसी को बढ़ावा देना है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया पहले 2000 नोटों की छपाई बंद कर चुका है। अब ?2 और ?5 के नोटों की छपाई पर भी रोक लग जाएगी.अब ऐसे नोट आम लोगों के जेबों से भी गायब हो चुके हैं। इसका चलन लगभग बंद हो चुका है। सिर्फ नोट ही नहीं बल्कि सिक्कों के इस्तेमाल में भी कमी देखने को मिल रही है। छोटे लेनदेन के लिए ही लोग अब 2 या 5 के सिक्कों का इस्तेमाल करते हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने बताया कि ऐसे नोटों के छपाई में ज्यादा खर्चा रहा था। हर साल इसके छपाई में लगभग 6372 करोड रुपए तक का खर्च आ जाता था। लेकिन इसका इस्तेमाल बेहद कम किया जाता था, यही वजह है कि ऐसे नोटों को बंद करने का फैसला लिया गया है।

आरबीआई ने साफ किया है कि पुराने और गंदे नोटों का रीसायकल किया जाएगा। आज के समय में ऑनलाइन पेमेंट को बढ़ावा दिया जा रहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने साफ कर दिया है कि कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा दिया जाएगा यही वजह है कि छोटे नोटों को अब बंद किया जा रहा है। अभी कुछ समय पहले ही रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने 5 के पुराने सिक्के को बंद करने का फैसला लिया था। इसका मुख्य कारण था ऐसे सिक्कों को छापने में काफी ज्यादा खर्च आ रहा था। अब दो और 5 के नोटों को बंद करने का भी और आरबीआई ने फैसला किया है और जल्द ही ऐसे नोट मार्केट से पूरी तरह गायब हो जाएंगे।

# बेंगलुरु की भगदड़: आईपीएल के जश्न में खोई मासूमियत

**भारत** में क्रिकेट केवल खेल नहीं, एक राष्ट्रीय भावना और सामाजिक ऊर्जा का प्रतीक है। विशेष रूप से आई पी एल क्रिकेट, जिसने बीते वर्षों में मनोरंजन से कहीं अधिक व्यापक सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व अर्जित कर लिया है। यह आयोजन आज भारतीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन, रोजगार और डिजिटल विकास से जुड़ा एक प्रमुख आयाम बन गया है। लेकिन हाल ही में बेंगलुरु स्टेडियम में हुई भगदड़ की घटना ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह सोचने पर मजबूर किया है कि क्या हम इस जनमानस के उत्सव के लिए पर्याप्त रूप से तैयार हैं? बेंगलुरु में एक प्रमुख आईपीएल मैच से पहले टिकट वितरण केंद्र और स्टेडियम के बाहर अत्यधिक भीड़ एकत्र हो गई थी। टिकटिंग प्रणाली में गड़बड़ियों, सूचना के अभाव और सुरक्षा बलों की अपर्याप्त तैनाती के कारण अफरा तफरी मच गई, जिससे भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस घटना में कई निर्दोष क्रिकेट प्रेमियों की जान चली गई, और सैकड़ों घायल हुए। ऐसे आयोजन जो जनता के लिए उत्सव का अवसर होने चाहिए, वे इस प्रकार त्रासदी में बदल जाएं, तो यह प्रशासन, आयोजन समिति और सुरक्षा एजेंसियों की सामूहिक विफलता को दशार्ता है। यदि आई पी एल जैसे हाई-प्रोफाइल आयोजन में भी यह स्थिति है, तो यह प्रश्न उठता है कि क्या हमारी भीड़ नियंत्रण प्रणाली केवल कागजी दस्तावेजों तक सीमित रह गई है? आई पी एल क्रिकेट को केवल मनोरंजन से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। आज यह आयोजन भारतीय अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख इंजन बन गया है। इससे जुड़ी गतिविधियाँ—जैसे होटल उद्योग, परिवहन, खानपान, टूरिज्म, डिजिटल मीडिया और खुदरा व्यापार—सभी को व्यापक आर्थिक बल प्रदान करती हैं। राजनीतिक संकट भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने खड़ी हैं, तब आई पी एल जैसे आयोजनों का सकारात्मक आर्थिक प्रभाव और भी अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाता है। इससे जुड़े लाखों अस्थायी और स्थायी रोजगार, विदेशी निवेश, और पर्यटन से प्राप्त राजस्व सरकार के लिए भी राहत का स्रोत हैं।

## न्यूज फ्लैश

### नशा तस्करों की धरपकड़ : सर्च ऑपरेशन तहत संदिग्ध नशा तस्करों के घरो में की गई सघन जांच



**कैथल (नसीब सैनी):** कैथल के कलायत, राजौंद, गुहला क्षेत्र में कमांडो दस्ते के साथ 25 पुलिस टीमों में शामिल करीब 200 पुलिस कर्मचारियों द्वारा स्नाइपर डॉग की सहायता से सर्च आपरेशन चलाया गया। जिसके तहत पूरे क्षेत्र में आमजन के मन में सुरक्षा के भावों को पुख्ता किया गया व करीब 150 संदिग्ध घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छीपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो।
एसपी आस्था मोदी ने कहा कि सुबह-सुबह चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक कार्यों में शामिल आरोपी जो गैर कानूनी तरीके से रह रहे हों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है।
इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, इसके साथ साथ नशा ना करने बारे भी जागरूक किया गया। पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा और इससे या तो अपराधीक व्यक्ति अपराध करना छोड़ देगा या वह कैथल के क्षेत्र को छोड़ देगा।

### नशीला पदार्थ की तस्करी करते अंतरराज्यीय नशा तस्करो को हरियाणा एनसीबी की सिरसा यूनिट ने किया काबू।

**सिरसा( रणबीर खटक)टीम एक्शन इंडिया**
**प्रदेश** को नशा मुक्त करने के हरियाणा सरकार के अभियान को साकार करने में हरियाणा एनसीबी द्वारा कार्यवाही करते हुए ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने जिले के सिविल लाइन, सिरसा थाना एरिया मे अवैध नशीले पदार्थ के कारोबार मे लिप्त तीन अंतरराज्यीय नशा तस्करो को पुरानी कचेरी रोड पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया। विदित है कि ब्यूरो प्रमुख/महानिदेशक ओ.पी. सिंह के दिशा निर्देशों पर पुरे प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। विस्तृत जानकारी देते हुए हरियाणा एनसीबी सिरसा यूनिट के इंचार्ज उप निरीक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक श्री जगजीत सिंह के निर्देशन में स.उप.नि. गुरलाल सिंह अपनी टीम के साथ थाना सिविल लाइन, सिरसा के एरिया मे टाउन पार्क की तरफ से रेलवे फाटक सिरसा की तरफ आ रहा था की तभी तीन संदिग्ध पुलिस पार्टी को देखकर रास्ता बदलने लगे। शक की स्थित मे पुलिस टीम द्वारा तुरन्त कार्यवाही करते हुए तीनों आरोपियों को अवैध नशीले पदार्थ सहित काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान आकाशदीप पुत्र लीला सिंह, अमृतपाल पुत्र जगशीर सिंह, हरदीप सिंह पुत्र गुरदेव सिंह के रूप मे हुई। तीनों आरोपी जिला मानसा, पंजाब के रहने वाले है। राजपत्रित अधिकारी के सामने आरोपियों की तलाशी ली गई तो उसके पास बैग से 11.050 किलोग्राम प्रतिबंधित नशीला पदार्थ चुरा पोस्त पोस्त बरामद हुआ। अतिरिक्त जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया की आरोपियों के किसी अंतरराज्यीय नशा तस्करी गिरोह के सदस्य होने की भी संभावना हो सकती है तथा आगामी कार्यवाही मे हरियाणा पंजाब मे सक्रिय इस गिरोह का पता लगाया जाएगा। आरोपियों पर थाना सिविल लाइन, सिरसा मे एन.डी.पी.एस. अधिनियम कि विभिन्न धाराओं में माध्यामिक मात्रा का मुकदमा दर्ज किया गया है।
आरोपियों को माननीय न्यायालय के सामने पेश करके रिमान्ड पर लेकर आगामी कार्यवाही की जाएगी और नशे के व्यापार में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।
आगे आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दे तो भारत सरकार के द्वारा

# केंद्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से नूंह जिला विकास की ओर अग्रसर: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की मेवात विकास बोर्ड की 31वीं बैठक की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुन्हाना मनीष आहूजा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेवात क्षेत्र में बच्चों के शिक्षा स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से अब 10वीं व 12वीं कक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सामान्य व अन्य वर्ग के विद्यार्थियों को 51 हजार रुपए प्रति छात्र तथा अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को 1 लाख 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि को मुख्यमंत्री मेवात छात्र प्रतिभा सम्मान योजना के रूप में दिए जाएंगे । उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान करने के लिए भी विस्तार से योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री मेवात विकास बोर्ड की 31वीं बैठक की अध्यक्षता



करते हुए मेवात क्षेत्र के विकास को लेकर अनेक कल्याणकारी योजनाओं पर मोहर लगाई। बैठक में पहुंचने पर मेवात विकास बोर्ड के चेयरमैन एवं गुरूग्राम मंडल आयुक्त रमेश चंद्र बिढ़ान ने मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। जिला प्रशासन की ओर से डीसी विश्राम मीणा ने बैठक में बिंदूवार एजेंडे रखते हुए मुख्यमंत्री के समक्ष रिपोर्ट रखी। विकासात्मक स्वरूप के साथ आकांक्षी जिला में 108 से 20वें पायदान पर पहुंचा नूंह
मुख्यमंत्री ने शनिवार को मनाए जाने वाले ईद पर्व की सभी प्रदेशवासियों को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज मेवात क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ विकासात्मक स्वरूप में हर क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नूंह जिला को आकांक्षी योजना में शामिल करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय सहयोग देने की सार्थक पहल की। 2018 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी जिसमें देश के 112 अपेक्षाकृत पिछड़े व दूरदराज के जिलों में नूंह को शामिल किया गया था, तब नूंह जिला 108वें स्थान पर था किंतु केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर मेवात क्षेत्र पर किए गए फोकस का परिणाम है कि आज के दिन नूंह जिला आकांक्षी जिलों में 20वें पायदान पर है जोकि क्षेत्र के विकासात्मक स्वरूप का साक्षात उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मेवात क्षेत्र निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि एवं जल संसाधन के साथ ही वित्तीय सामवेशन व कौशल विकास के साथ नूंह जिला का बुनियादी ढांचा मजबूत हुआ है।

## डेढ़ साल बाद जागा विभाग, गांव में जल घर लगाने का काम हुआ शुरू



**इंद्री/टीम एक्शन इंडिया**
डेरा बुर्ज गांव में जल घर बनाने का काम शुरू हो चुका है। इसके लिए पब्लिक हेल्थ डिपार्मेंट द्वारा गांव में बोर वेल का काम कराया जा रहा है।
आपको बता दें कि यहां के ग्रामीण पिछले डेढ़ साल से पीने के स्वच्छ पानी की कमी से परेशान थे। क्योंकि गांव में किसी तरह का कोई भी स्वच्छ पानी की सप्लाई के लिए ट्यूबवेल नहीं था। ग्रामीणों के अनुसार यहां पर जो ट्यूबवेल पिछले डेढ़ साल पहले लगा हुआ था उसको भी संबंधित विभाग द्वारा उखाड़ लिया गया था। ऐसे में भी लोग दूसरे गांव से पीने के पानी के लिए टैंकर भरवा कर मांगते थे। इसी पानी को वो लोग बर्तनों में भरकर अपने घर ले जाते थे और में अपना पूरा दिन गुजारते थे। गांव में पीने के पानी की सप्लाई न होना उनके लिए एक बहुत बड़ी समस्या थी। इसके लिए कई बार वह विभागीय दफ्तरों के चक्कर काट चुके थे। लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा था।
लेकिन अब डेढ़ साल बाद कहीं जाकर संबंधित विभाग जगा है और उन्होंने उनके गांव की सुध ली है। गांव में बोर करने का काम तो शुरू हो गया है जल्द ही स्वच्छ पानी के लिए ट्यूबवेल भी लग जाएगा और उनकी यह समस्या खत्म हो जाएगी।

## पूर्व सैनिक के साथ 15 लाख की धोखाधड़ी

**खरखौदाः** नासिरपुर चौलका के रहने वाले एक पूर्व सैनिक ने गांव के ही दो सगे भाईयों पर उसे प्लाट देने के नाम पर 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। भीम सिंह का कहना है कि आरोपित न तो उसे उसके पैसे ही लौटा रहे हैं और न ही उसे वह प्लाट दे रहे हैं। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। भीम सिंह का कहना है कि उसने गांव में एक ही पांच सौ गज के प्लाट की खरीद गांव के दो सगे भाईयों नवीन व नीरज के साथ की थी। जिसकी एवज में 15 लाख रुपये देने के साथ ही फूल पेमेंट का एग्रीमेंट भी कर लिया था। वहीं तीन लाख रुपये में उक्त प्लाट का मिट्?टी भरत करने की भी दोनों भाईयों ने हामी भरी थी।

## जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुन्हाना मनीष आहूजा**
शनिवार को जिले में ईद-उल-अजहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, तावडू व नूंह सहित सभी शहरों व गांवों में मस्जिदों से लेकर ईदगाहां में हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज पढ़ देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी।
मौलानाओं ने भी सभी से आपसी भेदभाव भुला कर भाईचारे से त्योहार मनाने की अपील की। इस अवसर पर समाज के बड़े बुजुर्गों से लेकर छोटे बच्चों ने भी नमाज अदा की। सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चे नए-नए वस्त्र पहन कर मस्जिदों में पहुंचने लगे। ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे



को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। लोगों ने इस खुशी के मौके पर पुराने गिले-सिकवे दूर कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। विधायक आफताब अहमद, महताब अहमद, विधायक मोहम्मद इलियास, पूर्व विधायक रहीस खान, इनेलो के जिलाध्यक्ष सुभान खां सिंगारियां, भाजपा नेता अख्तर हुसैन, एजाज खान, तारीफ नंबरदार एवं जिला पार्षद सहित गणमान्य लोगों ने भी ईंद पर भाईचारे की दुआ मांगते हुए लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने बताया कि ईद का त्योहार खुशियों का त्योहार होता है जिसमें पुराने गिले सिकवे दूर कर एक दूसरे को गले से लगाते हैं व यह त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इसका मतलब यह है कि हमे दूसरों की भलाई के लिए अपने इच्छाईओं की कुबार्नी देनी चाहिए। इस दिन हर आदमी के चेहरे पर एक अलग खुशी की चमक होती है। बता दें कि इस्लाम धर्म में ईद की बडी अहमियत है। इस्लाम धर्म को मानने वाले सभी मुस्लमान इसको बडे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। इस दिन सभी लोग नए-नए कपडे पहनते हैं और गांव से दूर बनी ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ते हैं। इस दिन लोग अपने पुराने झगडे व विवाद को भुलाकर एक-दुसरे के गले मिलकर ईद की खुशी बांटते हैं। मुस्लिम बहुल इलाका-ए-मेवात में ईद की खुशी में सभी हिंदु-मुस्लिम शरीक होते हैं।

## एसडीएम ने खंड मोरनी व रायपुर रानी में सड़कों व पुलों का किया निरीक्षण

**पंचकूला/टीम एक्शन इंडिया**
उपमंडल अधिकारी नागरिक पंचकूला श्री चंद्रकांत कटारिया द्वारा मानसून की तैयारी का जायजा लेने के लिए खंड मोरनी तथा रायपुर रानी में सड़कों व पुलों का निरीक्षण किया गया ' निरीक्षण के दौरान मोरनी खंड के गांव थाना, भूड़ी, थालापुर, बरात,ओर शेर गुजरा में कई जगह खतरनाक भूस्खलन व रोड टूटी हुई मिली जिनके लिए उपमंडल अधिकारी पंचकूला द्वारा नरेश कुमार जेई ढहञ(इ&फ) को निर्देश दिए कि इन्हें अपनी जल्द से जल्द रिपेयर करें और भविष्य में भूस्खलन को रोकने के लिए रिटेनिंग वॉल को और ऊंचा करें ताकि कोई भी हादसा ना हो।
निरीक्षण के दौरान उनके साथ अंकुर कुमार बीडीपीओ मोरनी, नरेश् ी स्रर्द्द्व&१, एसडीओ सिंचाई, जे ई सिंचाई, असिस्टेंट सॉइल कंजर्वेशन अधिकारी रायपुर रानी भी थे।
इसके अलावा एसडीएम ने बटवल गांव के साथ-साथ गुजरने वाली नदी टांगरी नदी के रिवर बैंक्स का भी निरीक्षण किया एसडीओ सिंचाई, को निर्देश दिए कि रिवर साइड को मानसून की स्थिति को देखते हुए और मजबूत करें ताकि भविष्य में मानसून के दौरान ज्यादा पानी आने पर खेतों में किसानों की फसलों को कोई नुकसान न पहुंचे।

## पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला यमुनानगर में कार्यकताओं के बीच पहुंचे

**विचार विमर्श**

**रणजीत चौटाला ने कार्यकताओं के बीच पहुंचकर राजनीतिक भविष्य को लेकर विचार विमर्श किया**

**यमुनानगर (धर्मबीर)-** हरियाणा के पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला आज यमुनानगर में कार्यकताओं के बीच पहुंचे। रणजीत चौटाला ने कार्यकताओं के बीच पहुंचकर अपने



राजनीतिक भविष्य को लेकर विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा भविष्य में यदि कार्यकर्ता चाहे तो वह नहीं राजनीतिक पार्टी का गठन कर सकते हैं या किसी गठबंधन में रहकर जनता की सेवा करने का प्रयास करेंगे। किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए रणजीत चौटाला ने कहा आज का किसान नेतृत्व विहीन हो चुका है कोई भी राजनीतिक दल किसानो के हितो के लिए सीधी बात नहीं करते हैं वह चुनाव के समय वादे तो जरूर करते हैं परंतु उनका पूरा करने में गंभीरता नहीं दिखाते इसी प्रकार जातिगत मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल लोगों को जातियों में बांटने का काम करते हैं राजनीतिक दल चुनाव के समय जातियों के मुद्दे को खूब बनाने का प्रयास करते हैं परंतु चुनाव के बाद 5 साल तक इस मुद्दे को ठंडा बस्ते में डाल दिया जाता है।
उन्होंने कहा कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीड होते हैं वह भी कार्यकताओं के दम पर ही अपनी राजनीति करते हैं उन्होंने बीती भाजपा सरकार में मंत्री रहते हुए कभी भी अपने पद का दुरुपयोग नहीं किया उन्होंने हमेशा साफ रूप साफ सुथरी राजनीति को प्राथमिकता दी है साथ ही उन्होंने कार्यकताओं को भी भ्रष्ट और लालच से ऊपर उठकर संगठन के हित में काम करने का आह्वान किया।

## ग्रीनमैन' प्रो. दलजीत कुमार को पानीपत शुगर मिल में हर्बल ऑक्सीजन बाग बनाने पर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पानीपत शुगर मिल परिसर में 'ग्रीनमैन' के नाम से प्रसिद्ध देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सहायक प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत दलजीत कुमार ओप्पोने लगभग 2 एकड़ भूमि पर "हर्बल ऑक्सीजन बाग" का निर्माण किया है। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इस बाग में विभिन्न प्रकार के आयुर्वेदिक और फ्रूट के ऑक्सीजन के पौधे रोपित किए गए है जिनमें तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा, ब्राह्मी, शंखपुष्पी, नीम,हींग, एलोवेरा, और लेमन



ग्रास, आम, अमरूद कटहल, जंगल जलेबी, अर्जुन, सहजन, आडू, आलूबुखारा, निम्बू, बेलपत्र, चम्पा, चमेली, बरगद, पीपल, गूलर, अंजीर, इंसुलिन, पारिजात, आदि की 80 से अधिक प्रकार के पौधे शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता को बढ़ावा देना, और स्थानीय समुदाय को औषधीय पौधों के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इस सराहनीय कार्य के लिए पानीपत शुगर मिल के प्रबंध निदेशक मंदीप कुमार ने प्रो. दलजीत कुमार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

## जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीष जिंदिया ने न्यायालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।
इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजन वालिया, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन किनरा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवेश सिंगला सहित न्यायालय के अन्य न्यायिक अधिकारीगण व कोर्ट स्टाफ ने भी पौधे लगाए।

## भगवान परशुराम सत्य और धर्म को आगे बढ़ाते रहे हैं: विधायक

**स्वागत**

**सोसायटी सदस्यों के द्वारा मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह यादव का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । सतनाली में भगवान परशुराम वेलफेयर सोसायटी के द्वारा भगवान परशुराम मंदिर का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह यादव के कर कमलों द्वारा किया गया।सोसायटी सदस्यों के द्वारा मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह यादव का फूल



मालाओं से स्वागत किया गया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि भगवान परशुराम को साहस, विद्वता एवं वीरता का प्रतीक माना जाता है।भगवान परशुराम सदैव सत्य और धर्म को आगे बढ़ाते रहे हैं। भगवान परशुराम एक समाज के नहीं, बल्कि सर्वसमाज के लिए पूजनीय है। उन्होंने कहा कि हमें भगवान परशुराम के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए।भगवान परशुराम से हमें भगवान परशुराम के जीवन से अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने मानवता के लिए कार्य करने को प्रेरित किया।विधायक ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर समाज और देश के उत्थान के लिए प्रयास करने का आह्वान किया।भगवान परशुराम वेलफेयर सोसायटी सतनाली द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर बाबा वचनाई नाथ जिला पार्षद, शिव कुमार शास्त्री,श्याम प्रकाश शर्मा,रतन लाल मिश्रा,राजेंद्र प्रसाद शर्मा,सुधीर दीवान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बीजेपी, मनोज गौतम,इंद्रपाल यादव आदि उपस्थित रहे।

## महिलाएं स्वच्छता के संकल्प को करें साकार : रेनू बाला गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर निगम कार्यालय के सभागार में नारी की भागीदारी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शिरकत की। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, वार्ड 1 की पार्षद सुदेश रानी, वार्ड 10 की पार्षद आशया कुमार, वार्ड 15 की पार्षद प्रियंका सैनी तथा वार्ड 17 की पार्षद ममता देवी, कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रही।
कार्यक्रम में नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन-




शहरी टीम के सदस्यों ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वच्छता और स्वस्थता के प्रति जागरूक किया गया, ताकि स्वच्छ भारत मिशन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। महिलाओं को बताया गया कि वह किस प्रकार अपने देश को स्वच्छ बनाने में योगदान दे सकती हैं। वह किन-किन सावधानियों को अपनाकर स्वयं का और अपने परिवार की सेहत का ध्यान रख सकती है।
इस दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता पर ज्यादा फोकस किया गया। महिलाओं को कूड़ा पृथक्करण के तहत गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने बारे जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त पीले, लाल और काले रंग के डस्टबिन में कौन-कौन सा कचरा डाला जाता है, उसकी जानकारी दी। एकल प्रयोग प्लास्टिक का उपयोग न करने बारे में जागरूक किया गया।
इस दौरान सभागार में लगी स्क्रीन के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के अम्बिकापुर जिले की विडियो दिखाई गई, जिसमें वहां की 400 से अधिक महिलाओं का समूह शहर से कूड़ा-कचरा एकत्र कर उसका 156 प्रकार से पृथक्करण करता है। इस कार्य से उनकी पूरे देश में सराहना हुई और उन्हें बेस्ट सिटी का अवार्ड भी मिला था। यह सब उन महिलाओं का स्वच्छता से लगाव, नई पहल और नई सोच से ही संभव हुआ है।
महापौर रेनू बाला गुप्ता ने भारत माता की जयघोष के साथ अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हमारे देश की महिलाएं जब एक संकल्प को लेकर चलती हैं, तो उस कार्य को पूरा करने की क्षमता पूर्ण करती हैं। इसी संकल्प के साथ हमें अपने शहर, राज्य व देश को स्वच्छ बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से स्वच्छ भारत मिशन का जो संकल्प लिया था, वह पूरा होता नजर आ रहा है। बीते 10-11 वर्षों में देश की स्वच्छता ने विश्व स्तर पर नए आयामों को छूआ है।

## उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिलावासियों को दी ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं

**पुन्हाना मनीष आहूजा**
जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिला वासियों को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं मुबारकबाद दी है। उपायुक्त ने अपने बधाई संदेश में कहा कि "ईद-उल-अजहा का त्योहार त्याग, बलिदान, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी सौहार्द, मानवता की सेवा और समाज में शांति और एकता बनाए रखने की प्रेरणा देता है।" उन्होंने कामना की कि यह पर्व जिले के सभी नागरिकों के जीवन में अमन, चैन और बरकत लेकर आए। जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सभी नागरिकों से यह भी अपील की कि वे पर्व को आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं व



सामाजिक समरसता बनाएं रखने में सहयोगी बनें।

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग प्रशिक्षण कार्यक्रम
पुन्हाना मनीष आहूजा
21 जून को संपूर्ण विश्व में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा
यह कार्यक्रम जिला स्तर एवं सभी ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. यशबीर गहलावत ने? बताया कि? 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में सरकार से प्राप्त निदेर्शानुसार आयुष विभाग नूंह के अधीन कार्यरत आयुष योग सहायकों एवं योग प्रशिकों द्वारा सभी विभागों, संस्थाओं व संगठन सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन व प्राणायाम कराया जा रहे हैं।
इसी कड़ी को लेकर राजेश कुमारी आयुष योग सहायक द्वारा हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह में पतंजलि वॉलिंटियर्स व आमजन को सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग और प्राणायाम कराया व योग के लाभों के बारे में बताएं।

## न्यूज फ्लैश

### थाना पडाव क्षेत्र से 15 ग्राम स्मैक तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना पडाव क्षेत्र 12 क्रास रोड नजदीक पानी टंकी के पास से नशा तस्करी के मामले में 6 जून 2025 को सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक अनील कुमार के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी औमप्रकाश उर्फ बाबु निवासी कच्चा बाजार अम्बाला छावनी को 15 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। 6 जून 2025 को सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है और आज थाना पडाव क्षेत्र 12 क्रास रोड नजदीक पानी टंकी के पास मादक पदार्थ बेचने के लिए खडा है। सूचना उपरान्त पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए पडाव क्षेत्र 12 क्रास रोड नजदीक पानी टंकी के पास से सन्दिग्ध आरोपी को काबु कर विधिपूर्वक तलाशी ली जिससे 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी की पहचान औमप्रकाश उर्फ बाबु निवासी कच्चा बाजार अम्बाला छावनी के रुप में हुई, जिसे उपरोक्त मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर थाना पडाव में मामला दर्ज किया गया।

### छावनी में पकड़ी अवैध शराब की बोतलों को किया नष्ट



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** थाना अंबाला छावनी में एक्साइज एक्ट के अंतर्गत पकड़ी गई अवैध शराब की बोतलों को माननीय न्यायालय से आदेश पारित करवा कर कमेटी की निगरानी में नष्ट किया गया है। प्रबंधक थाना अंबाला छावनी अजैब सिंह ने बताया कि अंबाला छावनी में एक्साइज एक्ट के अंतर्गत पुराने 61 मामलों में पकड़ी गई अवैध शराब की 748 अंग्रेजी व देशी बोतलों को नष्ट करने हेतु माननीय न्यायालय से आदेश पारितकरवाए गए थे' माननीय न्यायालय के आदेशों की पालना करते हुए तथा गठित कमेटी की निगरानी में इन्हें दुरस्त हालत में नष्ट कर न्यायिक प्रकिया अनुसार कार्यवाही की गई है। उप पुलिस अधीक्षक बराडा सुरेश कुमार ने बतलाया कि समय- समय पर इस प्रकार पकड़ी गई अवैध शराब तथा नशीले पदार्थों को माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार नष्ट किया जाता है '

# युवा पत्रकार अमनदीप पिलानिया ने 25वीं बार किया रक्तदान

**"रक्तदान से न केवल दूसरों की जिंदगी बचती है, बल्कि यह हमारे शरीर के लिए भी लाभकारी है"**

**संकल्प**

**भागीदारी के लिए जाने जाने वाले अमनदीप, जो पहले अपनी आँखें दान करने का संकल्प ले चुके हैं**



टीम एक्शन इंडिया
**जींद, हरियाणा:** आज, 7 जून 2025 को जींद सामान्य अस्पताल के ब्लड बैंक में युवा पत्रकार अमनदीप पिलानिया ने 25वीं बार रक्तदान कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी के लिए जाने जाने वाले अमनदीप, जो पहले अपनी आँखें दान करने का संकल्प ले चुके हैं, ने रक्तदान को न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया, बल्कि इसे एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी युवाओं से रक्तदान करने की अपील की, ताकि जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सके। रक्तदान का महत्व और युवाओं से अपील अमनदीप ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, "रक्तदान से न केवल दूसरों की जिंदगी बचती है, बल्कि यह हमारे शरीर के लिए भी लाभकारी है। गर्भवती महिलाओं, दुर्घटना में घायल लोगों और अन्य गंभीर मरीजों को अक्सर रक्त की आवश्यकता होती है। इसलिए, प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।" उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनका लक्ष्य 100 बार रक्तदान करने का है, और इसके बाद भी वे इस नेक कार्य को और आगे बढ़ाने का इरादा रखते हैं। अमनदीप ने बताया कि वे साल में चार बार नियमित रूप से रक्तदान करते हैं और इसे अपनी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा मानते हैं। सड़क सुरक्षा पर जोर, हेलमेट को बताया अनिवार्य रक्तदान के साथ-साथ अमनदीप ने सड़क सुरक्षा के प्रति भी अपनी जागरूकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "जब मैं सुबह घर से बाइक पर निकलता हूँ, तो हमेशा हेलमेट पहनता हूँ। मैं सभी युवाओं से अनुरोध करता हूँ कि वे भी बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। हेलमेट आपकी और आपके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, क्योंकि आपके पीछे आपका पूरा परिवार आपका इंतजार करता है।" उनकी यह अपील सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अस्पताल प्रशासन ने की अमनदीप की सराहना जींद सामान्य अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. राजेश भोला ने अमनदीप के जुनून और समर्पण की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने बताया, "आज सुबह अमनदीप का फोन आया, जिसमें उन्होंने रक्तदान करने की इच्छा जताई। उनके इस जज्बे को देखते हुए, मैंने छुट्टी के दिन भी ब्लड बैंक में सभी आवश्यक प्रबंध करवाए। अमनदीप का रक्तदान के प्रति समर्पण और साल में चार बार रक्तदान करने की उनकी नियमितता प्रेरणादायक है।" डॉ. भोला ने आगे कहा, "अमनदीप न केवल पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी सराहनीय है। उनके जैसे युवाओं की बदौलत समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। मैं अन्य युवाओं से भी अपील करता हूँ कि वे अमनदीप से प्रेरणा लें और रक्तदान जैसे नेक कार्य में हिस्सा लें।"

### एयरवाल्व लीक होने से प्रेशर बढ़ गया था और वाल्व टेढ़ी हो गई थी



**पेयजल संकट**

**पेयजल की कमी की शिकायत आ रही है वहा पर निगम टेंकरों से पेयजल उपलब्ध करवा रहा है**

**सोनीपत/संजीव कौशिक**
देवीलाल पार्क के पास रैनीवेल की लाइन लीक होने से पिछले चार दिनों से सेक्टरों में पेयजल संकट गहराया हुआ है, हालांकि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी मरम्मत के काम में लगे हुए हैं परन्तु लीकेज बड़ी होने के कारण लाइन की मरम्मत नहीं हो पाई है। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने शनिवार को मोके पर जाकर जायजा लिया और मरम्मत कार्य के बारे में जानकारी ली। कर्मचारियों ने बताया कि एयरवाल्व लीक होने से प्रेशर बढ़ गया था और वाल्व टेढ़ी हो गई थी। आसपास पानी इतना ज्यादा भर गया था कि मरम्मत करने में परेशानी आ रही थी। राजीव जैन ने बताया कि आज जे सी बी मशीन कीचड़ में नहीं चल पा रही है इसलिये चैन वाली पाम लेन मशीन मंगाई गई है, उम्मीद है कि आज शाम तक मरम्मत कार्य पूरा हो जौएगा। उन्होंने बताया कि जंहा से पेयजल की कमी की शिकायत आ रही है वहा पर निगम टेंकरों से पेयजल उपलब्ध करवा रहा है।

### ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया गया



टीम एक्शन इंडिया
**यमुनानगर/(धर्मबीर)-** यमुनानगर के मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद उल अजहा का त्यौहार पुराना हमीदा स्थित ईदगाह में भव्य तरीके से मनाया गया। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर निगम मेयर सुमन बहमनी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। इस मौके पर उन्होंने त्याग, भाईचारे और इंसानियत के मूल्यों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए परिवर्तन को विशेष रूप से उल्लेख किया। मेयर सुमन बहमनी ने अपने संबोधन में कहा कहा कि ईद उल-अजहा का पर्व हमें एकजुटता और समर्पण की प्रेरणा देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि त्याग और भाईचारा ही समाज की असली पूंजी होते हैं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक दुआ और अमन-चैन की कामना के साथ हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में सौहार्द, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### डीएवी स्कूल में स्किल एजुकेशन कार्यक्रम का भव्य समापन



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** डी.ए.वी. विद्यालय में आयोजित कला संस्कार शिविर एवं स्किल एजुकेशन कार्यक्रम का आज शानदार समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पूरे शिविर के दौरान सीखी गई कलाओं का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर सूर्य नमस्कार के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने ब्लोक पेंटिंग और हैंगिंग बास्केट डेकोरेशन के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पंजाबी लोकनृत्य और छात्रों ने गिटार पर गायन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. आर.आर. सूरी तथा वरिष्ठ समन्वयक भारती मैडम ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों को उनकी सहभागिता के लिए प्रशस्ति पत्र (पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट) वितरित किए गए। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ डायरी एंट्री के लिए नम्रित, चिराग, प्रतिमा आदि विद्यार्थियों को कैश प्राइज से सम्मानित किया गया। अंत में सभी बच्चों को स्वादिष्ट रिफ्रेशमेंट प्रदान किए गए और वे प्रसन्नता के साथ अपने घर लौटे। सात जून को ही विद्यालय के प्रांगण मे निर्जला एकादशी व गुरु अर्जुन देव जी बलिदान दिवस के उपलक्ष्य मे लस्सी की छबील लगाई गई। पी टी एम मे आये सभी अभिभावकों व अध्यापकों ने छबील मे लस्सी सेवा का पान किया। यह छबील विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी व सभी अध्यापकों के व छात्रों के योगदान द्वारा लगाई गई। इस छबील मे लगभग 2100 छात्रों ने लाभ उठाया।

## यमुना के तटबंध मजबूत करने का कार्य मानसून से पहले हो पूरा



हनौरी मेन ड्रेन, माहनमते ड्रेन, छपरिया ड्रेन का भी दौरा किया और इनके सफाई के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

डीसी उत्तम सिंह सिंचाई विभाग के अधिकारियों व इंद्री व करनाल के एसडीएम के साथ जडौली गांव में स्थित जड़ौली कॉम्पिलेक्स पर

टीम एक्शन इंडिया
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )** करनाल के डीसी उत्तम सिंह ने गत दिवस करनाल व इंद्री उपमंडल के यमुना के साथ लगते गांवों का दौरा किया। इस दौरान जहां-जहां यमुना के तटबंध मजबूत करने के लिए पत्थर लगाने का कार्य किया जा रहा है, उसका निरीक्षण किया व सिंचाई विभाग को मानसून के आने से पहले इसे पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने इंटरनल ड्रेन जैसे दलियानपुर ड्रेन, पहुंचे। यहां उन्होंने यमुना के तटबंध मजबूत करने के लिए पत्थर लगाए जाने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि 30 जून तक यह कार्य हर हालत में पूरा होना चाहिए। इसके उपरांत उन्होंने मोदीपुर गांव में यमुना के तटबंध का निरीक्षण किया और पत्थर लगाए जाने के कार्य के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन के आने से पहले इस कार्य को हर हालत में पूरा किया जाए। इसके लिए जो भी मशीनरी इस्तेमाल करनी है, उसका इस्तेमाल करें और पूरा करें। इंटरनल ड्रेन की सफाई के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश डीसी उत्तम सिंह ने बुढ़ाखेड़ा गांव में दलियानपुर ड्रेन, महनमते ड्रेन, खेड़ा गांव में हनौरी मेन ड्रेन, खेड़ा गांव में ही खेड़ा ड्रेन, बुढ़नपुर गांव में छपरियो ड्रेन, हनौरी गांव में मुरादनगर ड्रेन नंबर-1 का भी दौरा किया। उन्होंने इन ड्रेन की सफाई के कार्य का निरीक्षण किया।

### छरौली क्षेत्र में ईदगाहों में पढ़ी गई ईद उल अजहा की नमाज



टीम एक्शन इंडिया
**यमुनानगर जून (धर्मबीर)-** क्षेत्र के सभी ईदगाहों में ईद उल अजहा की नमाज बड़े ही प्यार और सौहार्दपूर्ण तरीके से पढ़ी गई। सुबह 7 से 8 तक सभी ईदगाहों में ईद की नमाज पूर्ण की गई। ईद की नमाज के बाद समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद की शुभकामनाएं दी। मौलाना कामिल कासमी ने क्षेत्र वासियों को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईद-उल-अजहा, जिसे 'बकरीद' और 'कुर्बानी की ईद' भी कहा जाता है। इस्लाम धर्म का एक अहम त्योहार है। यह त्योहार हजरत इब्राहिम की उस परीक्षा की याद में मनाया जाता है। जब उन्होंने अल्लाह के आदेश पर अपने बेटे की कुर्बानी देने का इरादा कर लिया था लेकिन, आखिरी वक्त पर अल्लाह ने उनके बेटे की जगह एक जानवर कुर्बान करने का आदेश दिया। यह घटना अल्लाह पर अटूट भरोसे और समर्पण की मिसाल मानी जाती है। क्षेत्र की छछरौली,खिजराबाद, ताजेवाला, कलेसर, फैजपुर, कोट कलसिया, बरौली माजरा, लेदा खादर,बुड़िया, हाफिजपुर, टिब्बी अरइयां, भुड़कलां ,पिपली माजरा,कुटीपुर, खिजरी, मलिकपुर खादर, कुलाबगढ़, बल्लिपुर,नागल पत्ति,फैजपुर समेत क्षेत्र की सभी ईदगाहों में ईद की नमाज बड़े ही सौहार्दपूर्ण तरीके से अदा की गई।

### हाईवे पर दो कारें भिड़ी, तीन दोस्तों की मौत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में दिल्ली-मथुरा-आगरा हाईवे पर सडक हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर घायल हो गए। हादसा शनिवार तडके तीन बजे हुआ। सेक्टर-58 स्थित जेसीबी चौक पर पलवल की ओर जा रही तेज रफ्तार एमजी हेक्टर ने अर्टिगा कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अर्टिगा कार दो बार पलटकर हाईवे पर बिखर गई। हादसे के बाद हेक्टर के अगले हिस्से में आग लग गई। राहगीरों ने दोनों वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। जानकारी अनुसार, हादसे में अर्टिगा में सवार (30) की मौके पर ही मौत हो गई।

### इंद्री में बंदरों का आतंक, आम जनता परेशान



टीम एक्शन इंडिया
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप):** इंद्री कस्बे में इन दिनों बंदरों का आतंक लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। दिन-ब-दिन इनकी संख्या में बढ़ोतरी हो रही है और इनका आक्रामक व्यवहार आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। लोग भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। बंदरों के झुंड छतों और गलियों में खुलेआम घूमते हैं। ये घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान उठा ले जाते हैं, और कई बार बच्चों व बुजुर्गों पर हमला भी कर देते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह के समय बंदरों का सबसे ज्यादा आतंक रहता है। इंद्री निवासी सुरेश कुमार, राजिंदर ,रोहित ,मनोज कुमार ने बताया, "हर रोज सुबह बंदरों का झुंड घर की छत पर आ धमकता है। बच्चों को स्कूल भेजना भी मुश्किल हो गया है। कई बार तो वे नाश्ता और दूध के बर्तन तक उठा ले जाते हैं।" स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि कई लोग बंदरों के काटने से घायल हो चुके हैं। साथ ही, बंदरों के बिजली की तारों से टकराने की वजह से बार-बार बिजली आपूर्ति भी बाधित हो रही है। लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और नगरपालिका से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। बंदरों को पकड़ने के लिए कुछ जगहों पर पिंजरे लगाए गए हैं, मगर उनकी संख्या और चालाकी के आगे ये प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं।

नगरपालिका सचिव धर्मवीर सिंह ने बताया, "मीटिंग की कार्यवाही पुस्तिका में बंदरों को पकड़ने का प्रस्ताव डालकर जिला नगर आयुक्त को भेजा गया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की संभावना अगले सप्ताह है। जैसे ही अनुमति मिलेगी, बंदरों को पकड़ने के लिए टेंडर जारी कर दिया जाएगा।"

## मेरा देश मेरी शान साइकिल यात्रा का सकुशल आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** ब्रह्मा कुमारीज दयाल बाग, अंबाला छावनी द्वारा किया गया। इस रैली को अंबाला में मौजूद 5 ऐतिहासिक महत्व और भारतीय विरासत के सूचक स्मारकों के आगे से गुजारा गया। यह साइकिल रैली राष्ट्रीय एकता, स्वस्थ जीवन शैली तथा विरासत के महत्व का संदेश लेकर बेहडे वाला पीर, श्याम नगर गुरुद्वारा के पीछे से निकलकर, रानी का तलाब प्राचीन शिव मंदिर, पटेल पार्क, खड़गा हेरिटेज पार्क, कैंटोनमेंट बोर्ड पार्क तोपखाना होते हुए पंजोखड़ा साहिब गुरुद्वारा तक पहुंची, जहां पर रैली का स्वागत अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता, राष्ट्रीय संयोजक साइन्टिस्ट इंजीनीयर्स विंग, ब्रह्मकुमारीज माउंट आबू राजस्थान राजयोगी ब्रह्माकुमार भ्राता भारत भूषण जी ने राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बहनों संग किया। भ्राता जी ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा साइकिलिंग आज के समय अनुसार का बहुत विशेष साधन है। लेकिन आज इसको चलाने वालों की संख्या में बहुत कटौती हुई है। साइकिल हमें शिक्षा देती है हमें अपने जीवन में कभी भी संतुलन नहीं खोना चाहिए। जैसे विज्ञान के साथ आध्यात्मिकता का संतुलन, लव के साथ लॉ का संतुलन, शारीरिक एवं मानसिक संतुलन आदि। उन्होंने कहा हमें अपने जीवन में '4 पी' पॉपुलेशन, पॉवर्टी, पॉल्यूशन और प्लास्टिक से संभाल रखनी है राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली बहन ने शिपिंग, एविएशन एवं टूरिज्म प्रभाग द्वारा आयोजित सेवाओं का संक्षिप्त ब्यौरा दिया। हरिकृष्ण खालसा कालेज के प्रधानाचार्य सुखदेव सिंह जी ने कार्यक्रम के आयोजन एवं सभी प्रतिभागियों को उनके महाविद्यालय में सम्मानित करने के लिए ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का विशेष धन्यवाद किया। उन्होंने कहा इन ब्रह्माकुमारी बहनों के आगमन से हमारा महाविद्यालय और भी ज्यादा पवित्र हो गया है। इस रैली में कर्नल आर डी सिंह, उप निरीक्षक ज्ञान चंद एवं विनोद कुमार थाना पंजोखरा, नगर परिषद के पार्षद श्याम सुंदर अरोरा, अंबाला साइकिल क्लब के साइकलिस्ट मंजीत और जसबीर, उप प्रधानाचार्य राम कुमार सैनी सहित अन्य हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया।

### इन्द्री में पंजाबी समाज की महत्वपूर्ण बैठक: एकता और अधिकारों को सशक्त बनाने पर जोर



टीम एक्शन इंडिया
**इन्द्री (मैनपाल कश्यप )**
**राष्ट्रीय** पंजाबी महासभा इन्द्री की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता समाज के प्रधान डॉ. गौरव प्रिंस धूड़िया ने की। इस बैठक में पंजाबी समाज के प्रबुद्धजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। समाज की एकता और अधिकारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी जातिगत जनगणना में पंजाबी समाज के प्रत्येक सदस्य को "खत्री" और "पंजाबी" के रूप में दर्ज किया जाए। डॉ. गौरव प्रिंस धूड़िया ने कहा कि "खत्री" एक मान्यता प्राप्त जाति है, जिसे हरियाणा सहित देश के अधिकांश राज्यों में सामान्य वर्ग के रूप में दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जनगणना में अलग-अलग उपनामों को दर्ज किया जाता है, तो पंजाबी समाज की वास्तविक संख्या का सही आकलन नहीं हो पाएगा, जिससे समाज की सामूहिक पहचान कमजोर होगी और सरकारी नीतियों में प्रतिनिधित्व भी प्रभावित होगा। इसके साथ ही, बैठक में पंजाबी भाषा के संबंध में भी चर्चा की गई।

डॉ. धूड़िया ने कहा, "पंजाबी हमारी मूल भाषा है, और यदि जनगणना में इसे 'हिंदी' या कोई अन्य भाषा के रूप में दर्ज किया जाता है, तो पंजाबी समाज की संख्या कम दिखाई देती है। इससे हमारी सांस्कृतिक पहचान और अधिकारों के लिए आवाज कमजोर हो जाती है।"

# पेयजल समस्या समाधान के लिए पेयजल आपूर्ति लाईन का काम शीघ्र पूरा होगा : कृष्णा गहलावत

## - पेयजल आपूर्ति लाईन का विधायक कृष्णा गहलावत ने किया शुभारम्भ, साथ में निगम मेयर राजीव जैन रहे मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** राई हलके के गांव जाट जोशी गांव में शनिवार को विधायक कृष्णा गहलावत ने 50 लाख की लागत से बनने वाली पेयजल आपूर्ति लाईन के कार्य का नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया। इस मौके पर सोनीपत नगर निगम मेयर राजीव भी मौजूद थे। विधायक व निगम मेयर का गांव में पहुंचने पर गणमान्य लोगों ने फूलामालाओं से स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने शुभारम्भ करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में पीने के पानी की पाईप




लाईन का काम पूरा होने के बाद गर्मी में लोगों को पेयजल के लिए परेशानी नही उठानी पड़ेगी। पेयजल आपूर्ति लाईन दबाने का काम लाखों रुपएं की लागत से होगा। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अगर पेयजल आपूर्ति लाईन दबाने के कार्य में कोई कोताही ठेकेदार की तरफ से होती है तो वे अवगत करवाएं। गुणवता युक्त काम व उसे तय समय में करवाना उनकी प्राथमिकता है। गांव में विकास कार्यों में कोई कमी नही रहने दी जाएगी। ग्रामीणों ने विधायक कृष्णा गहलावत से गांव में बिजली के ढीले तार बदलवाने, गंदे पानी की निकासी के उचित समाधान की मांग की। जिस पर विधायक ने समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर समाधान को लेकर चर्चा कि और ग्रामीणों को शीघ्र समाधान का आश्वाशन दिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तरफ से पूरे प्रदेश में प्राथमिकता दी जा रही है कि किसी भी गांव में लोगों को पेयजल के लिए गर्मी में दिक्क्त नही आनी चाहिए। उसी तर्ज पर राई हलके में उनका प्रयास कि हलके के लोगों को पेयजल के लिए दिक्कत न आए। निगम मेयर राजीव ने कहा कि निगम की तरफ से भी उनके गांव में कोई कमी नही रहने दी जाएगी।

निगम से संबधित समस्या के लिए उन्हें भी अवगत करवाएं। इस मौके पर निगम मेयर राजीव सरोहा, अमित नाहरा, जाखौली मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल, मनोज नाहरा, कृष्ण हुड्डा, गौर्धन प्रधान, खजान सिंह, उमेद सिंह, महेन्द्र फौजी, नफेसिंह, जयबीर हुड्डा, रोहताश, सलीम, मुकेश, अनिल मलिक, प्रिंस, मोनू, अजय के अलावा गणमान्य लोग मौजूद थे।

# गन्नौर हलके के विभिन्न गांवों में 11 करोड़ से सुधरेंगी 26 किमी सड़कें : विधायक कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गन्नौर हलके में नाबार्ड योजना के तहत 11 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से 26 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण और सुधारीकरण होगा। विधायक देवेंद्र कादियान ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। जुलाई माह में निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। एक सड़क का काम शुरू हो जाएगा। विधायक ने कहा कि विधानसभा में क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दे लगातार उठाए गए। सरकार के सहयोग से कामों को गति मिली है। कई गांवों को जोड़ने वाली सड़कों की हालत खराब है। अब इन सड़कों को दुरुस्त करने की दिशा में काम शुरू हो गया है। पीडब्ल्यूडी ने गांवों की सड़कों की मरम्मत की



तैयारी शुरू कर दी है। शहजादपुर से भिगान वाया कामी तक 7.35 किलोमीटर लंबी सड़क पर 434.18 लाख रुपए खर्च होंगे। गन्नौर-शाहपुर रोड से खानपुर वाया सैय्याखेड़ा, कैलाना, दुभेटा और कासंडी गांव को जोड़ने वाली 16.15 किलोमीटर लंबी सड़क पर 562.31 लाख रुपए की लागत आएगी। तेवड़ी से बजाना कलां गांव तक 2.25 किलोमीटर लंबी नई सड़क बनेगी, जिस पर एक करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च होंगे। इस सड़क का टेंडर होने के साथ हो काम शुरू होगा। विधायक कादियान ने कहा कि इन सड़कों के बनने से ग्रामीणों और राहगीरों को राहत मिलेगी। जर्जर सड़कों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कार्य में कोई लापरवाही न हो।

## न्यूज फ्लैश

### बड़ी रोड पर मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपएं का सामान चोरी, चोरो के नाम सहित करवाया मामला दर्ज

**गन्नौर।** बड़ी रोड पर मकान का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपएं का सामान चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत मकान मालिक ने पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में रेहड़ा बस्ती निवासी रसीदा ने बताया कि बडी रोड गन्नौर में खीर खाना पीर के पास उनका एक मकान बना हुआ है। जिसमें उसने सामान रखने के बाद ताला लगा रखा था। चोर मकान का 5 जुन को ताला तोड़कर बैटरी इन्वेटर, एक हलवाई का तवा, गार्डर छोटा, थीवीलर की दो सटफनी व बर्तन, पीतल की परात व अन्य बर्तन चोरी कर ले गए और जाते हुए दो चारपाई तोड़ दी। शिकायत में आरोप है कि चोरी के बाद कैमरे की फुटेज चैक की तो पता चला कि सोनु, नौशाद, फारूख रेड़ा बस्ती निवासी दिखाई दे रहे है। पहले भी उपरोक्त व्यक्तियो को चोरी कर गाटर आदि ले गये थे, पता लगने पर बाद में वापिस कर दिये थे। रसीदा की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अंतराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारियों को लेकर योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**राई।** हरियाणा योग आयोग द्वारा डॉ. मदन मानव व प्रियंका की देखरेख में बहालगढ़ स्थित ग्रुप कैंप सीआरपीएफ खेवडा में आयुष विभाग के द्वारा योग प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में एमडी शुगर मील सोनीपत अमित खोखर व सीआरपीएफ डीआईजी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। एमडी शुगर मील अमित खोखर ने बताया कि योग दिवस को हमें पर्व के रूप में मनाना चाहिए। डीआईजी सीआरपीएफ कोमल सिंह ने बताया कि योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाला एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है। योग मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार सिंह ने योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में योग का महत्व बताया गया एवं विभिन्न आसन जैसे सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन इत्यादि का अभ्यास करवाया गया एवं इनके लाभ के बारे में बताया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग सोनीपत की डॉ पूनम नैन, योग सहायक सरिता, पुष्पा, उपस्थित रहे।

### पंडित उमराव लाल की 18वीं पुण्यतिथि मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** एमडीएस आईटीआई जाटवास में पंडित उमराव लाल की 18वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उनके बड़े पुत्र बाबूलाल शर्मा व मातादीन शर्मा ने माल्यार्पण कर पगड़ी पहनाई।

कार्यक्रम में मंच संचालन विकास शर्मा ने किया। संस्थान चेयरमैन मातादीन शर्मा ने अपने पिता पंडित उमराव लाल के जीवन पर प्रकाश डाला व प्रसाद का वितरण किया गया। निर्जला एकादशी के अवसर पर पानी की छबील लगाई गई तथा फलों का वितरण किया गया। रमेश कुमार शर्मा ने कविता के माध्यम से पिता पर प्रकाश डाला।

संस्था में कार्यरत स्टाफ सदस्यों का माला अर्पित का सम्मान किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शास्त्री, एचएसबी वर्कर यूनियन के पूर्व प्रधान हनुमान सैनी, बिजली निगम के कनिष्ठ विकास चंद्र यादव, चौधरी जिले सिंह, महावीर जोशी, मनफूल सिंह नंबरदार, धर्मपाल जोशी नंबरदार, सरजीत सिवाच, श्यामलाल दीक्षित, जाटवास के पूर्व सरपंच रामनिवास, अमरपुर जोरासी के पूर्व सरपंच रमेश चंद ठेकेदार, रोहताश सिंह, सहीराम यादव, शेर सिंह, महावीर सैनी, बाबुलाल शर्मा, मातादीन शर्मा, रमेश कुमार शर्मा, संदीप शर्मा, विजय जांगड़ा, एडवोकेट गोपाल शर्मा, नेतराम सैनी, टेकचंद शर्मा देवेंद्र शर्मा, हितेश शर्मा, प्रधानाचार्य आनंद शर्मा, इलेक्ट्रीशियन अनुदेशक प्रवीण कुमार, इलेक्ट्रीशियन अनुदेशक मैथ में ड्राइंग अनुदेशक दिनेश कुमार, अनुदेशक नयनसुख शर्मा, कर्मवीर, विकास शर्मा, आजाद सिंह, महावीर सैनी, बंशीधर शर्मा, मदन लाल शर्मा, मुकेश शर्मा, विजय जांगड़ा, ताराचंद सैनी, संस्थान निदेशिका वंदना शर्मा, कार्यालय अधीक्षका सरिता यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# भाविप वीर सावरकर शाखा ने शारीरिक व बौद्धिक विकास को लेकर शिविर लगाया

**मांग**

- छात्रों को शिविर में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और महान विभूतियों के बारें में बताया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा ने शारीरिक और बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए बच्चों के लिए शिविर लगाया। शिविर में बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और महान विभूतियों के जीवन से अवगत कराया गया, जिससे वे अपने संस्कारों को पहचान सकें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़




सकें। परिषद की अध्यक्ष मंजू शर्मा, महिला संयोजिका मोनिका गुजराल,कोषाध्यक्ष पूनम सिंघल ने शिविर में बच्चों को गुरु वंदना, भारत को जानो प्रश्नावली ,श्लोक पाठ और अन्य गतिविधियों के बारे में बताया। मंजू शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद कई शाखाएं ऐसे शिविर आयोजित करती हैं। इन शिविरों का उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और प्रेरणा का संचार करना है। बच्चों के लिए खेल, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं

# बुचौली पहुंचा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सरकारी रथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचौली के शिव मंदिर चौक पर बेटी बचाओ-बेटी पढाओ जन जागृति सरकारी रथ पहुंचा। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ रथ को नारनौल से हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया था। स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने बताया कि बुचौली के शिव मंदिर चौक में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को इस जन जागृति रथ में लगी स्क्रीन पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर फिल्म दिखाई गई, जिसमें ये दिखाया गया कि बेटी आज बेटों से हर क्षेत्र में आगे हैं। बस आप उन्हें पढ़ने और आगे बढ़ने के अवसर देने चाहिए, 'बेटी है तो कल हैं।

# मास्टर पवन मलिक ने नंदीशाला गोहाना में दिए 31000 रुपए



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**

सोनीपत पटेल नगर निवासी मास्टर पवन मलिक ने रिलायंस पेट्रोल पंप के पास गोहाना में स्थित नंदी शाला को 31000 रुपए का दान दिया। इस अवसर पर मास्टर पवन मलिक ने कहा कि गौ माता में 32 करोड़ देवी देवताओं का वास है और हम सभी का कर्तव्य बनता है कि अपनी नेक कमाई से कुछ हिस्सा गौशाला और नंदी शालाओं में दें। इस मौके पर नंदी शाला के अध्यक्ष मुकेश व भेसवाल निवासियों ने मास्टर पवन मलिक का धन्यवाद किया और कहा कि ऐसी दानवीर लोगों के कारण ही गौशालाओ और नंदीसालाओ का संचालन हो रहा है।

# सीनियर एशिया चैम्पियनशिप विजेता का पैतृक गांव चिरस्मी में आज होगा भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** सीनियर एशिया चैम्पियनशिप बेल्ट कुश्ती में ब्रांन्ज पदक विजेता कविता छिक्कारा का पैतृक गांव चिरस्मी में आज पहुंचने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उनके परिजन सतबीर छिक्कारा ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह में विधायक देवेन्द्र कादियान, समाजसेवी हर्ष छिक्कारा, समाजसेवी बिजेन्द्र राणा, कोच राजेश सरोहा, कोच सुनीता सरोहा शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि जी टी रोड चौक पर पहुंचने पर पदक विजेता अपनी बेटी कविता छिक्कारा को



गांव में खुली जीप में बैठाकर फूल व नोटों की माला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ ले जाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों व खेल प्रेमियों का आह्वान किया कि वे कार्यक्रम में पहुंचकर बेटी को आशीर्वाद देकर उनका हौसल्ला बढ़ाए।

## गांव में अतिक्रमण हटाने व सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें पंचायत: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम अनिल कुमार यादव ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में महेंद्रगढ़ खंड के सरपंचों व ग्राम सचिव की बैठक लेकर सफाई व्यवस्था व विकास कार्यों बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम अनिल कुमार ने कहा कि बरसात के मौसम से पहले सभी गांवों में नालों की सफाई करवाई जाए ताकि बरसाती पानी की निकासी में किसी प्रकार की बाधा ना हो। इसके अलावा गांव में सफाई कर्मियों या मनरेगा के माध्यम से समय-समय पर सफाई करवाई जाए, ताकि गांव में सफाई व्यवस्था बनी रहे।

# श्रीकृष्णा स्कूल का प्रियांशु योग में ब्लॉक स्तर पर रहा प्रथम

**योग**

चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि योग को भारत देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में योग किया जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** ब्लॉक स्तरीय योग प्रतियोगिता छह जून को नारनौल में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न स्कूलों के योगार्थियों ने भाग लिया। कॉर्डिनेटर सुशीला यादव व स्मृति शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा का कक्षा आठवीं का विद्यार्थी प्रियांशु पुत्र सुनील कुमार निवासी




सागरपुर योग प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में योग प्रशिक्षक आरती द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि योग को भारत देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में योग किया जा रहा है। योग को भारत देश शुरूआत से ही जानता है तथा गुरुकुल परंपरा में योग को एक विशेष स्थान दिया गया था। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन की हर चुनौती से लड़ने के लिए तैयार किया जाता था। उन्होंने कहा कि योग से न केवल शरीर रहता है बल्कि मन भी स्वस्थ रहता है। प्राचार्य डा. सुमेर सिंह ने कहा कि आज देश अपनी युवा शक्ति पर गौरव अनुभव करता है। विद्यार्थियों को सही दिशा व सात्विक लक्ष्य देने की आवश्यकता है। यह काम उन्हें बपचन से योग-प्राणायाम की शिक्षा देकर किया जा सकता है। योग भविष्य में अनंत संभावनाओं के द्वार खोलता है। इससे हमारी रचनात्मक शक्ति व कल्पना की वृद्धि होती है।

# बाबा मोतीनाथ मंदिर में हवन के साथ हुई मूर्ति स्थापना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव बचीनी के बाबा मोतीनाथ** मंदिर में ग्रामीणों के सहयोग से हवन करने के साथ ही बाबा हनुमान, दुर्गा माता, बाबा भैरव व शनि देव की मूर्ति की स्थापना की गई। बाबा मोतीनाथ सेवा समिति बचीनी सदस्य जयप्रकाश ने बताया कि सुबह स्वा नौ बजे मंदिर में हवन करने के साथ ही मूर्ति स्थापना की गई, जिसमें आचार्य शिवम, सोनू शर्मा, कर्मवीर शर्मा, योगेंद्र शर्मा, नरेश शर्मा ने विधि-विधान से पूजा अर्चना करके मूर्ति स्थापना करवाई। इस दौरान मुकेश देवी पत्नी श्रीभगवान, शर्मिला पत्नी



हनुमान, निशा पत्नी अरविंद, प्रियंका पत्नी मुकेश मास्टर, कमला पत्नी रविंद्र, सरोज देवी पत्नी करणसिंह, मंजू पत्नी मनोज, सरोज पत्नी प्रदीप, सुमन पत्नी जयप्रकाश यजमान बने। मंदिर परिसर में उपस्थित सभी सदस्यों ने यज्ञ में आहुति डाली और सभी देवी-देवताओं के दर्शन कर उनकी पूजा-अर्चना करके उनका आशीर्वाद लिया।

# कलायत में स्वच्छता पखवाड़े के तहत जागरूकता रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**रणदीप धानियां, कलायत।**

नगर पालिका द्वारा कलायत में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महत्वपूर्ण अभियान चलाते हुए इसे जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। इस कड़ी में नगर पालिका सचिव पवन कुमार द्वारा तय रूप रेखा अनुसार सेवा भारती पुस्तकालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इसमें मुख्य मेहमान के तौर पर पार्षद कुमारी रेणु धानियां ने शिरकत की।उन्होंने विशिष्ट मेहमान साधु राम, मुकेश कुमार और संपूर्ण स्वच्छता अभियान संयोजक सुरेश चहल और अन्य गणमान्य लोगों के साथ विद्यार्थियों की जागरूकता रैली में हिस्सा लिया। धानियां ने कहा कि




महिलाओं की स्वच्छता में भागीदारी जरूरी है। महिलाएं न केवल घर की स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाती हैं बल्कि परिवार को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाती हैं। साधु राम, मुकेश कुमार और सुरेश चहल ने कहा कि स्वच्छता की आदतें बचपन से ही विकसित होती हैं। इस दिशा में मां ही बच्चे की पहली शिक्षक होती है। यदि महिलाएँ स्वच्छता के महत्व को समझें और उसे अपनाएं तो पूरा समाज स्वच्छता का प्रहरी बन सकता है। महिलाएं सामाजिक कार्यक्रमों, स्कूलों और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वच्छता संबंधी संदेशों को व्यापक स्तर पर फैला सकती हैं।

परिवर्तन की मिसाल कायम कर रही महिलाएं:

रेणु धानियां ने कहा कि गांवों और शहरों में महिलाओं की सफाई, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण और अन्य कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी ने परिवर्तन की मिसाल कायम की है। स्वच्छता पखवाड़े में सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम महिलाओं को इस अभियान का नेतृत्व करने का अवसर दें।उनके प्रयासों को सम्मान दें। ताकि स्वच्छ और स्वस्थ भारत का सपना साकार हो सके।

# संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने को लेकर कार्यकर्ताओ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। जननायक** जनता पार्टी की हल्के के गांव टिकौला, जैनपुर और मलिकपुर में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने को लेकर कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों बैठक हुई। जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा, राई हल्का अध्यक्ष मास्टर दिनेश चौहान ने सभी कार्यकर्ता से आगामी रणनीति पर मंथन करते हुए यह संकल्प लिया कि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को हर गांव और हर घर तक पहुँचाया जाएगा। आमजन की विचारधारा, भागीदारी, युवा नेतृत्व को बढ़ावा और सर्वांगीण विकास



को केंद्र में रखते हुए कार्य को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा।

इस अवसर पर राजपाल, रमेश पहलवान, पूर्व प्रत्याशी बिजेंद्र आंतिल, सुनील बड़ौली, सुरेश शर्मा, ओमवीर त्यागी, सुनील त्यागी, पूर्व सरपंच प्रवेश त्यागी, एडवोकेट अभिषेक, मनोज त्यागी,आनंद त्यागी , प्रमोद त्यागी,अनिल त्यागी, सचिन त्यागी, दीपक त्यागी मौजूद थे।

# योग दिवस पर 11 स्थानों पर योग कार्यक्रम का किया जायेगा आयोजन: सूद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने 21 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और "एक पेड़ माँ के नाम-2.0" कार्यक्रमों की तैयारियों की दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य सचिव दिल्ली सरकार के अलावा शिक्षा निदेशालय, राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, पर्यावरण, वन, दिल्ली नगर निगम और फायर विभाग के आला अधिकारियों ने भी भाग लिया।





शिक्षा मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार पहली बार भारत सरकार के साथ मिलकर आधिकारिक तौर पर दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कर रही है। यह11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है इसलिये यह योग दिवस दिल्ली के विभिन्न 11 प्रमुख स्टेडियम/ खेल परिसरों में जिनमें त्यागराज स्टेडियम, ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, झिलमिल कॉलोनी, बवाना, पहलादपुर, भारत नगर, यमुना बैंक, नजफगढ़ स्टेडियम, द्वारका सेक्टर-6, अशोक नगर हॉकी स्टेडियम आदि शामिल हैं जहां पर यह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हर योग परिसर पर किसी एक मंत्री महोदय को जिम्मेदारी भी दी जाएगी।
श्री सूद ने यह भी कहा की इस योग दिवस का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच योग के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में लगभग 20, 000 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है, जिनमें दिल्ली सरकार के विद्यालयों के छात्र, शिक्षक, योग प्रशिक्षक, एनएसएस/एनसीसी कैडेट्स, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स आदि शामिल होंगे। मुख्य आयोजन स्थल के रूप में छत्रसाल स्टेडियम का चयन किया गया है, जहां लगभग 10,000 प्रतिभागी योगाभ्यास में भाग लेंगे। इसमें भारतीय योग संस्थान के 5,000 स्वयंसेवक होंगे। इसके अतिरिक्त अन्य10 स्थानों में प्रत्येक परिसर में 1,000 प्रतिभागी शामिल होंगे। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा की योग आयोजन स्थल पर प्रतिभागियों के लिए टी-शर्ट, पानी, जलपान तथा योग मैट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, सभी योग परिसरों में मेडिकल सुविधा, एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन, मोबाइल शौचालय, सफाई, फॉगिंग तथा बिजली और पानी आदि की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाएगी।
इसके अतिरिक्त दिल्ली पुलिस द्वारा सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली जाएगी। सभी प्रमुख स्थलों पर निगरानी, ट्रैफिक साइनेज, रंग-कोडेड पार्किंग पास (रेड, ग्रीन, येलो) एवं आपातकालीन सेवाओं हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्र में योग दिवस आयोजन और उन स्थानों पर सभी लोगों को लाना, उनकी सुरक्षा, जलपान, चिकित्सा सुविधा, उनको टी शर्ट, योग मैट दिलवाने आदि की सारी जिम्मेदारी संबंधित जिलाधिकारी की होगी।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने इस बार गर्मी की छुट्टियों में 250 गुरमत कैंप लगाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी ने बच्चों को गुरबाणी से जोड़ने की मुहिम को और तेज करते हुए इस बार गर्मी की छुट्टियों में 250 गुरमत कैंप लगाने में सफलता हासिल की है। यह जानकारी धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन सरदार जसप्रीत सिंह कर्मसर ने दी। उन्होंने बताया कि इस बार 100 कैंप राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगाए गए हैं, जबकि 150 कैंप भारत के अन्य हिस्सों में लगाए गए हैं। इन कैंपों का उद्देश्य बच्चों को गुरबाणी से जोड़ना है। इन कैंपों में बच्चों को गुरसिखी



जीवनशैली भी सिखाई जा रही है। उन्होंने कैंपों के लिए योगदान देने वाले सभी प्रबंधकों का भी धन्यवाद किया। इस दौरान सरदार कर्मसर ने संगतों से अपील की कि वे गुरबाणी का सिमरन करते समय धीरे-धीरे पाठ पढ़ें। उन्होंने कहा कि पाठ तेज-तेज करने की बजाय धीरे-धीरे करने और एक-एक शब्द से जुड़ने से मन को शांति, ठहराव और रूहानियत मिलती है। उन्होंने कहा कि ज़िंदगी की रफ्तार भले ही बहुत तेज हो गई है, लेकिन मन को शांति तभी मिलेगी जब हम मन को पूरी तरह गुरबाणी से जोड़ेंगे।

# डॉ. जे.के. उज्जैनिया को डीएचए बनने पर दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेन्टर में जाकर डॉ. जे.के. उज्जैनिया से मुलाकात की तथा उन्हें दिल्ली नगर निगम में निर्देशक अस्पताल प्रशासन (डीएचए) बनने पर बधाई दी
शमीम अहमद खान ने बताया कि डॉ. जे.के.उज्जैनिया हिन्दूराव अस्पताल में सीएमओ अस्पताल प्रशासन भी रह चुके है और हिन्दूराव अस्पताल में



सर्जिकल विभाग में यूनिट इंचार्ज रहते हुए हमेशा गरीब मरीजों की भरपूर मदद करते रहें है।

# पिछले 10 वर्षों से उद्योगपतियों की जो मांगें लंबित थीं, अब होगी पूरी: सिरसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने भोरगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया (बवाना फेज-2) के पुनर्विकास और प्रबंधन के लिए एक कंसेशनेयर नियुक्त करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही 9 अन्य इंडस्ट्रियल एरिया के लिए भी नियुक्त किया जाएगा जो तैयार कर कंसेशनेयर को जोड़ेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में लिया गया है। भोरगढ़ को अब एक साफ, सुरक्षित और प्रदूषण-मुक्त मॉडल इंडस्ट्रियल जोन के रूप में बदला जाएगा। नरेला -



बवाना के मॉडल के बाद अब भोरगढ़ और बाकी 10 इंडस्ट्रियल क्षेत्रों का विकास किया जायेगा। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा मॉडल के जरिए पहले से बवाना और नरेला जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम हुआ है। अब वही पैटर्न बाकी इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में लागू होंगे, जिससे औद्योगिक इलाकों की दशा और दिशा बदलेगी। मंत्री ने बताया कि कंसेशनेयर की जिम्मेदारी केवल निर्माण तक सीमित नहीं होगी, बल्कि सड़क, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइटिंग, पार्क, वेस्ट मैनेजमेंट, सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण जैसे सभी पहलुओं पर काम किया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि दिल्ली के इंडस्ट्रियल एरिया वर्ल्ड-क्लास बनें।

# अभिनेत्री कंगना रनौत ने किया पर्यावरण व योग का समावेश: उत्तम आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राष्ट्रीय पर्यावरण** दिवस के उपलक्ष्य पर दिल्ली स्थित 14 जनपथ पर सुप्रसिद्ध अभिनेत्री व मंडी लोकसभा से सांसद कंगना रनौत द्वारा आयोजित एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कंगना ने अपने निवास पर दरियापुर गांव के अंतरराष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी रक्षित व मनमीत सहरावत को आमंत्रित किया और साथ में पौधारोपण किया।
कार्यक्रम पश्चात सांसद कंगना रनौत ने दोनों खिलाड़ियों और योग गुरू उत्तम आर्य को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने योग पर काफी




बातचीत की और जापान में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता की अग्रिम शुभकामनाएं दी। उत्तम आर्य ने बताया कि आज वह कंगना रनौत से मिलकर बेहद प्रसन्न हैं, कंगना एकमात्र ऐसी हस्ती है। जिन्होंने पर्यावरण और योग का समावेश कर समाज को आगे बढ़ने की दिशा दी है।

# 'भाजपा के यमुना सफाई अभियान पर एनजीटी के द्वारा प्रश्न चिन्ह लगाया जाना सरकार की निष्क्रियता को दशार्ता है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में यमुना को साफ करने में नाकाम भाजपा का दावा कि दिल्ली में दिसम्बर 2025 में यमुना में क्रूज चलने शुरू हो जाऐंगे और यमुना की सफाई और प्रदूषण की समस्याओं को अक्टूबर तक खत्म करने का लक्ष्य पूरी तरह अपनी 100 दिन की नाकामियों को छिपाने और दिल्ली की जनता को गुमराह करने वाला है। सत्ता में आते ही मार्च, 2025 में यमुना में सोनिया विहार से जगतपुर तक 4 किलोमीटर क्रूज चलाने की योजना का ऐलान



किया था, जिसका प्रस्ताव सरकार की निष्क्रियता के कारण 3 महीने आगे बढ़ गया है। प्रदूषित और गंदी यमुना में पर्यटन को बढ़ावा देकर क्रूज चलाने का ख्वाब दिखाना वैसा ही लगता है जैसे अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली को लदंन और पेरिस बनाने का दावा किया था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता, दिल्ली सरकार को इवेंट बेस न बनाकर व्यवस्थित और बदहाल दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने पर ध्यान दें, तो दिल्ली और दिल्ली वालों के लिए बेहतर होगा। कांग्रेस दिल्ली सरकार द्वारा यमुना में क्रूज चलाने का विरोध नहीं करती, लेकिन क्या प्रदूषित और गंदी यमुना में क्रूज पर सैर करने वाले पर्यटक स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी की पिछले महीनों की रिपोर्ट के अनुसार कुल 37 सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में से 26 एसटीपी मानक तौर पर काम ही नहीं कर रहे है सिर्फ 11 ही मानकों के अनुसार काम कर रहे है, जिसके कारण यमुना में अत्यधिक गंदा पानी गिर रहा है। इसका केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने आडिट कराने का निर्णय भी लिया है, जो सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि जब यमुना में अभी तक सफाई का ढ़िढोंरा पीट रही भाजपा के यमुना सफाई अभियान पर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी, सीपीसीबी और एनजीटी प्रश्न चिन्ह लगा रही है।

# यूपीएससी सिविल सेवा में चयनित यादव समाज की प्रतिभाओं का अभिनंदन समारोह संपन्न









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** श्री कृष्णा यादव महासभा द्वारा यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2025 में चयनित यादव समाज के मेधावी युवाओं का गरिमामय अभिनंदन समारोह, कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित किया गया। यह आयोजन न केवल समाज की शैक्षणिक प्रगति का प्रतीक था, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरक पहल भी बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह रहे। इसके अलावा रविन्द्र इन्द्राज सिंह समाज कल्याण मंत्री दिल्ली सरकार, संतोष यादव पूर्व डिप्टी स्पीकर हरियाणा, बादली विधानसभा क्षेत्र से विधायक अहीर दीपक चौधरी, निगम पार्षद गायत्री यादव व समाज के अनेक गणमान्य





व्यक्ति उपस्थित रहे। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव कार्यक्रम में उपस्थित रहे व सभा के महासचिव हेमंत यादव ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाया। अरुण सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यादव समाज आज देश के हर क्षेत्र में सशक्त भूमिका निभा रहा है। जहाँ भी समाज की भागीदारी की आवश्यकता होगी, हम उसकी आवाज को सदन में मजबूती से उठाएँगे। समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने जय भीम मुख्यमंत्री यूपीएससी कोचिंग योजना पर बोलते हुए कहा कि पिछली सरकार की लापरवाही के कारण इस योजना के करोड़ों रुपये के भुगतान लंबित रह गए, जिससे हजारों गरीब ओबीसी और एससी/एसटी छात्रों की तैयारी रुक गई। लेकिन अब हमारी सरकार ने इस योजना को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया है और इस पर काम प्रगति पर है। बहुत जल्द इसे पुनः प्रारंभ किया जाएगा, ताकि योग्य विद्यार्थियों को फिर से निःशुल्क कोचिंग का लाभ मिल सके। हम अपने वचनों को कार्यरूप देने के लिए पूरी गंभीरता से प्रयासरत हैं। हरियाणा की पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने कहा दिल्ली कि तुलना में अहीरवाल में बहुत कम कोचिंग संस्थान होने के बावजूद अहीरवाल से भारी संख्या में यादव बच्चे यूपीएससी परीक्षा पास कर रहे हैं, यह बड़े गौरव की बात है।
इस संस्था के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव की कार्यशैली से प्रेरित होकर वेदांता आईएएस संस्था, रोहिणी दिल्ली के डायरेक्टर एसपी वर्मा ने इस कार्यक्रम में कहा कि वह इस संस्था के द्वारा भेजे गए 10 गरीब कृष्णवंशी बच्चों को निःशुल्क यूपीएससी कोचिंग करेंगे। बादली से विधायक अहीर दीपक चौधरी ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक दिल्ली सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाएंगे। ये कार्यक्रम श्री कृष्णा यादव महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश यादव, महेंद्र यादव अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश व उनकी दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली प्रदेश की समस्त कार्यकारिणी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि यह उनका 11वां यूपीएससी अभिनंदन समारोह हैं। सभा के अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि महासभा पिछले कई वर्षों से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है, जिनका उद्देश्य समाज विशेषकर ओबीसी वर्ग के बच्चों को प्रेरित करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए सहयोग प्रदान करना है। हम न सिर्फ सम्मान करते हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर बच्चों की शिक्षा में आर्थिक और मार्गदर्शकीय सहयोग भी करते हैं। समारोह के दौरान चयनित छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को स्वीकारते हुए भविष्य में दूसरों के लिए मिसाल बनने का संकल्प लिया।
श्री कृष्ण यादव महासभा दिल्ली प्रदेश के संरक्षक राकेश यादव (अंतरिक्ष कंस्ट्रक्शन), परम यादव, अजय वीर यादव ने आए हुए प्रतिभाओं को अपने शब्दों से आशीर्वाद दिया।

# कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सचिव और कोषाध्यक्ष का इस्तीफा



**बंगलूरू :** बंगलूरू में हुर्द भगदड़ के बाद विवादों में घिरे कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ से बड़ी खबर आ रही है। जानकारी के मुताबिक, ए. शंकर और ईएस जयराम ने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरसीबी के आईपीएल ट्रॉफी समारोह के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली है। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई थी। एक संयुक्त बयान में शंकर और जयराम ने कहा कि उन्होंने गुरुवार रात को केएससीए अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। बयान में कहा गया, 'पिछले दो दिनों में हुई अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की वजह से हम यह बताना चाहते हैं कि हमने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, हमारी भूमिका बहुत सीमित थी।' इससे पहले केएससीए अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव शंकर और कोषाध्यक्ष जयराम ने कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी कि गेट प्रबंधन और भीड़ प्रबंधन संघ की जिम्मेदारी नहीं थी। उन्होंने विधान सौधा में आरसीबी आईपीएल समारोह आयोजित करने की अनुमति मांगी थी। विधान सौध में सम्मान समारोह बिना किसी बड़ी गड़बड़ी के संपन्न हो गया, लेकिन एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर अनहोनी हो गई, जहां आरसीबी के सोशल मीडिया आमंत्रण के बाद लाखों लोग एकत्र हुए, जिसे बाद में हटा दिया गया। इस वजह से विजय परेड को रद्द करना पड़ा, लेकिन स्टेडियम के अंदर समारोह जारी रहा। बावजूद इसके कि बाहर इतना बड़ा हादसा हो गया। सरकार को भेजे गए पत्र में क्या लिखा था? अनुमति के लिए भेजे गए केएससीए के पत्र के मुताबिक, मेसर्स डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से केएससीए यह सूचित करने का अनुरोध करता है कि अगर तीन जून 2025 को आईपीएल फाइनल के बाद अगर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खिताब जीतता है तो मेसर्स डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड विधान सौधा ग्रैंड स्टेप्स में सम्मान समारोह की योजना बनाएगा। महासंघ ने राज्य सरकार के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को जारी पत्र में लिखा है कि केएससीए अनुरोध करता है कि मेसर्स डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड को विधान सौधा ग्रैंड स्टेप्स पर आवश्यक व्यवस्था करने की अनुमति दी जाए।'दबाव और मजबूर करने वाली परिस्थितियों में पुलिस ने दर्ज की एफआईआर' केएससीए ने राज्य हाईकोर्ट में दलील दी है कि उसके पदाधिकारियों को किसी भी तरह की गलती के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। वे इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए किसी

## जोकोविच का 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का इंतजार बढ़ा, सिनर से हारकर फ्रेंच ओपन में खत्म हुआ सफर




**पेरिस :** विश्व के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नोवाक जोकोविच को हराकर फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। इस तरह जोकोविच का 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का इंतजार बढ़ गया। सिनर ने तीन घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में जोकोविच को 6-4, 7-5, 7-6 (7-3) से हराया। यह सिनर की जोकोविच के खिलाफ लगातार चौथी जीत है।

**सिनर का अल्कारेज से होगा सामना :** जोकोविच ने आखिरी बार 2023 में यूएस ओपन का खिताब जीता था जो उनके करियर का 24वां ग्रैंडस्लैम था। इसके बाद से ही इस सर्बियाई खिलाड़ी का 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का इंतजार बढ़ता जा रहा है। जोकोविक ने आखिरी बार सिनर के खिलाफ 2023 एटीपी फाइनल्स में जीत दर्ज की थी। सिनर का सामना अब फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज से होगा। पिछले साल सिनर रोलां गैरों के सेमीफाइनल में अल्कारेज से हार गए थे। 2013 यूएस के बाद पहली बार ऐसा होगा जब पुरुष और महिला एकल वर्ग के फाइनल में विश्व के नंबर एक और दो खिलाड़ियों का आमना-सामना होगा।

**मुसेटी के हटने से अल्कारेज को मिला वॉकओवर :** लोरेंजो मुसेटी को चोट के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा जिससे अल्कारेज को वॉकओवर मिला। मुसेटी और अल्कारेज के बीच सेमीफाइनल मुकाबला चार सेटों तक चला जिसके बाद मुसेटी ने मैच बीच में छोड़ने का फैसला लिया। इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ अल्कारेज 4-6, 7-6 (3), 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे। 22 साल के दूसरे वरीय अल्कारेज अपने दूसरे फ्रेंच ओपन और कुल पांचवें ग्रैंडस्लैम खिताब के लिए भिड़ेंगे। तीसरे सेट के बाद मुसेट ने ब्रेक लिया था। चौथा सेट शुरू हुआ, लेकिन मुसेटी ने मैच से हटने का फैसला किया। 23 साल के मुसेटी तीसरे सेट में 16 मिनट में ही 0-5 से पिछड़ रहे थे। अल्कारेज ने मुसेटी को अगले गेम में हराया और 21 मिनट में सेट अपने नाम कर लिया।

## काशी की बेटी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड - दक्षिण कोरिया में जीता पदक




**वाराणसी :** दक्षिण कोरिया में आयोजित वर्ल्ड पैरा निशानेबाजी में काशी की बेटी सुमेधा पाठक ने 10 मीटर पिस्टल की टीम स्पर्धा में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। सुमेधा ने 10 मीटर पिस्टल की एकल स्पर्धा में स्वर्ण और मिक्स में कांस्य पदक जीत देश का नाम रोशन किया है। इस जीत के साथ सुमेधा के पदकों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। ऐसा करने वाली वह प्रदेश की पहली पैरा महिला खिलाड़ी बन गईं हैं। सुमेधा पाठक ने इस जीत का श्रेय बाबा काशी विश्वनाथ और माता-पिता और कोच को दिया है। उन्होंने बताया कि विदेशी धरती पर स्वर्ण जीतना का सपना बाबा काशी विश्वनाथ की कृपा से संभव हुआ है। 10 मीटर टीम स्पर्धा दूसरा स्थान कोरिया जबकि तीसरा स्थान चीनी ताइपे को मिला है। इसमें सुमेधा ने 1695 अंक हासिल कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। दसवीं में पढ़ाई के दौरान 2013 में उन्हें मल्टी ड्रग ट्यूबरक्लॉसिस बीमारी ने अटैक किया और शरीर के निचले हिस्से में कमर से लेकर पैरों तक ने काम करना बंद कर दिया। उन्होंने 11वीं से निशानेबाजी में कदम बढ़ाया और 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में अभ्यास शुरू किया। 2018 में प्री-स्टेट शूटिंग में स्वर्ण जीता। प्रादेशिक के बाद मद्रास में जीवी मावलंकर में कांस्य पदक जीता। 2021 में दूसरे पैरा नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने तीसरे और चौथे पैरा नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण जीता। 2022 में फ्रांस के सेटूरेक्स वर्ल्ड कप और कोरिया में टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। 2023 में चीन में एशियन गेम्स की शूटिंग प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची और सातवां स्थान हासिल किया। दक्षिण कोरिया में पदक जीतकर सुमेधा पाठक शनिवार शाम तीन बजे बाबतपुर पहुंचेगी। यहां मेयर अशोक तिवारी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद नगर में जगह जगह उनका स्वागत होगा। पिता बृजेश पाठक ने बताया वे शनिवार दोपहर दिल्ली से इंडिगो विमान में सवार होकर शाम तीन बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी। यहां उनका फूल माला पहनाकर स्वागत होगा।

## नॉर्वे शतरंज 2025 : मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड 7वीं बार जीता खिताब

**स्टावेंजर।** विश्व शतरंज के सबसे प्रतिष्ठित टूनार्मेंटों में से एक नॉर्वे शतरंज 2025 का समापन रोमांचक अंदाज में हुआ, जिसमें मेजबान देश के सुपरस्टार मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड सातवीं बार खिताब अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुझिचुक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की। आखिरी राउंड में कार्लसन का सामना भारत के अर्जुन एरिगैसी से था। काले मोहरों से खेलते हुए कार्लसन पर हार का खतरा मंडरा रहा था। यदि वह यह मुकाबला हारते तो खिताब उनसे फिसल सकता था। लेकिन दबाव के बीच उन्होंने सटीक बचाव किया और थ्रीफोल्ड रिपिटिशन के जरिए ड्रॉ सुनिश्चित कर खिताब अपने नाम कर लिया। भले ही इसके बाद वह अमार्गेडन गेम हार गए, लेकिन क्लासिकल ड्रॉ ने उन्हें पहले ही विजेता बना दिया था।

## डिविलियर्स को उम्मीद, ऑस्ट्रेलिया को हराने में सफल होगा द. अफ्रीका

**नई दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराने में सफल रहेगी। दोनों टीमों के बीच 11 जून से लॉड्र्स पर डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला खेला जाना है। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार इसके खिताबी मुकाबले में पहुंची है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की टीम खिताब का बचाव करने उतरेगी।

**पहली बार फाइनल में पहुंचा दक्षिण अफ्रीका**

दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका और पाकिस्तान को घर में हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था, जबकि भारत न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज गंवाकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया था। भारत इससे पहले दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचा था, लेकिन दोनों ही बार उसे खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। डिविलियर्स को उलटफेर का भरोसा

डिविलियर्स ने 114 टेस्ट मैचों में 22 शतकों सहित 8,765 रन बनाए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को संतुलित टीम करार देते हुए कहा कि वे पैट कमिंस की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर करने में सक्षम है। डिविलियर्स ने कहा, मैं इस चुनौती के लिए उत्साहित हूं। यह एक संतुलित टीम है और मुझे पूरा विश्वास है कि हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर कर सकते हैं। मैं उलटफेर इसलिए कह रहा हूं क्योंकि वे स्पष्ट रूप से इस आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को जीतने के प्रबल दावेदार हैं। लॉर्ड्स में फाइनल दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट के लिए एक बहुत बड़ा पल है। पूरा देश हमारी टीम के साथ खड़ा होगा। उम्मीद है कि हम जीतने में सफल होंगे।

फिंच को हेड से बड़ी पारी की उम्मीद ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान आरोन फिंच को ट्रेविस हेड से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में एक और बेहतरीन पारी की उम्मीद है। फिंच ने कहा, 'हेड ने अब तक कई फाइनल में यह साबित कर दिया है कि कम समय में मैच को प्रतिद्वंद्वी टीम की पहुंच से दूर कर सकते हैं।'

## 'गार्डन की तो याद आएगी', रोहित शर्मा के लिए पंत ने कही ये बात; इंग्लैंड में दम दिखाने को तैयार



**नई दिल्ली :** शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टेस्ट टीम शनिवार को इंग्लैंड पहुंच गई है। भारत को 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी बल्लेबाज नहीं होंगे क्योंकि इन दोनों ने ही लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया है। रोहित मैदान पर मस्ती करते दिखते थे और पंत को उनके इस व्यवहार की याद आएगी।

**पंत को रोहित की खलेगी कमी :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कप्तान गिल, उपकप्तान पंत, साई सुदर्शन, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज सहित अन्य खिलाड़ी एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। पिछले साल घरेलू टेस्ट सीरीज रोहित का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह खिलाड़ियों को कहते सुनाई दिए थे, 'गार्डन में कोई नहीं घूमेगा।' रोहित अब इंग्लैंड दौरे पर साथ नहीं होंगे तो पंत को रोहित की याद आएगी। इसी को लेकर पंत ने कहा, गार्डन की तो याद आएगी। भारत और इंग्लैंड के बीच यह सीरीज जून से अगस्त 2025 तक खेली जाएगी। इसके मुकाबले लीड्स, बर्मिंघम, लंदन के लॉड्र्स और द ओवल तथा मैनचेस्टर में खेले जाएंगे। रोहित और कोहली के टेस्ट संन्यास के बाद यह इस प्रारूप में भारत की पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। भारतीय टेस्ट टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है जिसमें रोहित और कोहली के अलावा रविचंद्रन अश्विन भी टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं।

**इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने उतरेगा भारत :** भारत ने इंग्लैंड में 2007 से कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। इस सीरीज की तैयारियों को देखते हुए कुछ भारतीय खिलाड़ी पहले ही इंग्लैंड पहुंच गए थे जहां वे भारत ए के लिए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैच खेल रहे हैं। भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरा अनौपचारिक टेस्ट मैच नॉर्थम्पटन में खेला जा रहा है।

## जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में खेल लिया अपना आखिरी मैच?

**पेरिस :** 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच का 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का इंतजार बढ़ गया है। जोकोविच को वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जिससे उनका सफर रौलां गैरो पर समाप्त हो गया। जोकोविच ने हार के बाद जिस तरह टेनिस कोर्ट से विदा ली उससे ये संकेत मिल रहे हैं कि इस सर्बियाई खिलाड़ी का फ्रेंच ओपन में यह आखिरी मैच था। सिनर से सेमीफाइनल में मिली हार

सिनर ने तीन घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में जोकोविच को 6-4, 7-5, 7-6 (7-3) से हराया। यह सिनर की जोकोविच के खिलाफ लगातार चौथी जीत है। जोकोविच ने आखिरी बार 2023 में यूएस ओपन का खिताब जीता था जो उनके करियर का 24वां ग्रैंडस्लैम था। इसके बाद से ही इस सर्बियाई खिलाड़ी का 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का इंतजार बढ़ता जा रहा है। जोकोविक ने आखिरी बार सिनर के खिलाफ 2023 एटीपी फाइनल्स में जीत दर्ज की थी। भावुक नजर आए जोकोविच

सिनर के खिलाफ मिली हार के बाद जब जोकोविच टेनिस कोर्ट से विदा ले रहे थे तो वह थोड़े भावुक नजर आए। उन्होंने अपना किट बैग रखा और दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया। जोकोविच ने दर्शकों का उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद उन्होंने लाल बजरी को छुआ और आगे बढ़ गए। जोकोविच के इस व्यवहार ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और इस बात को बल मिलने लगा कि क्या जोकोविच ने रौलां गैरो अपना आखिरी मैच खेल लिया है?

## आउट होने के बावजूद कुछ सेकेंड तक क्रीज पर रुके यशस्वी, फैसले पर जताई नाराजगी



**नई दिल्ली :** भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच के पहले दिन सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अंपायर के फैसले से नाराज दिखे। यशस्वी और केएल राहुल ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पारी का आगाज किया, लेकिन यशस्वी जल्द ही पवेलियन लौट गए। यशस्वी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें दिख रहा है कि वह एलबीडब्ल्यू के निर्णय से खुश नहीं है।

**भारत ए का स्कोर 300 के पार**

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के शतक और ध्रुव जुरेल के अर्धशतक की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में सात विकेट पर 319 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय तनुष कोटियान पांच और अंशुल कंबोज एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड लायंस की ओर से क्रिस वोक्स ने तीन, जॉर्ज हिल ने दो, फरहान अहमद और टॉम हेन्स ने एक-एक विकेट लिया है। इंग्लैंड लायंस ने भारत ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैच के पहले दिन टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ए को यशस्वी जायसवाल और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के रूप में शुरूआती झटके लगे। आईपीएल 2025 के समाप्त होने के बाद केएल राहुल भारत ए टीम से जुड़े और उन्होंने यशस्वी के साथ ओपनिंग की। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 28 रनों की साझेदारी हुई। यशस्वी 26 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 17 रन बनाकर आउट हुए।

**गुस्से में पवेलियन लौटे यशस्वी**

यशस्वी को क्रिस वोक्स ने अपना शिकार बनाया। वोक्स की गेंद यशस्वी के पैड पर लगी और अंपायर ने उन्हें आउट दिया। यशस्वी इस फैसले से खुश नहीं थे और उन्होंने अंपायर की तरफ इशारा करते हुए कहा कि गेंद बाहर जा रही है। हालांकि, ये अनौपचारिक टेस्ट था जिस कारण यशस्वी के पास अंपायर के फैसले को चुनौती देने का अधिकार नहीं था। आउट होने के बाद कुछ सेकेंड के लिए यशस्वी क्रीज पर ही खड़ रहे, लेकिन अंपायर के फिर आउट होने का इशारा करने पर गुस्से में पवेलियन लौटते दिखाई दिए।

## फ्रेंच ओपन: नोवाक जोकोविच को हराकर फाइनल में पहुंचे सिनर

**पेरिस।** टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल में उनका सामना मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज से होगा। अल्काराज ने एक अन्य सेमीफाइनल में लोरेन्जो मुसेत्ती को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी सिनर ने कोर्ट फिलिप शात्रिए पर जोकोविच को 6-4, 7-5, 7-6 (7/3) से हराकर अपना पहला फ्रेंच ओपन फाइनल खेलना तय किया। 23 वर्षीय सिनर ने मैच के बाद कहा, "वो हमारे खेल के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ी हैं, उनके खिलाफ यहां खेलना शानदार अनुभव है। कोर्ट पर उतरने से पहले थोड़ा तनाव होता है, लेकिन मैंने कोशिश की कि उस पर ध्यान न दूं।" 38 वर्षीय जोकोविच ने हमेशा की तरह जुझारूपन दिखाया और तीन घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में खूब संघर्ष किया।

## गुकेश मुझे 2008-09 के अपने दौर की याद दिलाते हैं : मैग्नस कार्लसन




**नई दिल्ली।** नॉर्वे चेस 2025 का खिताब जीतने के बाद शतरंज के पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश की जमकर तारीफ की है। कार्लसन ने कहा कि गुकेश की मौजूदा शैली उन्हें खुद की शुरूआती शतरंज यात्रा, खासकर 2008-09 के दौर की याद दिलाती है। कार्लसन ने कहा, "गुकेश का खेल मुझे उस समय की याद दिलाता है जब मैं शतरंज में उभर रहा था। मैं भी तब कई बार नियंत्रण खो देता था लेकिन परिणाम निकाल लेता था। वर्ष 2008 के लीनारेस टूनार्मेंट में भी ऐसा ही हुआ था जब आनंद पहले स्थान पर आराम से चल रहे थे और मैं काफी अराजक तरीके से खेलते हुए कुछ ऐसे नतीजे निकाल रहा था जो शायद मेरे शुद्ध कौशल से मेल नहीं खाते थे।"

कार्लसन ने माना कि युवा खिलाड़ी सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी भी बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा, "गुकेश और अर्जुन (एरिगैसी) जैसे खिलाड़ी खेल के कई हिस्सों में अभी भी मेरे, फबियानो (कारुआना) और हिकारू (नाकामुरा) जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से पीछे हैं, लेकिन यह स्वाभाविक है, क्योंकि हम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं और उनसे हर पहलू में बराबरी की उम्मीद करना जल्दबाजी होगी।"

**नॉर्वे चेस में गुकेश ने दिखाया दम**

इस टूनार्मेंट में डी. गुकेश ने पहली बार क्लासिकल फॉर्मेट में मैग्नस कार्लसन को हराकर इतिहास रच दिया था और आखिरी राउंड तक खिताब की दौड़ में बने हुए थे। हालांकि अंतिम राउंड में फबियानो कारुआना से हार के बाद वह तीसरे स्थान पर रहे। कार्लसन ने गुकेश के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, "यह बहुत प्रेरणादायक है कि गुकेश इतने खराब पोजिशन में भी मुकाबले में बने रहते हैं और खिताब के लिए चुनौती पेश करते हैं। यह उसी प्रक्रिया का हिस्सा है।

## बिहार में पहली बार टेबल टेनिस टूर्नामेंट का हो रहा आयोजन, पद्मश्री शरद कमल का मिलेगा मार्गदर्शन

पटना। बिहार में पहली बार स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूनार्मेंट 19 से 22 जून के बीच पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (बीएसएसए) के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवींद्र शंकरन ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार में पहली बार आयोजित होने वाले इस टूनार्मेंट का आयोजन खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (बीएसएसए) और बिहार टेबल टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। राज्यस्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूनार्मेंट का आयोजन प्रत्येक राज्य में शीर्ष

## पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड पहुंची भारतीय टीम



**लंदन :** भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए शनिवार को इंग्लैंड पहुंच गई है। दोनों टीमों के बीच 20 जून से पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरूआत करेगी। भारत इस सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना उतरेगी जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस सीरीज में उपकप्तान की भूमिका में होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर वीडियो शेयर किया है जिसमें टीम इंडिया के खिलाड़ी एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। उनके साथ मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मौजूद हैं।

**20 जून से लीड्स में खेला जाएगा पहला मुकाबला**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत भी हो जाएगी। करुण नायर की आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। शार्दुल ठाकुर भी भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। बीसीसीआई ने इंग्लैंड पहुंचने का जो वीडियो शेयर किया है उसमें खिलाड़ी एक दूसरे के साथ हंसी मजाक करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कह रहे हैं, 'रात में बंदे ने चश्मा पहना हुआ है।' वीडियो में गिल भी नजर आए। वहीं, साई सुदर्शन ने कहा, 'भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा बनकर उत्सुक हूं।' इसमें पंत, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे खिलाड़ी भी एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि केएल राहुल, करुण नायर और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ी पहले ही इंग्लैंड पहुंच गए थे और वे इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में हिस्सा ले रहे हैं।

**टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है...**

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

**फास्ट न्यूज**

## शोरूम मैनेजर ने गोदाम में लगाई फांसी

**हाथरस।** शहर के अलीगढ़ रोड स्थित शूज शोरूम के 23 वर्षीय मैनेजर भुवनेश उर्फ रजत ने गोदाम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना आज दोपहर करीब 1 बजे की है। रजत शोरूम के गोदाम में गए और वापस नहीं लौटे। कर्मचारियों को चिंता हुई, तो एक कर्मचारी गोदाम में गया। उसने रजत को फांसी के फंदे पर लटका पाया। आगरा के कालिंदी बिहार कोतवाली क्षेत्र के शाहदरा निवासी रजत रोजाना हाथरस से आगरा का सफर करते थे। करीब 6 महीने पहले खुले इस शोरूम में वह मैनेजर थे। पूछताछ में शोरूम के एक कर्मचारी रुपेश ने बताया कि रजत का एक लड़की से अफेयर था। इस वजह से वह अक्सर परेशान रहते थे। घटना के दिन भी उनकी प्रेमिका से बातचीत हुई थी, जिसके बाद वह तनाव में थे। कुछ दिन पहले उनका दूसरे स्टेट में ट्रांसफर किया गया था। इससे नाखुश होकर उन्होंने इस्तीफा भी दे दिया था। इससे भी वह परेशान थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया। इधर मृतक के पिता ने आशंका जताई है कि उनके बेटे की हत्या की गई है। पूरे मामले की जांच पड़ताल होनी चाहिए। मेरा बेटा तो आज राजी खुशी अपने घर से ड्यूटी पर आया था।

## श्रद्धालुओं की बस में दौड़ा करंट, एक की मौत

**हाथरस।** कस्बे के मथुरा बस अड्डा पर पर दुखद घटना सामने आई। वैष्णो देवी से लौट रही श्रद्धालुओं की बस में करंट दौड़ जाने से हड़कंप मच गया। बस की छत से सामान उतारने के दौरान एक श्रद्धालु की करंट से दुखद मौत हो गई। महिला सहित अन्य दो लोग भी करंट लगने से झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिए आगरा भेजा गया है। मौके पर एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एसपी ने शनिवार को बताया बस में करीब 65-70 यात्री सवार थे। यह बस करीब आठ दिन पहले सादाबाद, कजरौठी, बिसावर, मई, एत्मादपुर और आसपास के गांवों से श्रद्धालुओं को लेकर वैष्णो देवी और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए गई थी। शनिवार सुबह बस जब मथुरा बस अड्डा के निकट आकर रुकी तो श्रद्धालु घरों की तरफ जाने लगे। कुछ श्रृद्धालुओं का सामान बस की छत पर रखा। जब श्रद्धालु बस की छत से सामान उतार रहे थे, तब एक श्रद्धालु हाइवोल्टेज लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से बस में सवार कजरौठी निवासी 40 वर्षीय संजय कुमार की मौत हो गई।

# महाकुंभ की स्मृति को ताजा रखेगी सरकार

□ रामनगरी अयोध्या से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया त्रिवेणी वन का आगाज □ पर्यावरण को समृद्ध बनाने, वायु शुद्धता, भूमि पोषण और जैव विविधता की तरफ सकारात्मक कदम □ त्रिवेणी वन में लगाए जाएंगे नीम, पीपल व बरगद के पौधे □ यूपी के सभी जनपदों में बसाए जाएंगे वन

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ :** योगी सरकार पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2025 के अंतर्गत 35 करोड़ पौधरोपण करेगी। 2025 में महाकुम्भ की स्मृतियों को ताजा रखने के लिए सभी 75 जनपदों में योगी सरकार की तरफ से त्रिवेणी वन भी लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण दिवस पर 5 जून को अयोध्या में त्रिवेणी वन का आगाज किया था। आध्यात्मिक रूप से त्रिदेव व त्रिवेणी को ध्यान में रखकर इस वन की स्थापना होगी। वहीं विभाग ने इस वन के माध्यम से पर्यावरण को समृद्ध बनाने, वायु शुद्धता, भूमि पोषण और जैव विविधता की तरफ सकारात्मक कदम बढ़ाया है।



**महाकुम्भ की स्मृति में नदियों किनारे बसाए जाएंगे त्रिवेणी वन**

योगी सरकार के नेतृत्व में इस वर्ष महाकुम्भ का अद्वितीय आयोजन हुआ। इसकी स्मृतियों को संजोए रखने के लिए नदियों के किनारे त्रिवेणी वन बसाए जाएंगे। इसके अंतर्गत तीन पौधे (नीम, बरगद व पीपल) को रोपा जाएगा। योगी सरकार के निर्देश पर सभी 75 जनपदों में त्रिवेणी वन स्थापित होगा। इसकी शुरूआत पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या से कर दी है। जुलाई में होने वाले पौधरोपण महाभियान में हर जनपद में इसकी स्थापना की जाएगी। मिशन से जुड़े अधिकारी इसके संरक्षण पर भी जोर देंगे।

**त्रिवेणी का आध्यात्मिक महत्वः तीन पेड़, एक उद्देश्य पृथ्वी को समृद्ध बनाना**

त्रिवेणी का आध्यात्मिक महत्व भी है। नदियों में गंगा, यमुना व सरस्वती को त्रिवेणी कहा जाता है। वहीं ब्रह्मा, विष्णु, महेश को त्रिदेव माना जाता है। ऐसे ही नीम, बरगद व पीपल को त्रिवेणी वन के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। पूर्वजों ने त्रिवेणी की सुंदर परंपरा का उपहार दिया, जिसमें नीम, बरगद और पीपल के पेड़ों को सद्भाव में जोड़ा गया है। वे शुद्धता और विकास के प्रतीक हैं, साथ ही हवा की शुद्धता, जैव विविधता और भूमि के पोषण में सहायक होते हैं। इसी निमित्त वन विभाग ने 2025 के अभियान में त्रिवेणी वन की स्थापना का निर्णय लिया है।

**नर्सरियों में 52.33 करोड़ पौधे तैयार**

पौधरोपण महाभियान-2025 के लिए नर्सरियों में 52.33 करोड़ पौधे तैयार किए जा चुके हैं। इसमें सिर्फ वन विभाग की नर्सरियों 5.75 करोड़ औषधीय पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें नीम के लगभग 52 लाख, बरगद के 29 लाख व पीपल के 29 लाख पौधे तैयार किए गए हैं।

### माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को जल साक्षर बनाएगी योगी सरकार, गंगा की निर्मलता होगी अभियान का हिस्सा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार शिक्षा में छात्रों को एकेडमिक शिक्षा के साथ राष्ट्र बोध और नैतिक दायित्व बोध के साथ जोड़ने का प्रयत्न कर रही है। प्रदेश में माध्यमिक विद्यालयों के लिए जारी एकेडमिक कैलेंडर में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत इन्हें शामिल करने पर बल दिया जा रहा है। गंगा नदी की निर्मलता और अविरलता भी उसी का हिस्सा है। राष्ट्र निर्माण की प्रथम पाठशाला हैं विद्यालय जिनमें माध्यमिक विद्यालयों की भूमिका सर्वोपरि मानी गई है।

## सुक्खू सरकार की गारंटियों की राह देख रहे लोग : जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की जनता आज भी कांग्रेस सरकार की गारंटियों के पूरे होने की राह देख रही है। जिस योजना के वादे कर कांग्रेस सत्ता में आई थी, अब उसी जनता से 10-10 रुपये की वसूली की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर केवल घोषणा करने तक सीमित रह गए हैं।



जयराम ठाकुर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला महासू की ठियोग में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण फालटा ने की। जयराम ठाकुर ने केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जबकि यूपीए शासनकाल में यह 11वें पायदान पर था। तीन तलाक, अनुच्छेद 370 और राम मंदिर जैसे ऐतिहासिक निर्णय भी मोदी सरकार में संभव हुए।

स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर निशाना साधते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में पहले जहां जांचें मुफ्त होती थीं, अब पर्ची के लिए भी 10 रुपये वसूले जा रहे हैं। उन्होंने कटाक्ष किया कि सरकार रोबोटिक सर्जरी की बात तो करती है, लेकिन आम मरीजों को सीटी स्कैन, एमआरआई जैसे सामान्य टेस्ट के लिए भी महीनों इंतजार करना पड़ता है।

ओपीएस पर भी सरकार को घेरते हुए ठाकुर ने कहा कि पहले पुरानी पेंशन बहाल करने की बात की गई थी, अब यूपीएस की चर्चा हो रही है।

## मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार सुबह अपनी रोज की आदत के अनुसार नगर के मल्लीताल क्षेत्र में सुबह की सैर पर निकले और नगर के पंत पार्क क्षेत्र में भाजपा के जनपद अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, नैनीताल की विधायक सरिता आर्य व नगर मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प एक पेड़ मां के नाम अभियान का पौधरोपण कर शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री के इस भावनात्मक अभियान को मातृप्रेम से जुड़ी जनभागीदारी का अनुपम उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है, बल्कि हमें अपनी माताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक भावनात्मक माध्यम भी प्रदान करता है। इस दौरान पंत पार्क में बुरांश, तेजपत्ता जैसे स्थानीय उपयोगी व छायादार वृक्षों का पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, स्वयं सेवकों, विद्यार्थियों व आमजन की भी सक्रिय भागीदारी रही।

**अभियान**

□ हमें अपनी माताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक भावनात्मक माध्यम भी प्रदान करता है

## मुख्यमंत्री भजनलाल की पुष्कर यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**अजमेर।** मुख्यमंत्री की सोमवार को पुष्कर की प्रस्तावित यात्रा को लेकर प्रशासन और पुलिस अलर्ट हो गई है। उपखंड कार्यालय में बैठक करने के बाद अधिकारियों ने ब्रह्मा मंदिर, पवित्र सरोवर और हेलीपैड स्थल का किया निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ब्रह्मा मंदिर के दर्शन, पवित्र सरोवर की पूजा अर्चना के साथ जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बताया जाता है कि वे वंदे गंगाजल आयोजन के सिलसिले में अजमेर, केकड़ी अन्य स्थानों पर यात्रा के लिए आ रहे हैं। इस बीच अजमेर पुष्कर तीर्थ पुरोहितों ने पुष्कर सरोवर की दुर्दशा को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए अधिकारियों को शिकायत की है।



ब्रह्म घाट पर निरीक्षण के दौरान तीर्थ पुरोहित ओमप्रकाश पाराशर के नेतृत्व में अधिकारियों को सरोवर की हो रही दुर्दशा को लेकर शिकायत की गई। इस दौरान एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह, उपखंड अधिकारी गौरव कुमार मित्तल, एडिशनल एसपी दीपक कुमार शर्मा, सीओ ग्रामीण रामचंद्र चौधरी, पुष्कर नगर परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा, वन विभाग के मानसिंह, जलदाय विभाग से भोलाराम सिंह रावत, तहसीलदार दिनेश यादव सहित कई अधिकारी मौजूद थे। पुरोहितों ने बताया कि पुष्कर सरोवर के घाटों की साफ सफाई को लेकर कोई इंतजाम नहीं हैं।

**अव्यवस्था**

□ पुष्कर सरोवर घाटों पर गंदगी व अव्यवस्था पर पुरोहितों ने दर्शाई नाराजगी

## कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाला बीईओ जगदलपुर निलंबित

**जगदलपुर।** कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह के अनुमोदन के आधार पर प्रभारी कलेक्टर प्रतीक जैन द्वारा कर्तव्य में गम्भीर लापरवाही बरतने के कारण खण्ड शिक्षा अधिकारी जगदलपुर एमएस. भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन के निदेर्शानुसार बस्तर जिले में युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

## हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाई गई बकरीद

**भागलपुर।** जिले भर में शनिवार को बकरीद का पर्व पूरे उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। जिले के प्रमुख ईदगाह मैदानों और मस्जिदों में हजारों लोगों ने एकत्र होकर बकरीद की विशेष नमाज अदा की और देश और समाज में अमन-चैन की दुआ मांगी। शहजांगी, बरहपुरा, चंपानगर, सीटीएस मैदान, ततारपुर, अलीगंज, बरारी, खंजरपुर आदमपुर समेत भागलपुर के तमाम क्षेत्रों में सुबह से ही नमाजियों का हुजूम देखने को मिला। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। बकरीद के इस मौके पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। एक दिन पहले ही जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदयकांत, डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला था और नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की थी। आज पर्व के दिन पूरे जिले में पुलिस बल को तैनात किया गया। संवेदनशील इलाकों में विशेष पुलिस टीमों की तैनाती की गई थी। प्रमुख चौक-चौराहों पर सघन गश्ती और ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की गई।




## राज्यपाल ने हल्दीघाटी और चेतक समाधि पर नमन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को मेवाड़ की गौरवमय धरा हल्दीघाटी पहुंचकर वहां की भूमि को प्रणाम किया। उन्होंने हल्दीघाटी की मिट्टी से अपना तिलक करते हुए कहा कि यहां की मिट्टी भारत के शौर्य, साहस, पराक्रम, विजय एवं आत्मोत्सर्ग की प्रेरणादायी गाथाओं का इतिहास लिए राष्ट्र का गौरव है। बाद में उन्होंने हल्दीघाटी में चेतक समाधि और संग्रहालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने वहां वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं महाराणा प्रताप संग्रहालय भ्रमण के दौरान उन्होंने महाराणा प्रताप के त्याग, तपस्या और बलिदान की



**रिकॉर्डतोड़**

*गर्मी में भी तय शेड्यूल से ज्यादा बिजली देकर लोगों को दी राहत*

## *भीषण गर्मी में योगी सरकार ने दी राहत, बिजली आपूर्ति में पेश की मिसाल*

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** अप्रैल और मई 2025 में जब पूरा उत्तर प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में था तब योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति को लेकर एक अनुकरणीय मिसाल पेश की। रिकॉर्डतोड़ गर्मी के बावजूद प्रदेश के ग्रामीण इलाकों से लेकर जिला मुख्यालयों तक बिजली आपूर्ति न सिर्फ शेड्यूल के मुताबिक रही, बल्कि तय घंटों से ज्यादा बिजली दी गई। सरकार की इस सजगता ने न सिर्फ जनता को राहत दी, बल्कि प्रदेश को एक नया मॉडल भी दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) के अनुसार अप्रैल 2025 में पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जो सामान्य से 3 से 5 डिग्री अधिक था। वहीं मई में तो कई जिलों में पारा 45 डिग्री से ऊपर चला गया। 16 मई को बांदा में 46.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ, जो उस दिन देश का सबसे अधिक तापमान था। प्रयागराज, कानपुर, झांसी और वाराणसी जैसे शहरों में भी लगातार लू का प्रकोप बना रहा।



मई के मध्य में राज्य के कई हिस्सों के लिए लू की चेतावनी जारी की थी, विशेषकर दक्षिणी जिलों के लिए। लेकिन इस विकट स्थिति में भी योगी सरकार ने न सिर्फ बिजली आपूर्ति बनाए रखी, बल्कि उसे अपेक्षा से बेहतर करके दिखाया।

**तय शेड्यूल से भी ज्यादा बिजली**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल और मई में यूपी की चारों प्रमुख डिस्कॉम इकाइयों (पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल और पश्चिमांचल) के साथ-साथ केस्को के तहत बिजली आपूर्ति के आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि प्रदेश सरकार ने हर स्तर पर पूरी तैयारी कर रखी थी।